धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, शनिवार

22.06.2024

* * नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 338



12 होने वाले दामाद जहीर से मिले शत्रुघ्न सिन्हा




## न्यूज डायरी

### एसीबी ने घूस लेते नेपाल हाउस से दो को दबोचा

रांची। झारखंड एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को नेपाल हाउस से जल संसाधन विभाग के सेक्शन ऑफिसर समेत दो को घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने सेक्शन ऑफिसर ममता झरना और क्लर्क विजय कुमार को 15 हजार रूपया घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जल संसाधन विभाग में ही पदस्थापित रही मेरी नाग नाम की महिला की शिकायत के आधार पर एसीबी ने यह कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक झारखंड मंत्रालय में पहली बार एसीबी घुस लेते किसी को पकड़ा है। इस संबंध में एसीबी रांची ने एसीबी थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की है। बाद में दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### केजरीवाल की रिहाई पर लगी अंतरिम रोक

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले के एक मामले के आरोपी सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के यहां की एक विशेष अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी।

### अवैध शराब से मरने वालों की संख्या 50 पहुंची

चेन्नई। तमिलनाडु के चिकित्सा शिक्षा निदेशक ने शुक्रवार को बताया कल्लाकुरिची जिले में विषाक्त शराब पीने से मरने वालों का आंकड़ा 50 पहुंच गया है। इस मामले में तीन आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### शेखर कुशवाहा की फिर बढ़ी रिमांड अवधि

रांची। जमीन घोटाला मामले शेखर कुशवाहा की रिमांड अवधि चार दिन और बढ़ गयी। पीएमएलए कोर्ट में पेशी के बाद ईडी की मांग पर अवधि बढ़ी।




# योग से युवाओं को रोजगार के नये मौके मिले : मोदी

## पूरी दुनिया योग के रंग में दिखी, इस बार की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी'

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत से निकली योग की अलख अब पूरे विश्व में फैल चुका है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पूरा देश एक बार फिर योग के रंग में रंग गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर पीएम मोदी तक ने योग और ध्यान लगाया। भारत की पहल पर 2014 में यूएनओ ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। इस बार की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' ('स्वयं और समाज के लिए योग) है। इस मौके पर पीएम मोदी ने शुक्रवार को श्रीनगर से 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, योग से युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा हो रहे हैं। युवाओं के लिए यह काफी सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा, एक दशक में दुनिया में योग का तेजी से विस्तार हो रहा है और इससे योग से जुड़ी धारणाएं बदली हैं। मोदी ने योग कार्यक्रम में भाग लेने वालों के साथ बाद में मुलाकात की और उनके साथ मोबाइल फोन से ली गयी सेल्फी को सोशल मीडिया पर साझा किया।



### योग की नयी अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है

श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एसकेआईसीसी) में मोदी ने योग किया और कहा कि दुनिया पिछले 10 वर्षों से एक नयी योग अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ते हुए देख रही है। उन्होंने कहा, दस साल पहले मैंने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। भारत के प्रस्ताव को 177 देशों ने समर्थन दिया, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। ऋषिकेश और काशी से लेकर केरल तक, हम भारत में योग पर्यटन के एक नए चलन को उभरते हुए देख सकते हैं।

### पीएम बोले जम्मू-कश्मीर योग साधना की भूमि

पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर योग साधना की भूमि है। उन्होंने कहा कि मैं अब दुनिया में जहां भी जाता हूं, वैश्विक नेता अब योग की बातें करते हैं। जिसे भी मौका मिलता है, वह योग की चर्चा शुरू कर देता है। दुनियाभर से लोग ऑथेंटिक योग सीखने भारत आते हैं। आज पूरी दुनिया में योग करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लोगों में योग के प्रति आकर्षण बढ़ा है। पीएम ने कहा यह उत्सव देश और विदेश में कई स्थानों पर आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य योग के अभ्यास के माध्यम से वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए हजारों प्रतिभागियों को एक साथ लाना है।

# इंतजार खत्म : मॉनसून पहुंच गया है झारखंड

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आमलोग जिसका बेसब्री से इतजार कर रहे थे, वो खत्म हो गया और मॉनसून झारखंड में प्रवेश कर गया है। छह दिन कि देरी के बाद शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिम मॉनसून झारखंड में उत्तरी सीमा पाकुड़ और साहिबगंज पहुंच चुका है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों में पूरे झारखंड में मॉनसून पहुंचने की संभावना है। झारखंड में आने वाले दिनों में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है।

### 25 को भारी बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग के अनुसार, 24 जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा की संभावना है। वहीं 25 जून को उत्तर-पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों रांची समेत रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा के झोंके के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

### जून में 65 प्रतिशत कम बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में 21 जून तक 65 प्रतिशत कम बारिश हुई है। 21 जून तक सामान्य बारिश का आंकड़ा 101.5 एमएम है, जबकि अभी तक झारखंड में 36 एमएम ही बारिश हुई है। सबसे कम बारिश गढ़वा में 6.2 एमएम हुई है। यहां 91 प्रतिशत कम बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश धनबाद में 72.2 एमएम हुई है।

## उच्च शिक्षा में आर्थिक तंगी नहीं बनेगी बाधा: सीएम

# अब बच्चों को मिलेंगे 15 लाख तक के शिक्षा ऋण

**समीक्षा बैठक में सीएम**

- उत्कृष्ट शिक्षा देने के प्रति सरकार प्रतिबद्ध
- छोटे शहरों में खुल रहे नये डिग्री कॉलेज
- स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल का किया शुभारंभ
- मेधावी बच्चों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। सीएम चंपई सोरेन ने कहा है कि राज्य का कोई भी विद्यार्थी आर्थिक तंगी की वजह से उच्च और तकनीकी शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। इस दिशा में सरकार की ओर से कई योजनाएं शुरू की गयी हैं। इन योजनाओं का लाभ यहां की गरीब और मेधावी विद्यार्थियों को आसानी से मिले। उन्होंने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के गो लाइव ऑफ स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल का शुभारंभ किया। इसके तहत जिन विद्यार्थियों का चयन उच्च शिक्षण संस्थान के लिए हो चुका है, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उन्हें सरकार द्वारा इस योजना के लिए जिन बैंकों के साथ इकरारनामा किया गया है, उनके द्वारा 15 लाख रुपये तक का शिक्षा लोन उपलब्ध कराया जायेगा। श्री सोरेन शुक्रवार को मंत्रालय में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में बोल रहे थे। इसके पूर्व सीएम ने उद्योग विभाग के कार्य प्रगति की समीक्षा की। (शेष 11 पर)

### जमीन कारोबारी कमलेश के ठिकानों पर इडी रेड

**घर से 100 कारतूस और एक करोड़ कैश बरामद**

रांची। जमीन घोटाले से जुड़े मामले में इडी ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार रांची के जमीन कारोबारी कमलेश के ठिकानों पर छापामारी की। कांके रोड और चेशायर होम स्थित कमलेश के ठिकानों पर छापेमारी में घर से 100 कारतूस और एक करोड़ रुपये कैश बरामद किये गये। बताया जाता है कि पिछले 10 सालों के दौरान कमलेश कुमार ने जमीन के कागजातों में हेरा फेरी कर करोड़ों की संपत्ति जमा की है। रांची जमीन घोटाले में गिरफ्तार कई आरोपियों के द्वारा कमलेश कुमार को लेकर चौंकाने वाली जानकारियां ईडी को दी थी। पूर्व फोटोपत्रकार रहे कमलेश कुमार धीरे-धीरे जमीन के धंधे से जुड़ा और कई विवादित जमीन की खरीद बिक्री में उनकी भागीदारी बढ़ती गयी। (शेष 11 पर)

### धनबाद में इंजीनियरिंग के छात्र की हत्या

धनबाद। शुक्रवार को अज्ञात बदमाशों ने 25 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने हत्या की पुष्टि की। ये घटना विधि कॉलेज तेलीपारा के पास की है। स्थानीय लोगों ने सुबह करीब साढ़े पांच बजे युवक को खून से लथपथ हालत में देखा।

# झारखंड समेत चार राज्यों में विस चुनाव की तैयारी 25 से

## पुनर्गठन के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार चुनाव कराये जाने हैं

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने झारखंड, हरियाणा, महाराष्ट्र और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में विधान सभा चुनावों की तैयारियों की प्रक्रिया 25 जून से शुरू करने की शुक्रवार को घोषणा की। इसके तहत मतदाता सूचियों को अद्यतन बनाने का काम पहली जुलाई से शुरू होगा। जम्मू-कश्मीर में पुनर्गठन के बाद पहली बार विधान सभा चुनाव कराये जाने हैं। वहीं उपरोक्त तीनों राज्यों में विद्यमान विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 26 नवंबर 2024, तीन नवंबर तथा पांच जनवरी 2025 को समाप्त होने जा रहा है। आयोग ने शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि इन चारो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) से पहले का कार्यकलाप 25 जून से शुरू किया जा रहा है। इसमें सामूहिक आवास समितियों, मलिन बस्तियों, शहरी क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं के लिए सबसे सुविधाजनक स्थानों पर मतदान केंद्रों की स्थापना/ मतदान केंद्रों को तर्कसंगत या उनके पुनर्व्यवस्थापन और मतदाता सूची को अद्यतन बनाने के लिए पुनरीक्षा के पहले का काम शुरू किया जायेगा। इन राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अद्यतन करने का काम एक जुलाई 2024 को अर्हक तिथि के रूप में आरंभ किया जायेगा। चारो जगह मतदान केंद्रों आदि में संशोधन से पहले के कार्यों के अंतर्गत बीएलओ के माध्यम से घर-घर सत्यापन 25 जून 2024 से कराया जायेगा। (शेष 11 पर)





## खबर एक नजर में

### जवाब नहीं देने पर सरकार को एक हजार का जुर्माना

**रांची।** गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की क्रिमिनल याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगा है। अदालत ने जवाब दाखिल करने के लिए दुबारा समय मांगे जाने पर जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का भी निर्देश देते हुए निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई विस्तार दिया है।

### संजीव लाल ने जमानत की अर्जी दाखिल की

**रांची।** टेंडर कमीशन के 32.30 करोड़ रुपये नकद बरामदगी मामले में आलमगीर आलम के ओएसडी निलंबित संजीव कुमार लाल ने शुक्रवार को जमानत की गुहार लगाते हुये पीएमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। दाखिल अर्जी पर शनिवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। आरोपी संजीव लाल ने गिरफ्तारी के 46 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है।

### शेखर कुशवाहा से और चार दिन होगी पूछताछ

**रांची।** जमीन घोटाला के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े मामले में गिरफ्तार गाड़ीगांव निवासी शेखर महतो उर्फ शेखर कुशवाहा से ईडी की पूछताछ आगे भी जारी रहेगी। अदालत ने शेखर कुशवाहा की ईडी रिमांड अवधि और चार दिन बढ़ा दी है। इससे पूर्व शुक्रवार को आरोपी की तीन दिन की ईडी रिमांड अवधि पूरी होने के बाद पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। साथ ही, ईडी की ओर से और पांच दिन रिमांड बढ़ाने का आवेदन दिया गया। सुनवाई प्के बाद अदालत ने चार दिन की अनुमति प्रदान की।

### 28 सितंबर को झारखंड बचाओ महारैली

**रांची।** झारखंड तीसरा मोर्चा की बैठक शुक्रवार को बहुजन सदान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चेतलाल महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में थर्ड फ्रंट के प्रमुख को-ऑर्डिनेटर विजय सिंह ने कहा कि झारखंडी जनता को एक विकल्प देने के लिए थर्ड फ्रंट आगामी विधानसभा चुनाव में सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी करेगी। उन्होंने बताया कि 28 सितंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड तीसरा मोर्चा के बैनर तले झारखंड बचाओ महारैली करने की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की, कहा

# बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करेगी सरकार, ग्राम उद्योग को भी बढ़ावा

**लघु, कुटीर एवं छोटे-छोटे ग्रामोद्योगों को देंगे बढ़ावा**

**तसर एवं सिल्क उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनायें**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शुक्रवार को अधिकारियों की उपस्थिति में उद्योग विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बड़े-बड़े इंडस्ट्री के साथ-साथ लघु, कुटीर एवं छोटे-छोटे ग्रामोद्योगों को हर हाल में बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योगों से जोड़कर गरीब, किसान तथा जरूरतमंद लोगों के आय में वृद्धि लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सिल्क और तसर उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं। उन्होंने झारक्राफ्ट तथा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनायें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य में धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनायें दिख रही हैं। राज्य खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट के प्रतिनिधि महिलाओं को धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रेरित करें। तसर, रेशम कोकून की प्रोसेसिंग तथा धागा तैयार करने की ट्रेनिंग महिलाओं को अवश्य दें। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं को खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है उन्हें राज्य सरकार की नीति के तहत 35 प्रतिशत सब्सिडी देकर उपकरण भी उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत राजनगर में स्थापित खादी पार्क में विभिन्न प्रकार के वस्त्र निर्माण उद्योग के लिये एक बेहतर कार्य योजना बनायें।

### बंद उद्योग शुरू होंगे तो रोजगार मिलेगा

मुख्यमंत्री ने झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुये कहा कि जियाडा अंतर्गत वैसे औद्योगिक यूनिट जो स्थापित होने के बाद किसी कारणवश बंद पड़े हैं, उनका सर्वेक्षण करें। उन्होंने निर्देश दिया कि बंद पड़े औद्योगिक इकाइयों का नये सिरे से एलॉटमेंट कर उन्हें पुनर्जीवित करें। बंद पड़े औद्योगिक इकाइयां पुनर्जीवित होंगी तो हजारों की संख्या में लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बनाई गई औद्योगिक नीति के तहत 75 प्रतिशत नियोजन स्थानीय लोगों को मिले यह हर हाल में सुनिश्चित की जाये। जिस क्षेत्र में औद्योगिक संस्थाएं स्थापित हुई हैं उन क्षेत्रों के स्थानीय लोगों को नियोजन में प्राथमिकता मिलनी चाहिये। उन्होंने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, रांची के निर्माण कार्य एवं जिला उद्योग केंद्र की मरम्मत सहित जिडको की कई योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर प्रधान सचिव अविनाश कुमार, उद्योग विभाग के सचिव प्रवीण टोप्पो, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, एमडी जियाडा शशि रंजन, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, सीईओ राज्य खादी बोर्ड सुमन पाठक, एमडी झारक्राफ्ट कृति श्री, निदेशक हस्तकरघा आकांक्षा रंजन सहित जिडको के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत

**झारखंड के भी लंबित वादों का होगा निपटारा**

**सीएस ने कोर्ट केस की स्थिति पर समीक्षा को लेकर बैठक बुलायी**

**रांची।** उच्चतम न्यायालय में 29 जुलाई से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसमें झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित वादों का भी निष्पादन होगा। मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने लंबित वादों के निष्पादन के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ 24 जुलाई को एक बैठक बुलायी है। प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में होने वाली इस बैठक में कार्मिक विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, खाद्य आपूर्ति, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पथ निर्माण, परिवहन, उद्योग एवं खान एवं भू तत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व सचिव साथ बैठक करेंगे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा**

**शुद्धि - पत्र**

इस कार्यालय के ज्ञापांक-620, दिनांक-10.06.2024 द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सडक योजना अन्तर्गत आमंत्रित अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्यां- **12/2023-24/RWD/EE/KODERMA, दिनांक-10.06.2024, PR-326073 Rural Work Department(2024-25)** से प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह०/-
कार्यपालक अभियंता,
ग्रा०का०वि०, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

PR 327152 Rural Work Department(24-25)#D



**कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार**
Sadar Hospital Campus, Latehar.
E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

ज्ञापांक-............/दिनांक-............/

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जिला लातेहार अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के अधीन सिविल सर्जन, लातेहार के विभागीय कार्यो के दैनिक उपयोग हेतु बाह्यस्रोत (Outsource) के तहत किराये पर वाहन लिये जानें हेतु इच्छुक ट्रेवल एजेंसी/फर्म/वाहन आपूर्तिकर्ताओं से सिलबंद निर्धारित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्नरूपेण अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| | Name of Work | Description |
|---|---|---|
| 1 | Requirement of Vehicle (Bolero) on Rent | Rate Contract for Vehicle (Bolero) on Rent from Outsource/ |
| 2 | Tender Fee | Rs 2000.00 (Two Thousand Rupees only) Non Refundable |
| 3 | EMD Fee | Rs 25000.00 (Twenty Five Thousand Rupees only) |
| 4 | Last Date/time for Submission of bids (Online) | 06.07.2024 till 05.00 P.M |
| 5 | Bid Opening Date (Technical) | 08.07.2024 at 12.30 P.M (C.S. Office Latehar) |
| 6 | Name & Address of office inviting tender (Procurement Officer) | Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer, Sadar Hospital Campus, Latehar |
| 7 | Contact no. of procurement officer | 7903651269 |
| 8 | Helpline number. | 8340654868 |

Note: Further details can be seen, downloaded through website http://latehar.nic.in.

Civil Surgeon Cum
Chief Medical Officer, Latehar.

PR 327194 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D



**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, हजारीबाग**
(अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)
Email Id-dwohazaribag@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**
**नामांकन सूचना**

प्रेझा फाउंडेशन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के विशेष प्रयोजन से झारखण्ड राज्य की बलिकाओं के लिए नर्सिंग कौशल कॉलेज में राज्य नर्सिंग काउंसिल द्वारा प्रमाणित 2-वर्षीय ए.एन.एम. नर्सिंग कोर्स हेतु आवेदन जारी है। **इच्छुक उम्मीदवार जो मूलतः झारखण्ड के निवासी हैं, जिनकी उम्र सीमा 17 से 30 वर्ष है एवं 12वीं पास हैं, वो http://app.prejha.org पर जा कर निःशुल्क आवेदन कर सकते है।**

| | |
|---|---|
| आवेदन करने की अंतिम तिथि | 30 जून 2024 |
| परीक्षा की तिथि | 06 जुलाई 2024 |

**अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:- मो0- 6204800173, 6200026073 एवं 9153963548**
**राँची हेल्प लाईन नं0- 6204800180**
विशेष जानकारी हेतु जिला कल्याण, हजारीबाग /कल्याण गुरूकुल, ईचाक में संपर्क किया जा सकता है।

ह/-
जिला कल्याण पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR 327276 (Welfare) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची**

**निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या-06/2024-25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 12.07.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 13.07.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.07.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.) | अग्रधन की राशि (रू.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Outer Surface with painting of Superspeciality Building attached to RIMS, Ranchi | 4549900.00 | 5000.00 | 91000.00 | 4 Months |

नोट : निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची

PR 327262 Building(24-25).D


## सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने टीवीएनएल के एमडी के खिलाफ खोला मोर्चा

### टीवीएनएल में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान कराया आकृष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने ललपनिया स्थित तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन (टीवीएनएल) में व्याप्त भ्रष्टाचार और इसमें शामिल मौजूदा प्रभारी प्रबंध निदेशक अनिल कुमार शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इसको लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का भी ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा है कि टीवीएनएल में जिस प्रकार से भ्रष्टाचार व्याप्त है और मौजूदा प्रभारी प्रबंध निदेशक पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभारी प्रबंध निदेशक के पद से हटाकर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही किसी योग्य पदाधिकारी को टीवीएनएल की जवाबदेही दी जाए।

उन्होंने कहा कि टीवीएनएल में भारी भ्रष्टाचार, नियुक्ति में अनियमितता, विस्थापितों के समझौता के अनुसार नियोजन व मुआवजा भुगतान में अनियमितता किया जा रहा है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्हें टीवीएनएल में प्रभारी प्रबंध निदेशक के द्वारा संगठित रूप से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है इसकी जानकारी हमें प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत वर्ष 2021 में प्रबंध निदेशक अरविंद कुमार सिंह के विरुद्ध आरोप लगाकर उन्हें त्यागपत्र देने के लिए मजबूर किया गया और एक जूनियर अधिकारी अनिल कुमार शर्मा को प्रबंध निदेशक का प्रभार दिया गया। मौजूदा समय में अनिल कुमार शर्मा महाप्रबंधक और प्रबंध निदेशक दोनों के प्रभार में है जबकि डीपीओ एंड वर्क एंड प्रोक्योरमेंट पॉलिसी 2012 में टीवीएनएल का महत्वपूर्ण प्रबंधकीय निर्णय व वित्तीय शक्ति उक्त दोनों पद पर निहित है। इस प्रकार विगत 3 वर्षों से प्रभार में चल रहे एक व्यक्ति के द्वारा दोनों प्रकार का निर्णय किया जा रहा है।

## नीट परीक्षा परिणाम विवाद मामले में कांग्रेस भाजपा आमने-सामने

### भाजपा शासित प्रदेश नीट पेपर लीक का है केंद्र बिन्दु : कांग्रेस



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नीट और यूजीसी नेट परीक्षा में भ्रष्टाचार के खिलाफ शुक्रावर को कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन के साथ झारखंड की राजधानी रांची में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध मार्च के साथ साथ प्रदर्शन किया गया। रांची के शहीद चौक से राजभवन तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च और प्रदर्शन में भाग लिया। कांग्रेस नेताओं ने शिक्षा में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर बीजेपी और केंद्र सरकार पर जमकर प्रहार किया।

**पिछले पांच वर्षों में 43 भर्ती परीक्षा के पेपर हुए लीक :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पिछले पांच वर्ष में 43 भर्ती परीक्षाओं का पेपर लीक हुआ है। युवाओं का देश कहे जाने वाले भारत में आज युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। केंद्र की भाजपा सरकार इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बनाने पर तुली है। पिछले 10 साल में युवाओं का भविष्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा रहा है।

राजेश ठाकुर ने कहा कि पेपर लीक का सबसे बड़ा कारण है बीजेपी ने पूरे सिस्टम को कैप्चर कर रखा है, इसलिए इसके तार भाजपा शासित राज्यों से जुड़े हुए हैं। जब तक पूरा सिस्टम दुरूस्त नहीं होगा तब तक पेपर लीक चलता रहेगा। राजेश ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी। पार्टी पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अविलंब इस्तीफा की मांग करती है। केंद्र सरकार अविलंब नीट की परीक्षा रद्द करे।

### जेएसएससी परीक्षा में 25-25 लाख में बिके प्रश्न पत्र पर कांग्रेस मौन : प्रतुल शाहदेव

**भाजपा ने नीट परीक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदर्शन को बताया नौटंकी**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के द्वारा नीट के मुद्दे पर हुये प्रदर्शन को नौटंकी करार दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जेएसएससी की स्नातक स्तरीय परीक्षा में 25-25 लाख में प्रश्न पत्र लीक करने का मामला सामने आया। उस समय कांग्रेस खामोश रही। उसके ठीक पहले जूनियर इंजीनियर की परीक्षा में भी प्रश्न पत्र लीक हुआ था और परीक्षा रद्द करनी पड़ी। उस समय भी कांग्रेस को सांप सूंघ गया था। लगातार प्रश्न पत्र लीक के मुद्दे पर चुप्पी कहीं ना कहीं कांग्रेस का हाथ पेपर लीक करने वाले गिरोह के साथ होने की ओर इशारा कर रही है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के पीए प्रीतम पर भी सिकंदर यदुवंदी के साथ नीट के प्रश्न पत्र लीक होने के आरोप पर भी कांग्रेस आश्चर्यजनक रूप से खामोश है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने साफ कहा है कि .001 प्रतिशत छात्रों के साथ भी अन्याय नहीं होगा। सरकार न्यायालय के आदेश के अनुसार चलेगी। केंद्र सरकार पटना पुलिस के भी रिपोर्ट का इंतजार कर रही है जहां प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप लगा था।

उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है।तभी नेट की परीक्षा रद्द हो गई और इसकी सीबीआई जांच की शुरूआत भी हो गई है।

वहीं, दूसरी तरफ झारखंड में स्नातक स्तरीय परीक्षा प्रश्न पत्र लीक में गठित एसआईटी ने सिर्फ प्यादों की गिरफ्तारी की थी।असली मास्टरमाइंड आज भी उनकी पकड़ से बाहर है। जाहिर तौर पर उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त है।

# खनन विभाग के प्रधान सचिव हाईकोर्ट तलब

**सारंडा में डंप लौह अयस्क को हटाने का मामला**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सारंडा के जंगल में डंप किए हुए लौह अयस्क को हटाने से संबंधित मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने माइंस विभाग के प्रधान सचिव को 24 जून को हाईकोर्ट में तलब किया है। इससे संबंधित मामले में विधायक सरयू राय की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि सारंडा के जंगल में डंप पड़े लौह अयस्क को कैसे हटाया जाएगा, इसके लिए राज्य सरकार की ओर से स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाया जा रहा है। एसओपी पर विभागीय मंत्री से अनुमति मिलने के बाद सारंडा के जंगल से लौह अयस्कों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

दरअसल, सरयू राय ने सारंडा के जंगलों में हो रही गैरकानूनी माइनिंग को बंद करवाने और पर्यावरण को बचाने के लिए झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। पूर्व में कोर्ट के विभिन्न आदेश के आलोक में सरकार की ओर से कार्रवाई हुई थी। जिससे सारंडा के जंगलों में हो रही गैरकानूनी माइनिंग तो बंद हो गई लेकिन वहां लोह अयस्क पड़े हुए हैं। सरयू राय ने सारंडा में पड़े हुए लौह अयस्कों को हटाने का आग्रह किया था।

### सरयू राय की ओर से कोर्ट को दी गयी जानकारी

कोर्ट को सरयू राय के अधिवक्ता की ओर से बताया गया था कि सारंडा के जंगलों में कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद सारी माइनिंग एक्टिविटी तो बंद हो गई लेकिन अत्यधिक मात्रा में माइनिंग की गई लौह-अयस्क को खुले में छोड़ दिया गया है। इससे पर्यावरण दूषित हो रहा है। सरकार इस मामले में टालमटोल कर रही है। पिछले डेढ़-दो साल से राज्य सरकार कोर्ट को गुमराह कर रही है। सारंडा के जंगल में अभी तक माइनिंग किए हुए लौह-अयस्क वहीं पड़े हुए हैं। इस पर कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताते हुए पूछा कि क्यों सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है? कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था कि सरकार इस संदर्भ में स्थिति स्पष्ट करे या तो लौह-अयस्क को बेचने की प्रक्रिया सरकार पूरी करे या फिर कोई ऐसी जगह (वन क्षेत्र के बाहर) चिन्हित करें, जहां इन लौह-अयस्क को डंप किया जा सके।

## राजद महिला प्रकोष्ठ आज करेगा केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर प्रदेश राजद ने निर्णय लिया है कि शनिवार को राजद महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शनिवार को शाम 4 बजे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया जाएगा। प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि देश में नीट पेपर लीक मामला अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित प्रदेशों में एवं मोदी सरकार के कार्यकाल में पेपर लीक मामला सबसे बड़ा घोटाला है। देशभर में छात्र, युवा सामाजिक संगठन और राजनीतिक दल आंदोलनरत हैं। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। यह संकेत देता है कि नीट परीक्षा के लिए एनटीए की साठगांठ केंद्र सरकार के साथ है। उन्होंने कहा कि देश के लगभग 25 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा।

राजद महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ मोदी सरकार वर्षों से खिलवाड़ कर रही है। तमाम परीक्षा में पेपर लीक होना केंद्र सरकार की विफलता है।

बैठक में राजद महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रानी कुमारी, सुधीर गोप, रामकुमार यादव, शब्बर फातमी, सुरेश राय, विवेक रजक, शालिग्राम पांडेय, महादेव ठाकुर, बैजनाथ प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

## आयोग ने 20 अगस्त को अद्यतन मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि की निर्धारित

# एक जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ें : सीईओ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर प्राप्त निर्देशों के आलोक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी जिलों में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य पूरी दक्षता के साथ ससमय सम्पन्न कराने के निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जून से मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश प्राप्त हैं। इस दौरान सभी बीएलओ को मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य करना है। इस दौरान एक जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुये 18 वर्ष पूरे करने वाले नये मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने का कार्य करना है। साथ ही, शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं का सत्यापन करते हुये मतदाता सूची से उनका विलोपन नियमानुसार सुनिश्चित करना है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी बीएलओ को रंगीन मतदाता सूची दी गयी है। उस सूची से मिलान करते हुए पुराने लेमिनेटेड कार्ड को बदलने का कार्य किया जाना है। इस दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाना है कि नये सूची में यदि किसी का फोटो साफ नहीं दिख रहा तो वैसे कार्ड को भी बदलना है। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 1 जुलाई तक उक्त कार्य के साथ साथ 1500 से अधिक मतदाता संख्या वाले मतदान केंद्रों की सूची समर्पित करें। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शारीरिक व मानसिक विकास में योग की अहम् भूमिका है : रविशंकर शुक्ला

■ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंडोर स्टेडियम, सरायकेला में किया गया योगाभ्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/सरायकेला।** 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को इंडोर स्टेडियम, सरायकेला गेस्टहाउस में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम मे उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो, उप विकास आयुक्त प्रभार कुमार बर्दियार, ज़िप अध्यक्ष सोना राम बोदरा, प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मी, विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ खरछढर की दीदियां, पुलिस बल एवं स्थानीय लोगो नें भाग लिया।



सरायकेला के डीसी और सहयोगी पदाधिकारी स्टेडियम में योग करते हुए।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो समेत अन्य वरीय पदाधिकारी एवं योग प्रशिक्षक ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान योग अभ्यास क्रम (प्रोटोकॉल) के साथ आचार्य देबूचंद्र डे, आचार्य गणेश चौबे, कंचन कुमारी, भारती महतो, आनंद महतो ने सामान्य योग के विभिन्न क्रियाओं को कराया। साथ ही योगाभ्यास ने की विधि, उसके फायदे एवं योगाभ्यास के समय बरती जाने वाली सावधानिओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा प्राणायाम के विभिन्न क्रियाओं को कराते हुए प्रणायाम के दौरान शारीरिक स्थिति, प्राणायाम के अभ्यास विधि, लाभ एवं सावधानियों के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान उपायुक्त नें कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास में योग की अहम भूमिका है, इससे कीसी प्रकार की बीमारियों को रोका जा सकता है।

# रेडक्रॉस भवन में अर्पण का वार्षिक रक्तदान शिविर कल

■ 8 वर्षों में 6083 यूनिट रक्तदान कर चुके हैं अर्पण के स्वयंसेवक : काले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'अर्पण' द्वारा हरेक वर्ष की भांति 23 जून, रविवार को सुबह 8 बजे से संध्या 6 बजे तक साकची रेड क्रॉस भवन में आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी अपर्ण संस्था के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इस अवसर पर उनके साथ जुगनु पांडेय व बंटी समेत कई अन्य सहयोगी भी उपस्थित थे। अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि प्रचंड गर्मी में जब ब्लड बैंकों में रक्त की कमी होती है एवं सामान्य व्यक्ति का हीमोग्लोबिन का स्तर कम रहता है तब ब्लड बैंक के अनुरोध पर अर्पण परिवार की ओर से यह आयोजन इस प्रचण्ड तपिश में किया जाता है। पिछले आठ वर्षों में अर्पण द्वारा 6083 युनीट रक्त संग्रह करवाया है।





रक्तदान शिविर के बारे में जानकारी देते अमरप्रीत सिंह काले। साथ में जुगनु पांडेय और बंटी सिंह।

काले ने बताया कि 'अर्पण' सालों भर जरुरतमंद मरीजों को रक्त मुहैया करवाने में 24 @ 7 तत्पर रहती है। संस्था द्वारा समय-समय पर जमशेदपुर ब्लड बैंक में रक्त की कमी को पूरा करने हेतु डोनर उपलब्ध कराया जाता है। उल्लेखनीय है कि इस रक्तदान शिविर में सबसे अधिक प्रथम बार रक्तदान करने वाले बड़ी संख्या में अपना योगदान देते है । अधिक से अधिक रक्तदान करवाने एवं लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अर्पण परिवार के सदस्य पिछले एक माह से सोशल मीडिया में प्रचार प्रसार कर रहे हैं और साथ ही इस वर्ष अर्पण ने 8 वर्कशॉप लगा कर रक्तदान के महत्व को भी युवाओं को बताने का और इसमें जुड़ने के लिये प्रेरित करते रहे है , जिसका नतीजा है कि आज शहर में प्रथम बार रक्तदान करने वालों की संख्या में अच्छी बढ़ोत्तरी हो रही है।

## स्पीड न्यूज

### सरायकेला नियोजनालय में रोजगार मेला आज

**सरायकेला।** शनिवार को मॉडल कैरियर सेंटर सह जिला नियोजनालय, सरायकेला-खरसावां में पूर्वाह्न 10 बजे से रोजगार शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि उक्त शिविर में जिले की प्रतिष्ठित संस्था युवा शक्ति फाउंडेशन, जेआईटीएम स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड एवम भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा विभिन्न पदों पर सरायकेला-खरसावां एवम जमशेदपुर में नियुक्त करने हेतु युवाओं को चुना जायेगा।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया योग दिवस

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 21 जून, 2024 को बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, जमशेदपुर के परिसर में प्रात: 06:30 से नेशनल योग गुरु श्री अंशु सरकार के द्वारा स्टाफ सदस्यों को विभिन्न तरह के योग अभ्यास कराये गये। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा महिला सशक्तिकरण थीम की आधारशिला रखते हुए ह्यदिव्य योग से जले अन्तर्मन का दीप, नारी शक्ति में वृद्धि से बने विश्व प्रदीप्त के विचार को आत्मसात करते हुए योग व्यायाम का अभ्यास सत्र रखा गया।

### भाषाई सर्वेक्षण में कई त्रुटियां : कुड़मि समाज

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को आदिवासी कुड़मी समाज की एक बैठक जमशेदपुर स्थित लुआबासा गांव में आहुत हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाषाई सर्वेक्षण की त्रुटियों को लेकर परिचर्चा की गई। अखबार के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार पूरे पूर्वी सिंहभूम जिले में कुड़मालि भाषा को पूरी तरह से नदारद कर दिया गया है। यह पूरे समाज के लिए एक बहुत ही दुर्भाग्यजनक बात है।

### सुदेश महतो का जन्मदिन सिल्ली जाकर मनाया गया


**जमशेदपुर।** शुक्रवार को आजसू सुर्पिमो सह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के जन्मदिन मनाने उनके विधानसभा क्षेत्र सिल्ली मे मनाया गया। साथ ही सुदेश कुमार महतो को अंगवस्त्र दे सम्मानित कर उन्हें बधाई और शुभकामनाये दी गईं। पार्टी सुप्रीमो ने सभी का अभिवादन कर स्वागत किया और कहा कि आप जैसे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं और जमशेदपुर से चलकर मेरे जन्मदिन को खास मनाने के लिए आप सभी का आना मुझे सुखद अनुभूति प्रदान करते हैं।

### सदर अस्पताल परिसर में योग संबंधी कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार जिला स्तर पर सदर अस्पताल परिसर में इस वर्ष के थीम 'योगा फोर सेल्फ एंड सोसायटी' आयोजित किया गया। यह संदेश दिया गया कि कैसे योग के द्वारा अपने तन-मन को स्वस्थ रखते हुए सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि सभी के द्वारा योग के प्रति रुचि लेने और इसका प्रभावी उपयोग करने से इसकी सार्थकता है।

# टाटा स्टील ने भी मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस






जेआरडी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में योग करते वाइस प्रेसिडेंट प्रोबाल घोष और जेआरडी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में योगाभ्यास कराते योग गुरु अरविंद प्रसाद।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समुदाय के भीतर स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, टाटा स्टील ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एथलेटिक्स ट्रैक, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटरैक्टिव योग सत्र का आयोजन किया।मौके पर टाटा स्टील के वन शेयर्ड सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट प्रबल घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। योग गुरु अरविंद प्रसाद ने भुजंगासन, शलभासन, धनुरासन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम सहित कई आसन और प्राणायाम तकनीकों का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील के कर्मचारी, उनके परिवार के सदस्य और मित्र, प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु, अकादमी के कैडेट, वदीर्धारी कर्मचारी और विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर शामिल हुए।

टाटा स्टील कर्मचारियों और समुदाय के समग्र कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में प्रतिबद्ध है। यह योग सत्र सभी को एक जुट करने, योग गुरु अरविंद प्रसाद की विशेषज्ञता से सीखने और इस प्राचीन अभ्यास के असंख्य लाभों का अनुभव करने का एक शानदार अवसर था। इस अवसर पर टाटा मेन हॉस्पिटल और टाटा स्टील के विभिन्न विभागों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## चाईबासा पुलिस लाइन में जिप अध्यक्ष के साथ डीसी-एसपी ने किया योगाभ्यास



**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चाईबासा/ जमशेदपुर।** 21 जून 10वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरीन, जिला उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर की अगवाई में जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन चाईबासा में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर योग प्रशिक्षकों के द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य सदस्यों को योग के महत्व के बारे में बताया गया की कैसे योग की मदद से अच्छी जीवन शैली अपना कर स्वस्थ और निरोग जीवन यापन किया जा सकता है। योग प्रशिक्षकों के द्वारा सभी को योग की विभिन्न मुद्रा सीखकर योग अभ्यास कराया गया। साथ ही सभी से अपील भी किया गया कि योग को प्रतिदिन अपने जीवनशैली में अवश्य अपनाएं। कार्यक्रम में अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण, अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा अनिमेष रंजन, सहायक समाहर्ता अर्नब मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ साहिर पॉल, नजारत उप समाहर्ता देवेंद्र कुमार, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर चाईबासा, अंचलाधिकारी सदर चाईबासा, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### बीएसीईटी में छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास




**जमशेदपुर।** बी०ए० अभियांत्रिकी एवम तकनीकी संस्थान और राजेंद्र विद्यालय घुटिया ने मिलकर विश्व योग दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योग प्रशिक्षक अनुष्का करमाकर को आमंत्रित किया गया था।योग में, शरीर और दिमाग के विभिन्न हिस्सों को उत्तेजित करने और शरीर में प्राण के प्रवाह को प्रभावित करने के लिए, आमतौर पर पद्मासन, अर्धसिद्धासन, सुखासन या वज्रासन मुद्रा में बैठे समय मुद्राओं का उपयोग, प्राणायाम (योगिक श्वास अभ्यास) आदि का सुश्री करमाकर ने अभ्यास करवाया। मौके पर बीए कॉलेज की प्रभारी प्रचार्या डा० प्रत्यंचा प्रसाद तथा राजेंद्र विद्यालय की प्रचार्या श्रीमति खुशबू ठाकुर उपस्थित थी। उन्होने जीवन में योग के महत्व के साथ तथा शारीरिक और मानसिक विकास के लिए रोजाना इसका अभ्यास करते रहने के लिए सभी को प्रेरित किया। मौके पे कॉलेज के सभी प्रोफेसर, स्कूल के शिक्षक, स्टाफ के साथ बच्चे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर जिज्ञासा पगड़िया ने किया।

### ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल में मिली सरल योग की शिक्षा



**जमशेदपुर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सुभम लोहार सर्टिफाइड योगा ट्रेनर ने अस्पताल के कर्मचारी एवं मरीजों को सरल योग की शिक्षा दी। मौके पर संस्थान के फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने बताया कि योग हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है और हमें अपने जीवन में फिर से योग को शामिल करना होगा ताकि छोटे-मोटे अभ्यास, प्राणायाम एवं आसन के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकेंगे। अगर हमारा शरीर स्वस्थ होगा तो हमारा मन स्वस्थ होगा और फिर हम एक स्वस्थ समाज की स्थापना कर पायेंगे।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संपन्न



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक वृन्द ने योग दिवस पर विद्यालय के सभागार में सामूहिक रूप से योग की विभिन्न क्रियाओं को किया और योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्प लिए। विद्यालय के योग शिक्षक ने विभिन्न योग क्रिया को कैसे और कब करना चाहिए इससे होने वाले फायदे को बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने योग की उत्पत्ति एवं उसका क्रमिक विकास एवं आज के संदर्भ में जीवन में उसकी महत्ता पर ज्ञान वर्धक बातें बताई। दौड़ता हुआ घोड़ा और दौड़ता हुआ आदमी कभी बूढ़ा नहीं होता ठीक वैसा ही प्रति दिन योग करने वाला व्यक्ति कभी अस्वस्थ नहीं होता।

### परशुराम परिवार ने रामनगर पार्क में किया योग



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को सुबह : 5 बजे स्थान : रामनगर पार्क , कदमा रोड नंबर 7 में परशुराम परिवार जमशेदपुर ने योगा दिवस मनाया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम के फोटो रख कर उनको नमन करके योग प्रशिक्षु सत्य नारायण मिश्रा ने परशुराम परिवार जमशेदपुर के सभी सदस्यों को योगा कराया। अध्यक्ष अवधेश पाठक ने योग से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण बातें और परशुराम परिवार , जमशेदपुर के द्वारा समाज का उत्थान करने के बारे में संबोधित किया गया , और कार्यक्रम के अंत में योग में आए हुए सभी ब्राह्मण गण का श्री सुनील कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### भरत सिंह ने अपने सहोगियों संग किया योग



**जमशेदपुर।** भाजपा के वरिश्ठ नेता सह जमशेदपुर के लोकप्रिय समाजसेवी भरत सिंह ने आज अंतराश्ट्रीय योग दिवस पर अपने सहयोगियों के साथ योग किया एवं सोशल मीडिया पर फोटो डाल कर लोगों को योग दिवस की बधाई देते हुए योग करने की अपील किया। साथ ही श्री सिंह ने कहा कि योग एक संपूर्ण जीवन पद्धति हैं। इसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता हैं। क्योंकि योग करने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। जिससे हमें एक निरोग जीवन की प्राप्ती होती है। योग आयुर्वेद युक्त जीवन से मनुश्य स्वस्थ, सुखी और संपन्न जीवन जी सकतें हैं। इसलिए योग करें और निरोग रहें आज इस योग दिवस पर ये संकल्प करें। इस दौरान श्री सिंह के साथ मनोज सोनी, राजेश सिंह, करन गोराई, सौरभ आनन्द, राहुल सिंह, आकास शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

### निरोग रहना है तो योग करें : टीम जय हो



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम की अनुशांगी की इकाई टीम जय हो जिसमें तीनों सेना सेवानिवृत जांबाज सैनिकों के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार सिविलियन साथी शामिल हैं। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डिमना की वादियों में योगाभ्यास किया। प्रकृति की गोद में आयोजित इस शिविर का नेतृत्व करते हुए आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक रहे शिवकुमार सिंह एवं पतंजलि योगपीठ से जुड़े रंजीत यादव ने सभी उपस्थित नगर वासियों को योग शिक्षा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर भारी भरकम इलाज से बचाना है तो प्रकृति के नजदीक रहकर अपनी नियमित साधना वॉकिंग और योग करते रहें।

## एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

■ बस्ती विकास समिति ने उत्साह के साथ मनाया 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बस्ती विकास समिति के द्वारा एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें शहर के आम नागरिकों के साथ काफी संख्या में युवा-महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पुर्वी सिंहभूम महिला पतंजलि योग समिति के सहयोग से आयोजित इस शिविर में हजारों लोगों ने एक साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान योग प्रशिक्षिका सुधा झा ने मौजूद लोगों को योग के महत्वों के बारे में जानकारी देते हुए विभिन्न योगासन करवाए। इस दौरान सभी लोगों ने अपने दैनिक दिनचर्या में योग क्रिया को अनिवार्य रूप से सम्मिलित करने संकल्प लिया।

# टाटा मोटर्स यूनियन: विजय जीते सुनील सिंह निर्विरोध चुने गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के एचबीटीएल क्षेत्र में एक कमेटी मेम्बर के लिए चुनाव संपन्न हुआ। यह मतदान की प्रक्रिया सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चली तत्पश्चात वोटो की गिनती की गई जिसमें विजय कुमार महतो को 39 वोट उपेंद्र कुमार को 37 वोट संतोष कुमार को 28 वोट अब्दुल रऊफ को 23 वोट प्राप्त हुए। कुल मतदान 127 हुए थे। इस तरह से विजय कुमार महतो एचबीटीएल क्षेत्र से कमेटी मेंबर के रूप में विजई घोषित किए गए। चुनाव पदाधिकारी विजय कुमार शर्मा ने विजय कुमार महतो को विजई घोषित किया। वहीं दूसरी ओर बी आई डब्ल्यू क्षेत्र के मात्र एक उम्मीदवार सुनील कुमार सिंह को निर्विरोध होने के कारण उन्हें बी आई डब्ल्यू का कमेटी मेम्बर घोषित किया गया। पूरी चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक ई सतीश के देखरेख में संपन्न हुआ। इसके बाद दोनों कमेटी मेंबर के रूप में यूनियन कार्यालय जाकर सभी से मुलाकात किया एवं अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आर के सिंह और यूनियन के सलाहकार प्रवीण सिंह का आशीर्वाद प्राप्त किया।



विजय महतो व सुनील सिंह जीत के बाद प्रसन्न मुद्रा में।

# योग महिलाओं के लिए एक शक्तिशाली साधना : पूनम वर्मा

## अरका जैन यूनिवर्सिटी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अरका जैन यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच समग्र स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में योग प्रशिक्षक पूनम वर्मा ने 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' विषय पर व्याख्यान दिया। तत्पश्चात वार्म-अप, योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान किया गया। पूनम ने बताया कि योग महिलाओं के लिए एक शक्तिशाली साधना है, जो ताकत, लचीलेपन और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देता है। योग का अभ्यास करने से महिलाओं को मैट पर और बाहर दोनों जगह आत्मविश्वास और लचीलापन बनाने में मदद मिलती है। सुबह के सत्र के दौरान वार्म-अप व्यायाम, आसन, प्राणायाम और ध्यान करने की बारीकियों से अवगत कराते हुए उसका अभ्यास भी कराया।

## जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय कैंपस में योग दिवस मनाया

■ जिला जज सहित अन्य न्यायायिक पदाधिकारी हुए शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** विश्व योगा दिवस पर व्यवहार न्यायालय कैंपस में योग दिवस मनाया गया। योग शिविर में प्रधान जिला जज माननीय अनील कुमार मिश्रा समेत जमशेदपुर कोर्ट के अन्य सभी न्यायायिक पदाधिकारी गण शामिल हुए । मौके पर जिला जज श्री मिश्रा ने कहा कि योग को सिर्फ वार्षिक आयोजन के रूप में ना अपनाते हुए इसे प्रतिदिन अभ्यास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योगाभ्यास से मनुष्य अपने शारीरिक एवं चारित्रिक स्वास्थ्य को उन्नत बनाते हुए जीवन को उत्कृष्ट बना सकता है। उन्होंने योग्य की महत्ता पर विस्तार रूप से प्रकाश डाला और स्वास्थ्य रहने के लिए हर व्यक्ति को योग करने की सलाह दिया।

# सिदगोड़ा क्रीड़ा उद्यान में बास्केटबॉल कोर्ट और आर्चरी ग्राउंड का उद्घाटन आज



■ 22 और 23 जून को बास्केटबॉल के होंगे कई मुकाबले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा क्रीड़ा उद्यान में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय के विधायक निधि से बने बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन शनिवार, 22 जून को होगा।

सुप्रसिद्ध बास्केटबॉल के ओलंपिक खिलाड़ी श्री हर भजन सिंह बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन करेंगे। विधायक श्री सरयू राय उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय (ओलंपिक) स्तर के बास्केटबॉल कोच श्री जे पी सिंह भी समारोह में आमंत्रित किए गए हैं। बास्केटबॉल कोर्ट के साथ ही आर्चरी ग्राउंड का भी उद्घाटन होगा। आर्चरी ग्राउंड की तैयारी के लिए विधायक सरयू राय ने अपने विधायक निधि से राशि विमुक्त करने का निर्देश दिया है। श्री राय आर्चरी ग्राउंड के लिए विधायक निधि से तीरंदाजी किट, टार्गेट बॉक्स, टार्गेट स्टैंड, ऐरां, टार्गेट फेस जैसी आवश्यक सामग्रियों की खरीद करने का निर्देश दिया है।

गौरतलब है कि 22 और 23 जून को बास्केटबॉल का दो दिवसीय दोस्ताना मैच होगा। इस मैच में विभिन्न विद्यालयों के बास्केटबॉल की टीमें भाग लेंगी। इसके बाद बास्केटबॉल कोर्ट में बास्केटबॉल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं मैच के कार्यक्रम लगातार आयोजित होंगे। आर्चरी ग्राउंड में शुरूआती दौर में 5 मीटर, 10 मीटर और 15 मीटर की तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उद्घाटन के बाद लगातार इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीयन कराकर नियम और शर्तों के आधार पर भाग ले सकते हैं।

सरयू राय की मंशा सिदगोड़ा क्रीड़ा उद्यान को खेल प्रेमियों के लिए एक क्रीड़ा केन्द्र के रूप में विकसित करने की है। इसके लिए उन्होंने कई कार्य अपने विधायक निधि से करवाये हैं। बास्केटबॉल कोर्ट के बगल में विधायक निधि से ही नेटबॉल कोर्ट का निर्माण भी अंतिम चरण पर है। इसके साथ ही टाऊन हॉल के सामने वाले दो बड़े कमरों में बिलियड्र्स एवं स्नूकर्स तथा टेबल टेनिस कोर्ट का उद्घाटन भी इसी माह में होगा। इंडोर गेम के इन खेलों की सामग्रियों की व्यवस्था करने के लिए श्री राय ने विधायक निधि से फंड रिलीज किया है। इसका उद्घाटन भी शीघ्र ही होगा।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुआ पलामू, किया योगाभ्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पलामू जिले में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिले के शहर समेत प्रखंडों में योग महोत्सव का धूम रहा। योग दिवस पर चारों ओर योग के आयोजन से पलामू योगमय हो गया। मौके पर सरकारी कार्यालयों के पदाधिकारी व कर्मी, सांसद, विधायक, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने योग कर लोगों को नियमित दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया। योग प्रशिक्षक राजीव शरण ने शिवाजी मैदान में स्वयं एवं समाज के लिए योग के थीम पर सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) के साथ सामूहिक योगाभ्यास कराया। गांधी पार्क समेत कई जगहों पर महिला, पुरूषों व बच्चों ने योग कर लोगों को निरोग रहने का संदेश दिया।

## योग स्वस्थ रहने की प्राचीन तकनीक : अरुणा शंकर


■ दैनिक योग शरीर को स्वस्थ रखता है : अमित तिवारी



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से गांधी उद्यान में श्री राम योग समिति द्वारा आयोजित योगाभ्यास में भारी संख्या में महिला पुरुष एकत्रित होकर योग किये। मौके पर सम्मानित अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष छोटू सिंहा विशेष रूप से उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम को श्री राम योग समिति के संरक्षक अमिताभ मिश्रा एवं साथियों द्वारा व्यवस्थित किया गया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं अमित तिवारी ने दैनिक योग क्रिया करने से शरीर में सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। श्रीमती शंकर ने कहा कि योग एक स्वस्थ रहने की प्राचीन तकनीक है इससे हमारे ऋषि मुनि संत 100 वर्षों से ज्यादा जीवित रहा करते थे। आज भी जो लोग अपने दिनचर्या में योग शामिल किये हैं। वह ज्यादा स्वस्थ एवं उनकी आयु ज्यादा देखी जाती है।

## योग को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत : सांसद

■ योग दिवस पर सांसद ने दी देशवासियों को निरोग व स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं



मेदिनीनगर। योग दिवस पर पलामू सांसद बीडी राम ने सभी के साथ योग कर अपनी ओर से सभी देश वासियों को निरोग और स्वस्थ रहने की अनंत शुभकामनाएं दी। साथ ही योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किये। सांसद ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जीवन को स्वस्थ रखने के लिए आज के भाग दौड़ की जिंदगी में योग करना बहुत जरूरी है। योग मनुष्य जीवन की अहम कड़ी है। योग से केवल हम स्वस्थ्य ही नहीं रहते बल्कि उर्जा का भी संचार होता है। उन्होंने कहा कि लोग योग को दिनचर्या में शामिल कर अपने जीवन में आत्मसात करें।

## बेहतर जीवन जीने की कला है योग: विधायक डॉ शशिभूषण





**नीलांबर पीतांबर पलामू।** पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर के मध्य विद्यालय के मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग महोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने सभी की हौसला आफजाई की। विधायक इसके पूर्व सुबह 5 बजे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग महोत्सव में उपस्थित हुए। कहा कि योग जीवन जीने की बेहतर कला है। इसे नियमित लोगों को अपनाने की जरूरत है। कहा कि लोग इसे अपने दिनचर्या में शामिल करें। पतंजली योग समिति के प्रशिक्षकों ने योग के कई प्रणायाम भी लोगों को कराये। मौके पर उपस्थित अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, कुराईनपतरा पंचायत के मुखिया पुनम देवी, चेंबर अध्यक्ष छोटे लाल सोनी, सुधीर तिवारी, समाजसेवी विरेंद्र राम चंद्रवंशी, समाजसेवी कमेश यादव समेत कई लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### हुसैनाबाद एसडीओ और सीओ ने रात में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा



**हुसैनाबाद पलामू।** एसडीओ पीयूष सिन्हा और सीओ पंकज कुमार के संयुक्त अभियान में गुप्त सूचना पर दंगवार ओपी के कर्राबर नदी से मध्य रात्रि में अवैध बालू लोड करते धर दबोचा। पकड़े गये ट्रैक्टर को सीओ ने हुसैनाबाद थाना को विभिन्न धाराओं में केस कर जिला खनन पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई हेतु अग्रसारित कर दिया है। 16 जून को अनुमंडलीय शांति समिति की बैठक में एसडीओ ने पहले ही चेतावनी दी थी कि हम किसी भी सूरत में एनजीटी का उल्लंघन व अवैध बालू बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### ग्रासिम ने सुरभि ग्राउंड में कराया योग



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के सुरभि ग्राउंड में विश्व योग दिवस पर योग शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी ने किया। कहा कि योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर है। हम सब के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है कि आज यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से दुनिया के 200 से अधिक देशों में पहुंच चुकी है। उन्होंने लोगों को इसे अपनी जीवन शैली में शामिल करने का आह्वान किया। बताया कि ग्रासिम आवासीय परिसर में प्रतिदिन योगाभ्यास व प्रशिक्षण नियमित रूप से संचालित हो रहा है। योगाभ्यास में कंपनी के कर्मचारी गण एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इससे अपने साथ साथ दूसरों को भी जोड़ने का संकल्प लिया। योगाभ्यास में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमोद सिंह एवं उनकी टीम ने लोगों को योग का प्रशिक्षण दिया।

### हरिहरगंज और पीपरा में भी योगाभ्यास



**हरिहरगंज पलामू।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र में योगाभ्यास किया गया। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कटैया, सीता प्लस टू उच्च विद्यालय सहित कई सरकारी गैर-सरकारी विद्यालय, महाराजगंज के टंडवा रोड़ स्थित दिव्या ट्रस्ट फाउंडेशन आश्रम, प्रखंड मुख्यालय हरिहरगंज, सीएचसी, हरिहरगंज व पिपरा थाना, पंचायत सचिवालय सहित कई स्थानों पर शुक्रवार सरकारी गैर सरकारी कर्मियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक सह संवाद प्रभारी आयुर्वेद एमडी डॉ संजय कुमार ने कई योग कराये। हरिहरगंज सीएचसी प्रभारी डॉ राजेश कुशवाहा, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, हरिहरगंज प्रभारी थाना प्रभारी विगेश कुमार, पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार, समाजसेवी राजीव रंजन ने उपस्थित लोगो के बीच योग से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

### सुहानी मॉल के मालिक के बेटा-बेटी के अपहरण का असफल प्रयास



**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर जोड़ा यात्री शेड के समीप सुहानी मॉल के मालिक दीपक प्रसाद के बेटा-बेटी को अज्ञात अपराधियों ने गुरुवार की रात करीब 8 बजे अपहरण का प्रयास किया। हालांकि सतबरवा पुलिस घटना में शामिल अपराधियों के धर पकड़ के लिए सीसीटीवी कैमरा का फुटेज खंगालने में जुटी हुई है तथा कई अन्य पहलू पर छानबीन कर रही है। दीपक प्रसाद के बेटा-बेटी गुरुवार को दुकान बंद कर घर आने के तैयारी में थे। इसी दौरान घात लगाये बैठे एक अपराधी ने हथियार का भय दिखाकर बेटे को मॉल के नजदीक ही खड़ी बोलेरो में बैठने का दबाव डालने लगा। तभी मौका पाकर बेटी खेत की ओर भाग गयी तथा दुकान में सीसीटीवी कैमरा होने की बात कह शोर मचाने लगी। आसपास के ग्रामीणों ने सतबरवा थाना पुलिस को घटना की सूचना दे दी। घटनास्थल पर पुलिस को पहुंचने से पहले ही अपराधी बोलेरो और बाइक घुमाकर पुन: लातेहार की ओर भाग खड़े हुए। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि घटना में शामिल अपराधियों को धर पकड़ के लिये हर एक पहलू पर जांच-पड़ताल की जा रही है।

### डीसी से मिलकर आहर जमीन की बिक्री पर रोक लगाने की करेंगे मांग



**विश्रामपुर पलामू।** केंद्र व राज्य सरकार जल संचयन को लेकर आहर, पोखर, तालाब आदि का जीर्णोद्धार करा रहा है। हर वर्ष मनरेगा सहित विभिन्न एजेंसी से करोड़ों खर्च कर रहे हैं। ताकि बरसाती पानी का संचयन हो व गांव का जल स्तर बना रहे। आहर, पोखर, तालाब आदि केवल जल संचयन का ही एक माध्यम नहीं बल्कि इनके पानी से किसानों के द्वारा बड़े पैमाने पर सिंचाई आदि का कार्य किया जाता है। वहीं इन दिनों के दिनों चाहे वह सरकारी हो या निजी आहर, पोखर, तालाब आदि पर भू माफिया की नजर लग गई है। वे बेखौफ आहर, पोखर, तालाब आदि को बेच रहे हैं। ऐसा हीं विश्रामपुर प्रखंड के गुरहा गांव स्थित साया आहर क्या हो रहा है। ग्रामीण किसान सतेश सिंह उर्फ छोटन ने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर गांव के लोग आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर जमीन बिक्री पर रोक लगाने की मांग की जायेगी। अगर जरूरत पड़ी तो इसके खिलाफ प्रखंड मुख्यालय पर आंदोलन भी किया जायेगा।

### श्रेया हत्याकांड का विरोध अब झारखंड में भी



**हुसैनाबाद पलामू।** पड़ोसी राज्य बिहार के नबीनगर में चर्चित श्रेया हत्याकांड में संलिप्त अपराधियों के विरोध अब पड़ोसी झारखंड के हुसैनाबाद में हो रही है। गुरुवार को देर संध्या में क्षत्रिय जागृति मंच ने हुसैनाबाद में कैंडल मार्च सह संवेदना सभा की। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के दुर्गाबाड़ी से सैकड़ों प्रबुद्ध लोगों एवं छात्र छात्राओ ने हाथ मे कैंडल जला कर इस निर्मम हत्याकांड का विरोध करते हुए जेपी चौक मुख्य बाजार अंबेडकर चौक, गांधी चौक तक भ्रमण किया गया।

## ताल पंचायत में निजी खर्च से कराया जा रहा पथ निर्माण कार्य

# सड़कविहीन नहीं रहेगा पांकी विस क्षेत्र का कोई भी गांव : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के सुदूरवर्ती व नक्सल प्रभावित क्षेत्र प्रखंड पांकी के पंचायत ताल के ग्राम आबून, मतुली, बिरबीर, ताल तक अपने निजी खर्च से सड़क आने जाने के लिए कार्य कराया जा रहा है और ग्राम मतुली में मेला टांड़ के प्रांगण में शहिद नीलांबर पीतांबर का यहां पर बहुत जल्द प्रतिमा लगाया जायेगा। विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता लोगों की समस्या सुनी।



अपनी उपस्थिति में सड़क निर्माण कार्य करवाते विधायक।

गरीब असहाय लोगों के बीच साड़ी बांटी। साथ ही लोगों से मिल कर समस्या से रू ब रू हुए। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। पांकी विस क्षेत्र का कोई भी गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा। कहा कि लोगों को मुलभूत सुविधा मिले इसके लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। कहा कि लोग अपनी समस्या को लेकर बेझिझक हमसे मिल सकते हैं उनके समस्या का समाधान हर हाल में कराया जायेगा।

■ मौके पर प्रो बचन ठाकुर, रौशन सिंह, समाजसेवी कमेश यादव, संतोष वर्मा, विधायक मिडिया प्रभारी राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू, बबलू यादव, लक्षण यादव, दशु सिंह, सोनू सिंह, लालदेव भुइयां, महेसर सिंह, सुरेश सिंह, शिवशंकर यादव, उदय राम, पांकी ताल पंचायत मुखिया अनिता लोहरा, सुनील कुशवाहा, कुराईनपतरा पंचायत के मुखिया पुनम देवी, चेम्बार अध्यक्ष छोटे लाल सोनी, सुधीर तिवारी, समाजसेवी विरेन्द्र राम चंद्रवंशी, समाजसेवी कमेश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पूर्ण मानव व्यक्तित्व पर सकारात्मक प्रभाव देता है योगाभ्यास : एसडीएम

■ ब्रह्माकुमारी संस्था ने लगाया योग शिविर, योग को ईश्वरीय वरदान बताया

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना, जिसमें ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्था के साथ सैकड़ों लोगों योगाभ्यास किया। कार्यक्रम ईश्वरीय योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड का बैनर तले हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत एसडीओ पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश महतो, संस्था की दीदी बीके प्रियंका बहन, बीके रितिका और बीके वंदना, डॉ कर्नल संजय सिंह, रामेश्वर राम उर्फ छठन जी आदि कई लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर लोगों ने योग के कई आयाम को किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। संचालन डॉ आलोक रंजन ने किया। वहीं बीके प्रियंका ने सभी अतिथियों का स्वागत की। डॉ अखिलेश गुप्ता ने विशेष रूप से युवाओं से योग को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। वहीं एसडीएम पीयूष सिन्हा ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि योग से पूर्ण मानव व्यक्तित्व पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, यह जीवन में शांति और ऊर्जा बढ़ाता है। योग हमें आंतरिक शांति देता है, जो वर्तमान समय में बहुत आवश्यक है। मुख्य प्रवक्ता ब्रह्मा कुमारी प्रियंका बहन ने गीता में वर्णित योग का सार समझाते हुए कहा कि योग की जरूरत तब होती है जब मनुष्य अपने आहार, विहार, व्यवहार, विचार और आचार में संतुलन खो देता है। तब परमात्मा आकर योग सिखाते हैं।



दीप जलाकर योगाभ्यास कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्रासिम ने कराया योगाभ्यास

■ योग करने से सकारात्मक ऊर्जा और चेतना का संचार होता है : पद्माकर लाल दास

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर), रेहला के द्वारा कन्या +2 उच्च विद्यालय, रेहला के प्रांगण में विद्यालय की बालिकाओं एवं शिक्षकों हेतु योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के शुभारंभ पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास ने अपने संबोधन में कहा कि योग हर उम्र के लोगों के लिए लाभकारी है विशेषकर छात्र जीवन के लिए यह तो अत्यंत ही लाभकारी है। प्रतिदिन नियमित रूप से योगाभ्यास करने पर शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बना रहता है, मस्तिष्क को शांत रखता है, एकाग्रता बढ़ती है तथा पढ़ाई लिखाई करने एवं निर्णय लेने में बहुत ही सहायक होता है। उन्होंने कहा कि योग लोगों को समाज को जोड़ने का काम करता है एवं नकारात्मकता को खत्म कर समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं चेतना का संचार करता है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक नरेन्द्र चौबे ने ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व, रेहला का इस आयोजन हेतु विद्यालय की ओर से आभार प्रकट किया एवं छात्राओं से इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। छात्राओं के द्वारा योग को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। योगाभ्यास में विद्यालय की 200 छात्राओं के अलावा आसपास के लोगों ने भी भाग लिया। मौके पर ग्रासिम समाजिक उत्तरदायित्व, रेहला के द्वारा छात्राओं के दिलचस्पी को देखते हुए उनको खेलकूद (क्रिकेट) सामग्री भी प्रदान किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग, डालटनगंज के योग प्रशिक्षक रमेश चंद्र प्रसाद एवं पायल लाठ ने छात्राओ को योग का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व के अनिल गिरि, डॉ पी पी पांडेय, विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजनंदन तिवारी, शिक्षक चंद्रकांती शुक्ला, कहकशा नाज, कुमारी हेमलता के अलावा जन सेवा के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



योगाभ्यास करते स्कूली बच्चे अन्य।

## कांग्रेस दलित मजदूर अध्यक्ष ने चल्हो का किया दौरा



**पाटन पलामू।** छतरपुर विस के चल्हो खुर्द का दौरा दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान एवं मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह ने किया। नेताओं ने वहां पहुंच ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने कहा कि इस गांव की मुख्य समस्या पानी और बिजली है। अशोक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द समस्या कांग्रेस पार्टी दूर करेगी। कांग्रेस सभी समस्याओं पर गंभीर है। मौके पर दलित कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, राकेश दुबे, लव सिंह, अमरजीत सिंह, सकलदीप सिंह, भोला सिंह भी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिविर का आयोजन



**मोहम्मदगंज पलामू।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को रेलवे स्टेशन परिसर में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में योग शिविर लगाया गया। जिसमें पतंजलि योगपीठ से जुड़े प्रशिक्षक सेवानिवृत्त शिक्षक कामता प्रसाद मेहता के द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योग का प्रशिक्षण दिया गया। श्री मेहता ने लोगो को योग के महत्व एवं जीवन मे इसके महता के बारे में भी जानकारी दिया। मौके पर गौरीशंकर सिंह, द्वारिका प्रसाद, कामेश्वर सिंह, महेन्द्र प्रसाद सिंह, दीपू लाल, मुन्ना सिंह, सच्चिदानंद सिंह, रेलकर्मी पंकज कुमार, शंभू प्रसाद, सत्येंद्र बैठा, विश्वनाथ साव, अनूप कुमार, अंशुल, अनिल, सुनील,रामवरत यादव सहित कई लोग शामिल थे।

## प्रीति और योगेश के योगदान से विद्यालय में बनेगा शिक्षा का बेहतर माहौल : दिव्या

खबर मन्त्र संवाददाता

■ प्रीति रसायन विज्ञान और योगेश ने जीव विज्ञान के शिक्षक के रूप में दिया योगदान

■ प्रीति सदर प्रखंड क्षेत्र जबकि योगेश विश्रामपुर प्रखंड के हैं





**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ा सुरत हाईस्कूल में प्रीति कुमारी रसायन विज्ञान के शिक्षक एवं योगेश चौबे जीव विज्ञान के शिक्षक के रूप में योगदान दिया है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य दिव्या टोप्पो ने दोनों का योगदान कराया। प्रीति सदर प्रखंड क्षेत्र के जोड़ के सुरेंद्रनाथ तिवारी की बेटी है। नीलांबर पीतांबर विवि की टॉपर छात्रा प्रीति रसायन विज्ञान में एमएससी उत्तीर्ण है। प्रीति हजारीबाग में केमिकल एनालिसिस माइनिंग डिपार्टमेंट में दो साल कार्य की है। गिरिवर इंटर स्तरीय विद्यालय में भी रसायन की शिक्षिका रह चुकी है। इसके अलावे भी प्रीति कई संस्थानों में सेवा दे चुकी है। दूसरे शिक्षक योगेश चौबे विश्रामपुर (केतात) के अधिवक्ता रविंद्र नाथ चौबे के पुत्र हैं। योगेश ने लोहड़ा सुरत +2 हाई स्कूल में बतौर जीव विज्ञान शिक्षक के रूप में योगदान दिया है। वह काफी अनुभवी शिक्षक हैं। योगेश 12 वर्षों तक योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में सहायक व्याख्याता और औरंगाबाद के देव में बतौर पीजीटी शिक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर हिंडाल्को ने कराया योगाभ्यास का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम ने बटसारा एवं गुरुकुल स्कूल में योगाभ्यास किया। इसका उद्घाटन सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती, प्रोडक्शन मैनेजर अमरेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। पतंजलि योग समिति के योगा शिक्षक ओंकार पांडेय ने योगाभ्यास कराया। मौके पर सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि योग जीवन जीने की कला है, मूल रूप से योग केवल व्यायाम का एक रूप ही नहीं है अपितु यह स्वस्थ, खुशहाल और शांतिपूर्ण जीवन जीने का ज्ञान है। योग मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक अनुशासन में समत्व लाता है।

## आवास योजना से वंचित लाभुकों ने पूर्व विधायक से की योजना का लाभ शीघ्र दिलाने की मांग



**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत के शहरी आवास योजना से वंचित लाभुकों ने शुक्रवार को पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के हरिहरगंज स्थित आवास जाकर योजना का लाभ दिलाने की मांग की। मालूम हो कि शहरी आवास योजना के तहत 842 लाभुक चुने गये थे। जिसमें विभिन्न आरोपों के कारण 212 लाभुकों का चयन निरस्त कर दिया गया था। इसे लेकर पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता सहित विभिन्न राजनीतिक दलों व प्रतिनिधियों से फिर से जांच की मांग की गयी थी। बाद में नगर पंचायत कार्यालय द्वारा 140 लाभुकों को जांचों उपरांत स्वीकृति दे दी गयी थी।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी ने किया योगाभ्यास

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। योग दिवस का शुभारंभ करते हुए विद्यालय प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी छात्रों, शिक्षकों एवं समस्त विद्यालय परिवार के सदस्यों को दसवीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि तन, मन और मस्तिष्क में नई सोच, नया ज्ञान एवं नये विषय पर ध्यान-केंद्रित करने के लिए हमें योग करना चाहिए। यह केवल एक दिन करने की क्रिया नहीं है इसे प्रत्येक दिवस प्रातः काल खाली-पेट करने से हमारे शरीर के अनेक रोगों का नाश होता है। साथ ही नवीन कार्य के प्रति रुचि रहता है। इससे हम समुचित रूप से अपने जीवन को सुखद और आनंदमय बना सकते हैं।

जीवन में योग को अवश्य आत्मसात करना चाहिए। इस वर्ष का योगा थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग है। रागिनी के द्वारा योग शपथ दिलायी गयी। कक्षा बारहवीं की छात्रा प्रिया के द्वारा योग दिवस पर प्रकाश डाला गया। शारीरिक प्रशिक्षक नीलम सरोज एवं अनिता यादव के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन कराये गये। ओमकार मंत्रोच्चारण के साथ दिन की शुरूआत करते हुए सूर्य नमस्कार, अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, उष्ट्रासन, वृक्षासन, पद्मासन, भुजंगासन, वज्रासन इत्यादि योग आसनों में सभी छात्र, शिक्षक, दीदी, वाहन चालक एवं परिचालक शामिल थे। इस अवसर पर बच्चों के साथ-साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सतबरवा में कई जगहों पर योगाभ्यास कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय के साथ जेएसएलपीएस के पदाधिकारी, महिलाएं एवं मुखिया संघ अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम को योग प्रशिक्षक विजय राम के नेतृत्व में योगाभ्यास कराया गया।वही दूसरी ओर पतंजलि योग समिति सतबरवा इकाई ने ट्रेनिंग कॉलेज के मैदान में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत योगासन के लिए पहुंचे अतिथियों को तिलक लगाकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। योग गुरु विजय राम, राजकुमार साहू ने भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न आसन, प्राणायाम एवं योगासन का योगाभ्यास कराया। इससे पूर्व रबदा, बारी,पोंची, धावाडीह, सतबरवा पंचायत सचिवालय में मुखिया शंभू उरांव, धीरज कुमार, निरोतमाकुमारी, बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, संतोष तिवारी ने योग कार्यक्रम में शामिल हुए और योगाभ्यास किया। इसमें प्रखंड प्रभारी वीरेंद्र साहू, सह प्रभारी श्याम बिहारी प्रसाद, करमचंद साहू स्वरूप राम, सुनील गांधी भी थे।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य।

# प्रदूषण से मौत

वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। दुखद बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। पर्यावरण प्रदूषण संकट से अकेला भारत ही जूझ रहा है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन,गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से वर्ष 2021 में जिन 21 लाख लोगों की मौत होने का जिक्र है, दुर्भाग्य से उनमें 1,69,400 बच्चे हैं। जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका शारीरिक विकास भी सही से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां हो सकती हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं।यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट की साझेदारी में जारी रिपोर्ट के वे आंकड़े परेशान करने वाले हैं।

# बाजार में सावधानी

देसी शेयर बाजार ने 4 जून के निचले स्तर से तेजी से रिकवरी की हैं, जब 2024 के लोक सभा चुनाव के नतीजों ने आम-धारणा को पूरी तरह से झकझोर दिया था। आंकड़े इस बात की बानगी है कि तब से बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स में लगभग 7,500 अंक यानी 11 प्रतिशत और निफ्टी-50 2,400 अंक यानी 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। निचले स्तर से इस तेज रिकवरी ने विश्लेषकों को सावधान कर दिया है, खासकर कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के विश्लेषकों को, जो वर्तमान स्तरों पर संभावित जोखिम देखते हैं, लेकिन तत्काल जोखिम नहीं है।

मौजूदा मार्केट सेंटीमेंट काफी हद तक गैर-संस्थागत (और कुछ संस्थागत) निवेशकों के बीच अतार्किक उत्साह से प्रेरित है। उनका मानना है कि सामान्य तौर पर विभिन्न सेक्टरों में उच्च मूल्यांकन और कुछ विशेष सेक्टरों में बेपेंदा मूल्यांकन मोटे तौर पर गैर-संस्थागत निवेशकों और यहां तक कि कुछ संस्थागत निवेशकों के बीच अत्यधिक बुलिश भावना को दशार्ते हैं। इनमें से पहला क्षेत्र व्यापक आर्थिक चुनौतियां है, दूसरा- बैंकों, कंपनियों, सरकार, परिवारों के साथ मुद्दों का लाभ उठाना, तीसरा- राजनीतिक या सामाजिक अस्थिरता और चौथा क्षेत्र प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाएं जैसे महामारी, युद्ध, आदि है।बाजार में विश्वास अविश्वसनीय स्तर पर है और विश्वास को तोड़ने के लिए किसी अविश्वसनीय स्तर की घटना की आवश्यकता हो सकती है। गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए हाई या बेपेंदा मूल्यांकन अप्रासंगिक है। सरकारी नीतियों या प्राथमिकताओं में कोई भी बड़ा बदलाव बाजार में सुधार ला सकता है। निवेशको को वर्तमान समय में एक बड़ें सुधार के लिये सावधान रहने की आवश्यकता है जो उन्हें नुकसान से बचा सकता है।

# सबका योग सब करें योग

## विचार-प्रवाह

**डॉ संजय द्विवेदी**

**योग** को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने के बाद पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत के योगशिक्षकों की पूरी दुनिया में मान्यता बढ़ी है। भारतीय मूल के योगशिक्षकों या भारत में प्रशिक्षित योग शिक्षकों को लोग अधिक भरोसे से देखते हैं। इस बहाने भारत के योगाचार्यों को एक विस्तृत आकाश मिला है और वे अपनी प्रतिभा से वैश्विक स्तर पर अपना स्थान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री की रूचि के नाते भारत के दूतावास और विदेश मंत्रालय भी अपने स्तर पर इस गतिविधि को प्रोत्साहित कर रहे हैं। पाठ्यक्रमों में स्थान मिलने के बाद योग की अकादमिक उपस्थिति भी बन रही है। योगिक स्वास्थ्य प्रबंधन जैसे विषय आज हमारे समाज में सम्मान से देखे जा रहे हैं। दुनिया को अच्छे-योग्य-चरित्रवान योग शिक्षक उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। यह दायित्वबोध हमें काम के अवसर तो देगा ही भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक पटल पर स्थापित करेगा। हर वर्ष वैश्विक योग दिवस पर दुनिया भर के देशों में योग के आयोजन होते हैं। जिनमें तमाम मुस्लिम देश भी शामिल होते हैं। एक समय दुबई के बुर्ज खलीफा में स्वयं योगगुरु बाबा रामदेव ने 10 हजार महिलाओं को योग करवाया। इस अवसर उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि योग का कोई पंथ नहीं है यह 100 प्रतिशत पंथनिरपेक्ष अभ्यास है। योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा। फ्रांस व अमेरिका से लेकर अफ्रीकी व मध्?यपूर्व के देशों में योग करते लोगों को देखना अविस्मरणीय क्षण था। उन्होंने टाइम्स स्क्वायर से लेकर सियाचिन और दक्षिण चीन सागर में सैनिकों द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने की सराहना की।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सावधानी की हो यात्रा

**पहाड़ी** क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण चालकों को रास्तों का ज्ञान नहीं, निजी वाहनों की बढ़ती संख्या, भीषण गर्मी और अयोग्य और कुशल चालकों का अभाव है। पहाड़ी क्षेत्र में चालकों के लिए हिल एंडोर्समेंट की अर्हता अनिवार्य हो। वाहन का फिटनेस और चालक का फिजिकल टेस्ट भी जरूरी है। वाहन चालक और यात्री धैर्य बरतें।

**- राजवीर सिंह, हजारीबाग**

### विमर्श की तार्किकता

**कई** लेख में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही निशाना बनाया गया है जबकि चुनाव प्रचार के दौरान एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने में किसी ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लेखक ने दुश्मन और प्रतिपक्षी के अंतर को समझने की बहुत महत्वपूर्ण बात उठाई है। लेकिन यह काम क्या किसी एक नेता के लिए अनिवार्य होता है। पीएम को दोषी बताना सही राजनीति नहीं है।

**- प्रिया, रांची**

# योग ब्रह्म से साक्षात्कार का सशक्त माध्यम है



**योग** भारतीय जीवन पद्धति का एक महत्वपूर्ण अंग है भारतीय विज्ञान के अनुसार योग की उत्पत्ति हजारों वर्ष पहले हुई। सिंधु घाटी सभ्यता को योग विद्या का प्रारंभिक उद्गम माना जाता है। यह भारत की प्रथम शहरी सभ्यता है। योग शब्द का उल्लेख सर्वप्रथम ऋग्वेद में हुआ। ऋग्वेद एक प्राचीन भारतीय पाठ संग्रह है जो चार वेदों में सबसे ज्यादा प्रचलित है। आज के समय में अगर योग की बात करें तो योग का अर्थ आसन प्राणायम करना है। लेकिन अगर ग्रंथों में उल्लेखित योग की परिभाषा या अर्थ को देखते हैं तो, किसी भी परिभाषा में आसन प्राणायम का जिक्र नहीं है। योग शब्द संस्कृत के युज धातु से बना है, जिसका अर्थ है जोड़ना अर्थात किसी वस्तु से अपने को जोड़ना ।अंग्रेजी का योक शब्द भी उसी धातु से बना है । योग का आध्यात्मिक अर्थ है, वह साधन जिसके द्वारा योगी को जीवात्मा और परमात्मा के साथ ज्ञान पूर्वक संयोग होता है या संयोग कराने की प्रक्रिया बतलाई है । योग का अर्थ सभी आचार्यों ने आत्मदर्शन तथा ब्रह्म साक्षातपूर्वक स्वरूप स्थिति एवं मोक्ष की प्राप्ति से किया है । वेदानतिक शास्त्रों में भी आत्मदर्शन तथा ब्रह्म साक्षात्कार होने की बात कही है । आइए देखते हैं विभिन्न ग्रंथों एवं शास्त्रों में क्या दी गई है योग की परिभाषा और उसका अर्थ

* गणित शास्त्र में योग शब्द का अर्थ है जोड़ होता है।

* रसायन शास्त्र में योग दो विभिन्न पदार्थों को अपना अपना स्वरूप खोकर एक अद्भुत पदार्थ में परिणत होने का ज्ञान भी योग है उदाहरण के लिए एक अनुपात नाइट्रोजन, तीन अनुपात हाइड्रोजन के योग के फलस्वरुप दो अनुपात अमोनिया प्राप्त होता है

* महर्षि व्यास के अनुसार योग

**योगः समाधिः**

महर्षि व्यास ने योग को समाधि बतलाया है । जिसका भाव यह है कि जीवात्मा इस उपलब्ध समाधि के द्वारा सच्चिदानंद ( सत + चित + आनन्द ) स्वरूप ब्रह्म का साक्षात्कार करें । *पुरुष प्रकृत्योतियोगेपि योग इत्यभिधीयते - सांख्य शास्त्र

अर्थात प्रकृति पुरुष पृथ्कतव स्थापित कर अर्थात दोनों का वियोग करके पुरुष के स्वरूप में स्थिर हो जाना योग है।

कैवल्योपनिषद मे कहा है,,

श्रद्धा भक्तियोगावदेहि (1/2 )

अर्थात श्रद्धा भक्ति और ध्यान के द्वारा आत्मा को जानना योग है। अग्नि पुराण ब्रह्मप्रकाशकं ज्ञानं योगस्तत्रैक चित्तता । चित्तवृत्तिनिरोधश्च जीवब्रह्मात्मनीः परः ।। अग्निपुराण 183/ 1-2 अर्थात ज्ञान का प्रकाश पड़ने पर चित्त ब्रह्म मे एकाग्र हो जाता है, जिससे जीव का ब्रह्म मिलन हो जाता है। ब्रह्म में चित्त की एकाग्रता ही योग है ।

**स्कंद पुराण**

जीवात्मा परमार्थोऽयमविभागः परमतपः

सः एव परोयोगः समासा कथितस्तव।

अर्थात जीवात्मा और परमात्मा का अलग अलग होना ही दुख का कारण है और इसका अपृथक तक भाव ही योग है ( एकत्व की स्थिति ही योग हैं )

लिंग पुराणः योग निरोधो वृत्तेस्तु चितस्य द्विज सत्तमा।अर्थात चित्त की सभी वृत्तियों का निरोध हो जाना उसे पूर्ण समाप्त कर देना योग है । उसी से परमगति अर्थात ब्रह्म की प्राप्ति होती है विष्णुपुराण के अनुसार -

योगः संयोग इत्युक्तः जीवात्म परमात्मने

अर्थात जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही योग है। कठोपनिषद् में योग के विषय में कहा गया है

यदा पंचावतिष्ठनते ज्ञानानि मनसा सह।

बुद्धिश्च न विचेष्टति तामाहुः परमां गतिम् ।।

तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम्

।अप्रमत्तस्तदा भवति योगो हि प्रभावाप्ययौ।।

कठो.2/3/10-11

अर्थात जब पांचों ज्ञानेन्द्रियां मन के साथ स्थिर हो जाती है और मन निश्चल बुद्धि के साथ आ मिलता है. उस अवस्था को 'परमगति' कहते है। इन्द्रियों की स्थिर धारणा ही योग है।जिसकी इन्द्रियाँ स्थिर हो जाती है, अर्थात प्रमाद हीन हो जाता है। उसमें शुभ संस्कारो की उत्पत्ति और अशुभ संस्कारो का नाश होने लगता है। यही अवस्था योग है।

गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन से आध्यात्मिक चर्चा के दौरान योग को कई तरह से परिभाषित किया । योगस्थः कुरू कर्माणि संगं त्यक्त्वा धनंजयः।सिद्धयसिद्धयोः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।। गीता ( 2/48 ) अर्थात योग में स्थित हुआ कर्म फल को त्याग कर और सिद्धि असिद्धि में सम होकर तू कर्मों को कर, यह समता ही योग है।जब किसी कार्य में अशक्ति होती है तभी उसके भले या बुरे फल का प्रभाव हमारे दिल दिमाग पर पड़ता है और उसके अनुसार ही संस्कार बन जाता है ।फिर वही संस्कार पाप और पुण्य के रूप में कर्म के परिपक्व अवस्था में उदय होते है ।

योग सूत्र के प्रणेता महर्षि पतंजलि ने योग को परिभाषित करते हुए कहा है

योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः॥ यो.सू.1/2

अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध करना ही योग है। चित्त का तत्पर अंतरण से है। बाहयकरण ज्ञानेन्द्र जब विषयों को ग्रहण करती है, मन ज्ञान को आत्मा तक पहुँचता है।आत्मा साक्षी भाव से देखता है बुद्धि अहंकार विषय का निश्चय करके उसमें कर्तव्य भाव लाते है। इस संपूर्ण क्रिया से चित्त में जो प्रतिबिंब बनता है वही वृत्ति कहलाता है। यह चित्त का परिणाम है ।अतः विषयाकार उसमें आकर प्रतिबिंबित होता है अर्थात चित्त का विषयाकार हो जाता है ।

महर्षि कहते हैं कि योग के आठ अंगों के अनुष्ठान करने से अर्थात उनको आचरण में लाने से चित्त के मल का अभाव होकर वह सर्वथा निर्मल हो जाता है ।

उस समय योगी के ज्ञान का प्रकाश विवेकख्याति तक हो जाता है, अर्थात उसे आत्मा का स्वरूप, बुद्धि, अहंकार और इंद्रियों से सर्वथा भिन्न प्रत्यक्ष दिखाई देता है । योग के आठ अंगों को अष्टांग योग की संज्ञा दी गई है । इसका उल्लेख महर्षि पतंजलि योग सूत्र के साधन पाद के 29 श्लोक में किया है उन्होंने कहा है यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि, ये योग के आठ अंग है और हर अंग का अपना महत्व है ।

निष्कर्ष के तौर पर हम कह सकते हैं कि योग केवल आसन प्राणायम ही नहीं है उससे भी अधिक है आसन प्राणायम तो मात्र उसकी सीढ़ियां हैं।



**- जगदीश सिंह**

> अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध करना ही योग है। चित्त का तत्पर अंतरण से है। बाहयकरण ज्ञानेन्द्र जब विषयों को ग्रहण करती है, मन ज्ञान को आत्मा तक पहुँचता है।आत्मा साक्षी भाव से देखता है बुद्धि अहंकार विषय का निश्चय करके उसमें कर्तव्य भाव लाते है। इस संपूर्ण क्रिया से चित्त में जो प्रतिबिंब बनता है वही वृत्ति कहलाता है। यह चित्त का परिणाम है ।

## खास बात

# ड्रोन से दवा

**सुधांशु कुमार**

**कर्नाटक** में चिक्काबलापुरा जिले के गौरीबिदनुरु तालुक के शंबुका नगर में ड्रोन के माध्यम से दवा वितरण का प्रयोग शुरू हो गया है। कर्नाटक में ड्रोन के माध्यम से दवा वितरण का पहला परीक्षण शुरू कर दिया गया है।

कर्नाटक में चिक्काबलापुरा जिले के गौरीबिदनुरु तालुक के शंबुका नगर में ड्रोन के माध्यम से दवा वितरण का प्रयोग शुरू हो गया है। यदि प्रयोग सफल रहा तो भारत में चिकित्सा सेवाओं के लिए यह एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

बेंगलुरु स्थित थ्रॉटल एयरोस्पेस सिस्टम्स (एटीएस) ने आज दो रेंज और वजन के ड्रोन से दवा भेजने का प्रयोग शुरू किया है। इनमें पहला ड्रोन 15 किमी. की रेंज के साथ एक किलोग्राम वजन तक और दूसरा अधिकतम 12 किमी. की रेंज में दो किलोग्राम तक ले जाने की क्षमता रखता है। एटीएस अगले 40 से 45 दिन तक इनका परीक्षण करेगा। एटीएस ने चिक्कबल्लापुरा में दवा वितरण के लिए दो मेडिकोप्टर ड्रोन का इस्तेमाल शुरू किया है। इनके संचालन में रेंडिट नाम का एक डिलीवरी सॉफ्टवेयर ड्रोन की सहायता करेगा।

बताया गया है कि मांग के अनुसार दवाओं को पैकेट ड्रोन में डाल दिया जाएगा, जो एक सॉफ्टवेयर के माध्यम से निर्देशों के अनुसार पैक को निर्दिष्ट स्थानों पर गिरा देगा। ड्रोन का उपयोग दवा की डिलीवरी, आपातकालीन भोजन और आपातकालीन स्थितियों में अंगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए भी किया जा सकता है। बताया गया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) न्यूनतम एक सौ घंटे तक उड़ान भरने के बाद ही ड्रोन उड़ाने की अनुमति देगा और टीएएस आने वाले दिनों में न्यूनतम 120 घंटे उड़ान भरने की योजना बना रहा है।

परियोजना को नारायण हेल्थ केयर की मदद से विकसित किया गया है और टीएएस ने हॉनवेल एयरोस्पेस के साथ सहयोग किया है। देश में सुरक्षा कारणों से ड्रोन तकनीक का इस्तमाल कम हो रहा है जबकि अमेरिका सहित यूरोपीय देशों में इसका उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है।

झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश महतो आजसू सुप्रीमो जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। पहाड़ी बाबा से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं।

**- संजय सेठ, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

**विद्यार्थियों** के उच्चतर शिक्षा में सहयोग के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ किया गया। इसके तहत छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए आसानी से 15 लाख तक ऋण उपलब्ध होगा।



**- चंपई सोरेन, सीएम**



**योग** केवल एक विद्या नहीं योग एक विज्ञान है। योग संपन्नता और मानसिक मजबूती बढ़ाने का भी एक माध्यम है। हम योग को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने में सफल हुए है।

**- नरेन्द्र मोदी**

# कितना जायज है ईवीएम पर सवाल?

## सामयिक

**सुरेश हिन्दुस्तानी**

देश में प्रायः हर उस चुनाव के बाद विद्युतीय मतदान मशीन (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) पर सवाल उठते रहे हैं, जब किसी भी विपक्ष की सरकार नहीं बन पाती। इस बार भी लोकसभा चुनाव के बाद देर से ही सही, लेकिन (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) ईवीएम पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि अभी स्वर इसलिए भी धीमे हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव में विपक्ष के राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत बढ़ाकर एक मजबूत विपक्ष बनने का रास्ता तैयार कर लिया है। देश के राजनीतिक इतिहास में ऐसा दृश्य पहली बार दिख रहा है, जब विपक्ष सरकार बनाने से दूर रहकर भी अपनी विजय का अहसास करा रहा है। इसके विपरीत सत्ता पाने वाले राजग इस बात की समीक्षा कर रहा है कि उसकी सीटें कम कैसे हो गईं। जबकि यह समीक्षा विपक्षी दलों को करना चाहिए। खैरङ्ख बात हो रही थी ईवीएम की। इस लोकसभा चुनाव से पूर्व भी भाजपा के नेतृत्व में दो बार केंद्र में सरकार बनी, तब भी विपक्ष का यही मानना था कि ईवीएम की गड़बड़ी के कारण ही भाजपा ने विजय प्राप्त की है। हालांकि इन दस वर्ष के दौरान कई बार ऐसे चुनाव परिणाम भी आए हैं, जिसमें भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। लेकिन विसंगति यही है कि इसके बाद विपक्ष की ओर से ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठाए गए। ऐसी स्थिति में यही कहा जा सकता है कि विपक्ष की ओर से स्थिति देखकर ही सवाल उठाए जाते हैं।

विपक्षी राजनीतिक दलों को ऐसा ही लगता है कि भाजपा के पास कोई जनाधार नहीं है। वे मात्र ईवीएम के सहारे ही जीतते हैं। जबकि विपक्ष के किसी राजनीतिक दल को किसी राज्य में सत्ता प्राप्त हो जाए तो फिर ईवीएम पर सवाल नहीं उठाए जाते। हम जानते हैं कि विपक्ष को केवल भाजपा की जीत से परहेज है। वे भाजपा की जीत को पचा नहीं पाते, जबकि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी को छप्पर फाड़ समर्थन मिला था, लेकिन तब ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठा। हमें स्मरण होगा कि सन 2014 के लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद विपक्षी दलों के अधिकतर नेताओं ने एक स्वर में ईवीएम पर सवाल खड़े किए थे। तब इन सवालों का जवाब देने के लिए चुनाव आयोग ने सारे राजनीतिक दलों को बुलाया था कि ईवीएम को कोई हैक करके दिखाए। लेकिन उस समय ज्यादा विरोध करने वाले कोई भी राजनेता चुनाव आयोग के बुलावे पर नहीं पहुंचे। इसका तात्पर्य यही है कि विपक्ष के ईवीएम पर आरोप का कोई पुष्ट आधार नहीं है। इस बार भी केवल आशंका के आधार पर ईवीएम को निशाने पर लाने की कोशिश की जाने लगी है।

चुनाव आयोग ने भी ईवीएम को लेकर उत्पन्न होने वाले भ्रम को दूर करने का प्रयास किया। लेकिन इतना होने के बाद भी यह भ्रम दूर नहीं हो सका और ईवीएम पर आरोप लगने शुरू हो गए हैं। यह विवाद कितनी दूर तक जाएगा, यह तो कहना मुश्किल है, लेकिन जब धुआं उठने लगा है तो आग भी कहीं न कहीं लगी ही होगी। अब विपक्ष के निशाने पर चुनाव आयोग और ईवीएम दोनों ही हैं। विपक्ष की ओर से यह कई बार कहा गया कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के संकेत पर कार्य करता है। वास्तविकता यह है कि चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है, जिस पर न तो किसी सरकार का कोई प्रभाव रहता है और न ही किसी राजनीतिक दल का। फिर भी चुनाव आयोग को क्यों विवाद में घसीटा जाता है। यहां यह भी बताना बहुत महत्वपूर्ण है कि अगर विदेश का कोई व्यक्ति या संस्था भारत के बारे में कोई सवाल उठाता है तो हमारे देश के कुछ लोग उस पर आंख बंद करके विश्वास कर लेते हैं, जबकि हमारे देश के संस्थान केवल सफाई देते रहते हैं।

# योग को अध्यात्म ही रहने दें व्यापार-धंधा न बनाएं

## योग

**डॉ. रमेश ठाकुर**

योग की आड़ में देश में धंधा पनप गया है। महानगरों से लेकर कस्बों-गांवों में भी इंस्टीट्यूट, प्रशिक्षण केंद्र, योग टीचर्स की फौज तैयार हो गई है। योग पर किसी का पेटेंट नहीं होना चाहिए और न ही कोई इसकी किसी को ठेकेदारी करनी चाहिए। योग शरीर को चंगा रखने का मजबूत हथियार है और सदैव रहेगा। देखकर दुख होता है जब योग का शारीरिक जरूरतों से कहीं ज्यादा मौजूदा समय में उसका व्यावसायिक, धार्मिक और सियासत में इस्तेमाल होता है। योग को मात्र स्वस्थ काया तक ही सीमित रखना चाहिए। उसकी आड़ में राजनीतिक जरूरतें पूरी नहीं करनी चाहिए। योग गुरु कहलाकर समूचे संसार में प्रसिद्धि पा चुके बाबा रामदेव ने निश्चित रूप से योग का प्रचार जबरदस्त तरीके से किया। इस दरम्यान उन्होंने बड़ा व्यवसाय भी स्थापित किया। बाजार में हजारों प्रोड्क्ट्स उतारकर उनकी कंपनी का टर्नओवर लाखों-करोड़ों में नहीं, बल्कि अरबों में पहुंच गया है।

विवादों के इतर देखें तो बाबा रामदेव की कोशिशों की बदौलत ही योग को वैश्विक मान्यता मिली। केंद्र सरकार ने भी प्रचार-प्रसार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। उसके बदले सरकार ने भी उनका फायदा चुनाव में जमकर उठाया। इस सच्चाई से भी इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन इससे योग विज्ञान का कुछ समय बीतने के बाद नुकसान हुआ। दरअसल, उनके मनाने का कारण क्या था, सभी को पता था। ठीक है, अगर विपक्षी दलों को बाबा रामदेव से कोई आपत्ति या ना-खुशी है, तो उनको योग को विरोध की केटेगरी में नहीं रखना चाहिए।

बहरहाल, कोई कहे बेशक कुछ न, पर सियासत ने योग को धर्म से छोड़ने की भी कोशिशें की। योगासनों में भी धर्मों की एबीसीडी खोजी जाती है। दूसरा, सबसे दुःखद पहलू योग के साथ ये जुड़ा, योग का व्यावसायीकरण कर दिया गया। कइयों की दुकानें योग की आड़ में चल पड़ी हैं। बड़े-बड़े प्रतिष्ठान, कॉलेज, स्कूल, प्रशिक्षण केंद्र संचालित हो गए हैं, जहां योग सिखाने के नाम पर मोटा माल काटा जा रहा है। योग गुरुओं, एक्सपट्र्स व प्रशिक्षकों की तो फौज ही खड़ी हो गई है। बड़े-बड़े नेताओं ने अपने लिए पमानेंट योग प्रशिक्षक हायर किए हुए हैं। कुल मिलाकर योग को लोगों ने अब पूरी तरह से स्टेटस सिंबल बना डाला है। यानी मध्यम वर्ग और गरीबों की पहुंच से बहुत दूर कर दिया गया है।

योग विधा नई नहीं है। पांच हजार पूर्व ऋषि परंपराओं से मिली अनमोल धरोहर जैसी है। ज्यादा पुराने समय की बात न करें, सिर्फ आजादी तक का इतिहास खंगाले तो पता चलता है कि उस वक्त तक भी चिकित्सा विज्ञान ने उतनी सफलता नहीं पाई थी जिससे अचानक उत्पन्न होने वाली बीमारियों से तुरंत इलाज कराया जाए। उस वक्त भी जड़ी-बूटियों और नियमित योगासन पर ही समूचा संसार निर्भर हुआ करता था। अंग्रेजी दवाओं का विस्तार कोई चालीस-पचास के दशक से जोर पकड़ा है। तब मात्र एकाध ही फार्मा कंपनियां हुआ करती थी, जो अंग्रेजी दवाइयों का निर्माण करती थीं। विस्तार अस्सी के दशक के बाद आरंभ हुआ। आज तीन से चार हजार के करीब फार्मा कंपनियां अंग्रेजी दवा बनाने में लगी हैं। बावजूद इसके योग का बोलबाला दिनों दिन बढ़ रहा है।

जानकार बताते हैं कि अंग्रेजी दवाएं तुरंत असर तो करती हैं पर, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता हिला देती हैं। शायद, इस सच्चाई से आम लोग अनभिज्ञ होते हैं कि बड़ी-बड़ी फार्मा कंपनियों के मालिक भी नियमित योगासन करते हैं। क्योंकि उनको योग के फायदे पता होते हैं। योग को एक नहीं, बल्कि हजारों बड़ी और गंभीर बीमारियों से लड़ने का हथियार माना गया है। वक्त फिर से पलटा है, इसलिए लोग धीर-धीरे पुरानी दवा पद्धितियों की ओर लौटने लगे हैं। सालों पुरानी हेल्थ प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मरीज योग की मदद लेने लगे हैं। अनुभवी डॉक्टर्स भी अपने पेशेंट को डेली रूटीन में योग शामिल करने की सलाह देते हैं। योग चिकित्सक मंगेश त्रिवेदी की माने तो ऐसे कई केस सामने आए हैं, जिसमें 15-20 साल पुरानी बीमारी को खत्म करने के लिए लोगों ने पहले योग की मदद ली और 3 से 4 महीने में इसका असर भी देखा है।

बहरहाल, जरूरत इस बात की है कि योग को राजनीति और धर्म के मैदान में न घसीटा जाए।

## रामगढ़ जिले में योग की धूम


सौंदा पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया योगाभ्यास।


भुरकुंडा गांधी उच्च विद्यालय में योग करते बच्चे।


रामगढ़ : मारवाड़ी युवा मंच ने मनाया योग दिवस


मध्य विद्यालय भदानीनगर में बच्चों ने किया योग।


पीवीयूएनएल पतरातू ने मनाया विश्व योग दिवस।


जेएसपी के अधिकारियों और कर्मियों ने किया योगा।


भाजपा भुरकुंडा मंडल ने मनाया योग दिवस।


भुरकुंडा जेएम कॉलेज में मना योग दिवस।


अनमोल बचपन स्कूल में बच्चों ने किया योगाभ्यास।


कुजू में योग करते भाजपा कार्यकर्ता

# बेटा-भाई के रूप में जनता की सेवा करूंगा : सांसद

## धन्यवाद यात्रा : मनीष जायसवाल ने पदमा, चौपारण और बरही के ढाई दर्जन गांवों में लोगों से किया संवाद

**खबर मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल नेबरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा, चौपारण और बरही प्रखण्ड क्षेत्र के करीब ढाई दर्जन गांवों का दौरा कर दर्जनों मंदिरों में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। कई शोकाकुल परिवार जनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। कई गांवों में जन समस्याओं से रूबरू हुए। उनके साथ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे। जायसवाल ने अपने धन्यवाद यात्रा की शुरूआत बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा प्रखंड स्थित मेन रोड पदमा और सरैया में लोगों का आभार व्यक्त कर किया। पदमा प्रखंड के सरैया स्थित मां अष्टभुजी मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात इटखोरी में मां भद्रकाली की पूजा- अर्चना करके बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण और बरही प्रखंड क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचकर मतदाताओं का आभार जताया। जायसवाल ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान क्षेत्रवासियों की भावना की समझकर मैंने अपने विधायक कार्यकाल के तर्ज.पर संसदीय क्षेत्र में लगातार जनता के बीच रहने और जनता के हरेक दुःख- सुख में सहभागी बनने के साथ क्षेत्र के हरेक छोटी बड़ी समस्याओं के निदान के लिए क्रियाशील रहने हेतु आपके उंगली में लगा मतदान का स्याही भी नहीं छूटा और आपके बीच हूं। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी मैं किसी नेता नहीं बल्कि आपके बेटा/भाई के रूप में आपके सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड स्थित झापा पंचायत स्थित ग्राम सबैया मोड़, खेलाही शिवालय, विशनपुर, झापा, ग्राम पंचायत दैहर स्थित मां कमलेश्वरी माता स्थान, नीमा, दादपुर पंचायत स्थित ग्राम सिंहपुर बजरंग क्लब, ढाब अखंड हरिकीर्तन मंदिर, बेला मंदिर, रूपीन मंदिर, रानीक मंदिर, चय मंदिर, केंदुआ मोड़, केदली, बारमोरिया, बसरिया, पड़रिया, केसरवानी भवन, पाण्डेयवारा, बछ्ई मोड और बरही विधानसभा क्षेत्र के धमना दुर्गा मंदिर, गया रोड शिवालय, तिलैया रोड़ शिव मंदिर, हजारीबाग रोड़ भगवती मंदिर बरहीडीह, बरही के धनबाद रोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर, नया दुर्गा मंदिर, भगवती मंदिर, करियातपुर और धनवार पंचायत स्थित कोरियाडीह पहुंचकर विभिन्न मंदिरों में माथा टेका और क्षेत्र वासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए एवं लोगों का आभार जताया ।यात्रा से चतरा जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर पहुंचे। जहां मां भद्रकाली का पूजा- अर्चना किया और मां भद्रकाली से समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## एक नजर में

### सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में हुआ योग

चरही। चरही, चनारो, बहेरा, इंद्रा,जरबा, बासाडीह,तापिन नॉर्थ,तापिन साउथ,चुरचू और आंगों के कई सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में शुक्रवार को योग शिविर लगा। आसन, व्यायाम, प्राणायम, कपालभाति, अनुलोम विलोम,सूर्य नमस्कार सहित कई तरह के योग व आसन के बारे में जानकारी दी गई। सीसीएल महाप्रबंधक केके सिन्हा,चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार,बीडीओ ललीत राम,चिकित्सा स्वास्थ्य प्रभारी डॉ.अशोक राम,मुखिया पूनम बेसरा, उत्क्रमित पल्स टू उच्च विद्यालय प्राध्यापक सुरेश प्रसाद महथा,कनीय अभियंता अरुण कुमार ,त्रिदेव कुमार,अनूप कुमार रवि,पंचायत सचिव साने अहमद ने किया योग।

### आईलेक्स पब्लिक स्कूल में मना योग दिवस

बरही। आईलेक्स पब्लिक स्कूल में धूमधाम से योग दिवस मनाया गया। सभी बच्चों ने शिक्षक की निगरानी में अपने योग का अभ्यास किया। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि योग का हमारे जीवन में हमेशा विशेष स्थान रहा है और खासकर विद्यार्थियों को तो इसके महत्व को समझना ही चाहिए। विद्यार्थी जीवन में सबसे महत्वपूर्ण जो इकाई है वह है एकाग्रता विद्यार्थी को पढ़ते वक्त शांत वातावरण एकाग्रता चाहिए होता है जो हमें योग के अभ्यास से ही प्राप्त होती है इसलिए सभी विद्यार्थियों को सवेरे ब्रह्म मुहूर्त में उठकर योगाभ्यास कर पढ़ाई करनी चाहिए। ऐसे विद्यार्थियों को सफलता जरूर मिलती है।

### दारू प्रखंड में धूमधाम से मना योग दिवस

**दारू।** दारू प्रखंड में योग दिवस धूमधाम मनाया गया। प्रखंड के सभी सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों, थाना और पंचायतों ने भाग लिया और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया और उनके लाभों के बारे में विस्तार से चर्चा की। ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल,सनराइज पब्लिक प्लस 2 हाई स्कूल, आईएमएस एमएमएम इंग्लिश मीडियम स्कूल, पिपचो और छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल, दारू सहित कई सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में भी विशेष योग सत्र आयोजित किए गए। विद्यालयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर योगाभ्यास किया ।

## योग को आदत में करें शामिल : डीसी



रामगढ़ । स्वस्थ शरीर और मन की कामना करते हैं तो योग को अपनी आदत में शामिल करें। यह आपके तन और मन दोनों को ऊजार्वान बनाए रखता है। यह बातें दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सिद्धू-कान्हू मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीसी चंदन कुमार ने कही। नमामि गंगे योजना व जिला आयुष समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी चंदन कुमार, एसपी डॉ बिमल कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सभी को विभिन्न प्रकार के योग एवं इनसे होने वाले फायदों के प्रति जानकारी दी गई। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रतिदिन योग को अपनी आदत में शामिल करने एवं इससे लाभान्वित होने की अपील की। डीसी चंदन कुमार ने कहा कि योग दिवस पर महिला सशक्तिकरण का थीम दिया गया है। आज जिले में कई महिला पदाधिकारी मौजूद हैं जो स्वयं योग कर रही है और लोगों को निरोग रहने के लिए योग करने के लिए प्रोत्साहित भी कर रही हैं इसके अलावा जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा भी योग किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी को अगर स्वस्थ रखना है तो उन्हें निरोग रखना बेहद जरूरी है। जो महिला अपने घर परिवार और समाज को सशक्त करती है उसे भी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना है।

## तालाब पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने सीओ को दिया आवेदन

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी में पूर्व में बने सरकारी तालाब पर अतिक्रमण का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने जिला मत्स्य विभाग तथा प्रखंड के सीओ को आवेदन दिया। ग्रामीणों ने कहा के आहार खाता नंबर 105 प्लॉट नंबर 2975 जिसका कुल रकबा 3.38 एकड़ है ।यह अल्पकालीन बंदोबस्ती वित्तीय वर्ष 2022 से 2023 से 2024 -25 तक लिए वार्सिक बंदोबस्ती राशि मो 96,200 पर कोलेश्वर सिंह, पिता रूपलाल सिंह ग्राम कटकमसांडी के साथ की गई। उक्त तालाब में मछली पालन किया जा रहा है ।जिसमे किरण देवी,अंकित कुमार केसरी, बीटू कुमर केसरी के द्वारा जबरन अतिक्रमण कर मकान बनाया जा रहा है ।ग्रामीणों का आरोप है कि मना करने पर इन नामांकित लोगो ने गली गलोज एवं पथराव किया गया ।पूरा तालाब पर कब्जा करेंगे ।लोगो ने पदाधिकारियों से तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने की गुहार लगाई।

## पत्रकार को मातृशोक

बरही। बरही के पत्रकार राजदेव गुप्ता की माता दर्शनी देवी उम्र 60 वर्ष का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व ही उनकी माता हजारीबाग के एक निजी अस्पताल से इलाज करवाने के बाद स्वस्थ होकर अपने घर वापस आई थी। वहीं शुक्रवार सुबह अचानक उनकी तबियत बिगड़ने के बाद उनका आकस्मिक निधन हो गया। मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। अंतिम संस्कार रसोईयाधमना स्थित बराकर नदी घाट पर हुआ। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र सूरज गुप्ता ने दिया। अंतिम संस्कार में में रविशंकर अकेला, गोविंद प्रसाद, नारायण साव, सरयू साव, सुखदेव साव, तापेश्वर साव, बिरेंद्र कुमार, रामवतार साव, जगरनाथ साव, सीताराम साव, नवरंगी लाल, चवरंगी लाल, सिकंदर कुमार, राजदेव साव सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## हजारीबाग में कई प्रतिष्ठानों से चार बाल श्रमिक हुये मुक्त

**खबर मंत्र संवाददाता**



हजारीबाग। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, हजारीबाग में उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन एवं धावादल द्वारा जिले के होटल, ढाबों एवं प्रतिष्ठानों में बाल श्रमिकों को मुक्त कराने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत हजारीबाग शहरी क्षेत्र के राजेश भोजनालय,बाबुगाँव, देवागंना रोड, से 01 बाल श्रमिक, होटल कृष्णा टिविष्ट्र जोन, मटवारी से 01 बाल श्रमिक एवं मुखिया जी लाईन होटल एण्ड फैमली रेस्टुरेंट, सिझुआ, ईचाक से 02 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। धावा दल में श्रम अधीक्षक सहित श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सदर ,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।

# गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में योगाभ्यास

**खबर मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय मुकुंदगंज में बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। इस योग शिविर में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सहित शिक्षक मौजूद थे।

मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने कहा कि आज की आधुनिक जीवन शैली का सबसे बुरा असर लोगों की सेहत पर पड़ा है। ऐसे में योग ही वह जरिया है जिससे लोग स्वस्थ रह सकते हैं। कहा कि यदि निरोग रहना है तो योग को अपनाना होगा। योग से न केवल शरीर और मन स्वस्थ्य रहता है, बल्कि आयु को भी 100 साल तक ले जाया सकता है। एनएसएस इकाई के सह समन्वयक जगेश्वर रजक ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता है। इससे पहले महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने बच्चों को विभिन्न आसन व प्राणायामों के बारे में व उनसे होनेवाले लाभ के बारे में बताया।

प्रशिक्षण देने वालों में बीएड सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु मुकुटधारी कुमार, शुभानी अंसारी, अल्ताफ अंसारी, उज्ज्वल कुमार, सौरभ कुमार के नाम शामिल हैं। मौके पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजली, रचना कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

**जन शिक्षण संस्थान ले मनाया योग दिवस :** योग दिवस के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान ने स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय झरपो, टाटीझरिया में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य विजय कुमार, संस्थान के निदेशक रवीश कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार एवं 150 विधार्थियों ने भाग लिया।

विजय कुमार ने कहा कि योग का नियमित अभ्यास न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे संपूर्ण जीवन को संतुलित और समृद्ध बनाने में भी सहायक है। हम सभी योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं और प्रति दिन इसका नियमित अभ्यास करें और इसके असीमित लाभ को प्राप्त करें। संस्थान के कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार ने विभिन्न योग मुद्राओं के बारे में चर्चा की और योगाभ्यास के साथ उनके लाभों से उपस्थित विद्यार्थियों को अवगत कराया।

जन शिक्षण संस्थान के निदेशक रवीश कुमार ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह आत्म-साक्षात्कार का मार्ग है जो हमें हमारे भीतर की शक्तियों को पहचानने और उनका सही उपयोग करने में सहायता करता है। यह हमें शांति, संतुलन और समर्पण की भावना से भरता है और जीवन के हर पहलू में सामंजस्य स्थापित करता है। उन्होंने योग दिवस पर सबको मिलकर अपने परिवार, मित्रों और समुदाय को भी योग की महत्ता से अवगत करने और उन्हें योगाभ्यास के संत कोलंबा के एनसीसी कैडेटों ने किया योगाभ्यास

### करें योग रहें निरोग

संत कोलंबा महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने स्वस्थ जीवन का संकल्प लेते हुए योग किया। मौके पर महाविद्यालयकर्मी व छात्रों ने योगाभ्यास कर निरोग रहने का संदेश दिया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ सत्यप्रकाश ने योग की महत्ता पर जानकारी दी साथ ही कैडेट्स को स्वस्थ रहने की सलाह दी। उन्होंने विभिन्न आसनों के फायदे एवं उनकी क्रियाओं के बारे में बताया। आधुनिक जीवनचर्या के कारण स्वास्थ्य पर पड़नेवाले दुष्प्रभावों को चिंता का विषय बताया। मौके पर एनसीसी ऑफिसर ले.डॉ. एसके पांडे ने कहा कि योग विश्व को भारत का दिया हुआ उपहार है। वर्षो से ऋषि-मुनियों ने इसकी महत्ता को माना है। कहा कि योग एनसीसी पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है इसलिए कैडेटों को इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए। मौके पर सीनियर अंडर ऑफिसर कुशल कुमार, अंडरऑफिसर अमन पांडे, विक्रम सिंह, आयुषी सिंह सहित कई कैडेट्स उपस्थित थे।


OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
**JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED**
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

**Notice Inviting Tender No. 02/ 2024-25**

Letter No.- CE/3637/578 Date: 21.06.2024

Chief Engineer, Jharkhand Police Housing Corporation Limited invites percentage rate bids on approved Bill of Quantities from contractors registered with JPHCL in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JPHCL/ GR 01/ NIT02/ 2023-24 | Minor Repair work in one L.S. flat (302) at L.S. Tower, Police Line, Ranchi. | 464517.00 | 1250.00 | 10000.00 | 30 days |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available on our Website **http://jphcl.jhpolice.gov.in** from 22.06.2024 at 11:00 AM to 27.06.2024 up to 5:00 PM. Bids must be submitted before 3:00 PM on 28.06.2024 in the office of Chief Engineer , JPHCL, Line Tank Road, Ranchi. Technical Bids received will be opened at 3:30 PM on 28.06.2024.
3. Further details can be seen on Website **http://jphcl.jhpolice.gov.in** Prospective bidders may contact Tel. No. 0651-2214712 also for any help, if required.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

**Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi**

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

T. Reference No. :- O &M BUNDU -27/2023-24 (4th Call) Pr No. 317486 & 320323Date 20.06.2024

| Si. No. | Name of Work | Estimated Cost (in Lakhs.) | Bid Security (Lakhs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Annual Operation and maintenance work of 7 MLD capacity W.T.P. Bundu Urban Pipe Water Supply Scheme for the year 2023-24 and 2024-25 Excluding the Energy Cost. under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 40.46018 Lakh | 0.81000 Lakh | 5000.00 | 13 Months |
| 2. | Date of Tender Uploading on Website | 26.06.2024/02.00 PM. | | | |
| 3. | Document Download / Sale Start Date | 26.06.2024/02.00 PM. | | | |
| 4. | Bid Submission Start Date | 26.06.2024/02.00 PM. | | | |
| 5. | Document Download / Sale End Date | 04.06.2024/04.00 PM. | | | |
| 6. | Bid Submission End Date | 04.07.2024/04.00 PM. | | | |
| 7. | Date of Opening of Tender | 06.07.2024/11.00 AM. | | | |
| 8. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 9. | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 10. | Contact No. Of Procurement Office | 0651-2480155 | | | |
| 11. | Helpline No. Of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | |

नोटः- 1. निविदा की राशि घट बढ़ सकती है। विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
PR 327224 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा सं0 :- 01/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :- 21.06.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1. कार्य की विवरणी :-

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/STP KG/10/2023-24 (Part-1) | चुरचू | फुसरी से कजरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0-2.900 कि0मी0) | 9,15,94,000/- | नौ करोड़ पन्द्रह लाख चौरानवे हजार रुपये मात्र | 15 (पन्द्रह) माह |
| | | चुरचू | जोरदाग गाँव से डूमर (चुरचू मुख्य पथ) भाया कोवारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0-2.990 कि0मी0) | | | |
| | | दारु | इरगा से बरवार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0-4.460 कि0मी0) | | | |
| | | दारु | बेलवा मोड़ से आँगो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0-5.220 कि0मी0) | | | |
| | | दारु | आँगो से रहमदगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0-4.500 कि0मी0) | | | |
| | | डाड़ी | खपिया से कोलुवाटांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0-1.000 कि0मी0) | | | |
| 2 | RWD/HAZ/STP KG/10/2023-24 (Part-2) | केरेडारी | बलेदवारी से तेलिया बेंगवारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0-3.450 कि0मी0) | 8,65,99,200/- | आठ करोड़ पैंसठ लाख निन्यानवे हजार दो सौ रुपये मात्र | 15 (पन्द्रह) माह |
| | | केरेडारी | गरीखुर्द से बरियातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0-2.300 कि0मी0) | | | |
| | | बड़कागाँव | आँगो आर0ई0ओ0 रोड से करमटांड, बघपंजा भाया कोयलंग, सरना, बगाही तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0-4.255 कि0मी0) | | | |
| | | बड़कागाँव | काण्हतरी से बुढ़वा महादेव तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0-2.400 कि0मी0) | | | |
| | | बड़कागाँव | लुरुंगा मुख्य पथ से आदिवासी टोला भाया लेटवाटांड, चानो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0-3.400 कि0मी0) | | | |
| | | बड़कागाँव | नपोखुर्द से असनाटांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0-2.750 कि0मी0) | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 29.06.2024
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-12.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय-13.07.2024 पूर्वाह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :-कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-06546-265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग
PR 327281 Rural Work Department(24-25)#D

स्पीड न्यूज

## टीएसपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत और मुखदेव के घर कुर्की जप्ती

**कुंदा (चतरा)।** शुक्रवार को कुंदा थाना और मनातू थाना ने संयुक्त अभियान चलाकर लाल वारंटी टीएसपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत और मुखदेव यादव के घर में कुर्की जप्ती की। कुंदा थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने बताया कि टीएसपीसी के उग्रवादी मनातू थाना क्षेत्र के केटर गाँव निवासी शशिकांत गंझु और मीटार गांव निवासी मुखदेव यादव के घर में कुर्की जप्ती की गई है। इन दोनों उग्रवादियों पर कुंदा थाना में कई मामले दर्ज हैं। हालाँकि पुलिस प्रशासन द्वारा कुर्की जप्ती में बरामद सामान की पुष्टि नहीं की गई है। अभियान में कुंदा थाना प्रभारी सनोज चौधरी और मनातू थाना प्रभारी समेत जिला बल के जवान शामिल थे।

## जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता ने सुनी आमजनों की समस्या

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार अपर समाहर्त्ता अरविंद कुमार ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेंशन, राशन समेत अन्य मामला शामिल है। अपर समाहर्ता ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स डीटीएफ की बैठक

**चतरा।** विकास भवन सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक हुई। बैठक में एडल्ट बीसीजी टीकाकरण के बारे में विस्तार से बताया गया। नवजात बच्चों को टीबी से बचाव के लिए बीसीजी का टीका दिया जाता है, अब वयस्कों और बुजुर्गों को भी बीसीजी का टीकाकरण किया जाएगा। पूरे जिले में घर-घर सर्वे का कार्य जारी है, चिन्हित व्यक्तियों को जुलाई से बीसीजी का टीका लगाया जाएगा।

## मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार का आरोप

**सिमरिया।** सिमरिया में मनरेगा बीपीओ द्वारा योजनाओं का लाभ लाभुकों को रिश्वत न देने के कारण नहीं दिया जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर सिमरिया एसडीओ आईएएस सन्नी राज, उपयुक्त चतरा और मंत्री से लाभुक शिकायत करेंगे। मुखिया और पंचायत सचिव द्वारा गरीबों के उत्थान के लिए योजना की स्वीकृति जनवरी 2024 में दी गई थी, लेकिन रिश्वत न देने पर आज तक योजनाओं को ऑनलाइन नहीं किया गया है।

## कृषक सखी का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**गिद्धौर।** बारियातू क्लस्टर में जेएसएलपीएस से जुड़े कृषक सखी का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुक्रवार को समाप्त हुआ, जिसमें बीपीएम केदार प्रजापति और एडमिन अमरजीत सिन्हा ने कृषक सखी महिलाओं को जैविक खाद बनाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। नाडेप घनजिवामृत, केंचुआ खाद, दवा में निर्वस्त्र ब्रह्मास्त्र, अग्नि अस्त्र जैसी दवाई खाद बनाने की विधि सिखाई गई। सरदार जितेंद्र कुमार, सुमन कुमारी और सुनील पासवान ने क्षेत्र में किसानों को बेहतर तरीके से बरसती खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पूर्व सैनिक ने भुवनेश्वर गोप के परिजनों से की मुलाकात, दी सहायता राशि

**सिमरिया।** पूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने शुक्रवार को चाडरम निवासी दिवंगत सैनिक भुवनेश्वर गोप के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा और जिला अध्यक्ष मोहन कुमार साहा ने संगठन की ओर से दिवंगत सैनिक के परिजनों को 10 हजार रुपए की सहायता राशि सौंपी। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिक के निधन से संगठन को गहरा दुख पहुंचा है। अभी भी सेवानिवृत्त होकर घर वापस लौटे ही थे कि उनका निधन हो गया।

### शांत करने गयी महिला थाना प्रभारी के साथ हाथापाई, आरोपी महिला गिरफ्तार

# डीसी कार्यालय में महिला ने की हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** महिला थाना प्रभारी पिंकी रानी के साथ एक महिला ने हाथापाई कर दिया। जिससे महिला थाना प्रभारी घायल हो गयी, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। घटना के सम्बंा में मिली जानकारी के अनुसार छतरबर निवासी सितारा आलिया पिता अब्दुल करीम शुक्रवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय पहुंची और किसी बात को लेकर हंगामा करने लगी। वहीं कर्मचारियों के द्वारा काफी समझाने बुझाने के बाद भी जब वह हंगामा करती रही तो इसकी जानकारी पुलिस को दिया गया। जिसके बाद दलबल के साथ महिला थाना प्रभारी पिंकी रानी डीसी कार्यालय पहुंची और हंगामा कर रही महिला को शांत कराने का प्रयास किया, जिससे उक्त महिला और आक्रोशित होकर महिला थाना प्रभारी को धक्का दे दिया। जिससे संतुलन खोकर महिला थाना प्रभारी गिर कर घायल हो गयी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला को पकड़ कर थाना लाया गयी। घटना को लेकर महिला थाना प्रभारी के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले में महिला थाना प्रभारी पिंकी रानी ने कहा है कि वह महिला थाना में अपना कार्य कर रही थी, इसी दौरान एसपी कार्यालय से सूचना मिली कि एक महिला उपायुक्त कार्यालय में हंगामा कर रही है, सूचना पाकर जब वहां पहुंची और उक्त महिला को समझाने का प्रयास किया तो उसने उल्टे मुझे धमकी देते हुए कहा कि तुमलोगों को देख लुंगी, काफी अनुरोध करने पर भी महिला हंगामा करते रही और इसी दौरान मुझे धक्का दे दी, जिससे मैं संतुलन खो कर गिर गयी और मेरा दाहिना हाथ फ्रेक्चर हो गया, जिसके बाद पुलिस के सहयोग से उक्त महिला को हिरासत में लिया गया। घटना को लेकर कांड संख्या 138/24 में मामला दर्ज कर आरोपी महिला को जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय रहा जिला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को कोडरमा जिला योगमय रहा। विभिन्न स्कूलों और संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित किये और लोगों से नियमित योग करने की अपील की। इस अवसर पर ब्लॉक मैदान में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां विधायक डॉ. नीरा यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज व एसपी अनुदीप सिंह समेत तमाम वरीय अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने योग प्रशिक्षकों की मौजूद्गी में योगाभ्यास किया। मौके पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और युवा भी शामिल हुए। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और भारत माता की जय के साथ लोगों ने योग करना शुरु किया। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि पीएम मोदी ने योग को वैश्विक मंच देने में अहम भूमिका निभाई है और आज पूरा विश्व 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है।

### झुमरीतिलैया ग्रैंड सूर्या परिसर में हुआ योगाभ्यास

**कोडरमा।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में ग्रैंड सूर्या मैदान में योग अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ. जेपीएन बर्णवाल, डॉ. उपेंद्र कुमार भदानी, डॉ. मनोज कुमार भदानी, डॉ. नीरज कुमार साहा, सूर्य नारायण मोदी, विजय सिंह थे।

## विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों में योग दिवस का आयोजन



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां परिसर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तत्वाधान में डॉ. पियूष कुमार के नेतृत्व में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमें योग प्रशिक्षक लक्ष्मीकांत वर्मा के द्वारा एक से बढ़कर एक योग कराया गया एवं स्वस्थ्य रहने को लेकर उनके द्वारा टिप्स भी दिया गया। मौके पर उपस्थित बीडीओ सौरभ कुमार, सीओ ओम प्रकाश बड़ाइक ने कहा की योग हमारे जीवन में अहम स्थान रखता है। योग जीवन का आधार है योग करने वाला व्यक्ति हमेशा निरोग रहता है। वहीं डॉ. पियूष कुमार ने प्रखंड के सभी जनता को आयुष केंद्र पर प्रतिदिन योग करने का अनुरोध भी किया। वहीं दूसरी ओर थाना परिसर में भी थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में जवानों के बीच योग दिवस मनाया गया। इसके आलावे प्रखंड के बीआरसी कार्यालय, सभी उच्च विद्यालयों, मध्य विद्यालयों, प्राथमिक विद्यालयों सहित सभी निजी विद्यालयों में बच्चो के बीच योग दिवस मनाया गया एवं योग करने के लाभ के बारे में बताया गया। मौके पर डॉ. रामौतार चौधरी, डॉ. सत्यनारायण भकत, डॉ. आशीष कुमार के अलावा सभी प्रखंड कर्मी, स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मी, सहिया आदि मौजूद थे।

### जीएस. पब्लिक स्कूल में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

**कोडरमा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जीएस. पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बच्चों को योग दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी और कहा कि योग भारतीय संस्कृति से जुड़ा है, जो अब विदेशों में भी फैल गया है। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने बच्चों के साथ योग आसन में अपनी भागीदारी निभाई। वहीं उन्होंने संबोधित करते हुए कहा की आज विश्व भर में लोग स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास कर रहे हैं।

### बीआर इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**कोडरमा।** बीआर इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के निदेशक ओपी राय एवं योग प्रशिक्षक अरविंद एकघरा उपस्थित रहे। वहीं निदेशक ओपी राय ने योग प्रशिक्षक अरविंद को पौधा देकर सम्मानित किया, तत्पश्चात् योग प्रशिक्षक के द्वारा केंद्र के प्रोटोकॉल के अनुसार उपस्थित सभी छात्रों एवं शिक्षकों को योग कराया गया।

### 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर

## योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन, मंत्री भोक्ता हुए शामिल




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने शामिल होकर द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा शरीर को अगर स्वस्थ्य रखना चाहते हो तो प्रति दिन योग कीजिए। योगा करने से किसी भी तरह की बीमारी नही होती हैं। इसके अलावे करें योग रहें निरोग का नारा बुलंद किया गया। इस कार्यक्रम उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय समेत सैकड़ों की संख्या में आम नागरिकों ने हिस्सा लिया और योग के महत्व का समझने का कार्य किया। अपर समाहर्ता ने कहा स्वस्थ, निरोग रहने के लिए नियमित योग करें।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा अमर जोड़ी खेल मैदान में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जहाँ स्कूली बच्चों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने सुबह 7:00 बजे से योग अभ्यास किया। योग गुरु शिबू कुमार ने परिणाम और लोमवीलोम समेत विभिन्न योग अभ्यास कराए।

## भद्रकाली महाविद्यालय में अंतर्राष्टीय योग दिवस का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में एनएसएस इकाई एक एवं दो के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। झारखंड के विख्यात योगगुरु संन्यासी शंकर चंद्रवंशी ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को विभिन्न योगासन करवाए और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रस्तिका जैसे प्राणायाम भी करवाए। प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने कहा कि भारत ने योग को पूरी दुनिया में पहुंचाया है और यह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का एक प्रभावी तरीका है। मुख्य अतिथि समाजसेवी देव कुमार सिंह ने कहा कि योग और प्राणायाम से शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक शांति प्राप्त होती है।

### विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह

**सिमरिया।** प्रखंड के राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। छात्राओं ने पद्मासन, उष्ट्रासन और सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासन किए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम प्रवेश केवट ने बताया कि योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है।

### डीपीएस स्कूल पीतीज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**इटखोरी।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, दिल्ली पब्लिक स्कूल पीतीज परिसर में निदेशक जितेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में शारीरिक शिक्षक रंजन कुमार और सुमित कुमार ने योग करवाया। इस अवसर पर, उन्होंने विस्तार से बताया कि योग का हमारे जीवन में क्या महत्व है। विद्यालय की प्रधानाचार्य उन्निकृष्णा एन के, शिक्षक-शिक्षिकाएँ रूबी मैम, ज्योति मैम, नीलम मैम, ब्रजेश कुमार, प्रहलाद सर, अशोक सर, मनीष सर, प्रीतम सर, वेद प्रकाश पांडे सर, राकेश सर, और विद्यालय के छात्र-छात्राएँ इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## पुलिस ने स्कूलों में चलाया विशेष साइबर जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के बच्चों को मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने शुक्रवार को साइबर अपराध की जानकारी देकर उनको बचाव के तरीके बताए गए। साइबर अपराधों को रोकने व साइबर क्राइम के प्रति आमजन को सजग करने के लिए पुलिस ने स्कूलों में विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत बच्चों को साइबर अपराध की जानकारी देकर उनको बचाव के तरीके बताए गए। इस दौरान स्कूल के छात्राओं को खास का विशेष निर्देश दिए कि अपना फेसबुक एकाउंट, इंस्ट्राग्राम, ट्विटर अकाउंट को प्राइवेट रखे अंजान को फ्रेड रिक्वेस्ट नही भेजें।

**अंजान को ना दें जानकारी :** थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि साइबर अपराध कई प्रकार के होते हैं, जिसमें हैकर्स/धोखेबाज किस्म के अपराधी पीड़ितों की प्रतिष्ठा, वित्त, व्यवसाय आदि को प्रभावित करने वाले विभिन्न साधनों का उपयोग करते हैं। समय के साथ साइबर अपराधी साइबर क्राइम करने के तरीके बदल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आपकी सहायता करने के लिए आपको यदि कोई बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर आपसे कोई जानकारी मांगता है तो आप उसे अपनी कोई भी जानकारी ना दें। उन्होंने बताया कि साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। बदलते वक्त के साथ साइबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। साइबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों के पास किसी एप्लीकेशन के माध्यम से फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजते हैं। वह उनसे दोस्ती कर धीरे-धीरे उनके बारे में समस्त जानकारियां जुटा लेते हैं। उसके बाद शातिर उनको ठगी का शिकार बनाते हैं।

वो उनकी निजी फोटो/बैंक खातों से संबंधी जानकारी भी एकत्रित कर लेते हैं और अपने जाल में फंसाकर उनके खाते में जमा पूंजी को खाली कर देते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों एवं आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक कर रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से साझा करने से बचें।

### इंट्री लागू कर क्या प्रगति के पहियों पर लगेगा पूर्ण विराम?

**रविन्द्र दास**

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा-सिमरिया मुख्य ग्रामीण सड़क पर चट्टी बारियातु के कोयले की ढुलाई पर बहुप्रतीक्षित नो इंट्री लगाने की चर्चा हर जगह छाई हुई है। लोगों की उम्मीदें नव निर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह पर टिकी हुई हैं, जिन्होंने अपने विजयी घोषणा होने से महज एक दिन पहले ही स्थाई नो इंट्री लगाने का वादा किया था। सांसद प्रशासनिक स्तर से जोरदार पहल कराने के प्रयास शुरू कर चुके हैं। इसी मुद्दे पर भाजपा की विपक्षी पार्टी झामुमो नेता मनोज चंद्रा भी लोगों के बीच आकर नो इंट्री की मांग कर रहे हैं?

एक नजर में

## भीषण गर्मी में पेयजल संकट, टैंकर से मुहल्लों में राजद पहुंचा रहा पानी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भीषण गर्मी से आम जनमानस परेशान है। वहीं चिलचिलाती गर्मी में धरती तप रही है और जलस्तर काफी नीचे चला जा रहा है। जिस कारण कई मुहल्लों में चापाकल और कुआं से पीने का पानी नही निकल पा रहा है। वहीं झुमरीतिलैया के कई इलाकों में सालों से पेयजल संकट विकराल रूप धारण कर रही है। इस साल भीषण गर्मी में कई कुआं सुख चुके है और शहर में पेयजल संकट गहरा गया है। आम जनमानस पीने के पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है। वहीं राजद नेताओं ने कहा कि झुमरीतिलैया समेत विभिन्न इलाकों में पेयजल संकट के मद्देनजर सुभाष प्रसाद यादव की ओर से टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन इलाकों में भी पेयजल की समस्या है, उन इलाकों में टैंकर भेजा जा रहा है।

## राजा तालाब के पास मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा।** जिले में शुक्रवार की सुबह कोडरमा थाना अंतर्गत राजा तालाब के पास सूर्य मंदिर के पीछे एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। वहीं मृतक की पहचान 42 वर्षीय उदय प्रसाद सिंहा पिता जुगेश्वर प्रसाद कोडरमा बाजार निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। इसी बीच तीन दिन पहले मामला महिला थाना तक पहुंचा था। गुरुवार की देर शाम मृतक घर से निकल गया। सम्भावना है कि जहर खाकर उसने अपनी जान दे दी। वहीं शुक्रवार की सुबह आसपास के लोगों ने उसे वहां देखा तो इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## नि:शुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवादाता**

**कोडरमा।** कल्याण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के सभी सरकारी विद्यालय के कक्षा 8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए नि:शुल्क साईकिल वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन सभा मंडप पॉलिटेक्निक कॉलेज कोडरमा में किया गया। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज व डीडीसी ऋतुराज द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूली बच्चों के द्वारा सभी अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया गया। वहीं नि:शुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत शुक्रवार को 154 छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि साईकिल चलाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। स्वस्थ रहने के लिए आज कल लोग बढ़ चढ़कर साईकिल चलाते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि सभी बच्चे स्कूल जाने के लिए साईकिल का इस्तेमाल करें एवं मेहनत कर निरंतर आगे बढ़े।

वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साईकिल का इस्तेमाल करते हुए स्कूल जायें।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो का 50 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में शुक्रवार को आजसू कार्यकताओं ने पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो का 50वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कार्यकारी जिला अध्यक्ष छोटू सिंह भोगता की अध्यक्षता में मनाए गए इस कार्यक्रम में कार्यकताओं ने केक काटा और एक-दूसरे को केक खिलाकर बधाई दी।कार्यक्रम के बाद सभी लोगों से आह्वान किया गया कि 22 जून को सिमरिया विधानसभा में आजसू पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसमें प्रखंड से सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता शामिल होंगे और स्थापना दिवस धूमधाम से मनाएंगे। इस अवसर पर आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, सुगन साव, शिव शंकर यादव, अशोक साव, शिव नारायण साहू, कौलेश्वर पासवान, देवकी साव, वीरेंद्र पासवान, ललित पासवान, राजकुमार राम, सुरेश साहू, अरुण पासवान, बलदेव राम, गोपाल महतो, शिवकुमार, विष्णु उरांव, रोशनी टोप्पो, प्रतिमा देवी, लालजीत भोक्ता, बंधन गंझु, चेतलाल गंझु, मोहन गंझु, नारायण गंझु, सुरेश गंझु, कैलाश कुमार, महेश तुरी, निरंजन पांडेय राहुल कुमार साहू, तिलक महतो, कैलाश महतो, सुमा देवी, शांति देवी, शारदा देवी, अनीता देवी, अर्जुन माली, शिवानी कुमारी, गणेश राणा, गोधन भुईया सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सुप्रीमो सुदेश महतो का जन्मदिन मना



**इटखोरी।** आजसू पार्टी के सुप्रीमो और झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो का 50वां जन्मदिन उनके कार्यकताओं ने इटखोरी में मनाया। इस अवसर पर आजसू जिला सचिव मंटू कुमार दांगी, जिला उपाध्यक्ष संजय मेहता, राजू शर्मा, परखंड अध्यक्ष बिरजू राणा, चुलबुल गुप्ता, संदीप राम, छोटू राम, शशि सिंह, कुंदन कुमार, बीटू रजक और राहुल कुमार सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकताओं ने सुदेश महतो को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की।

स्पीड न्यूज

## वज्रपात की चपेट में आने से युवती की मौत

**कुड़ू।** लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र अन्तर्गत जींगी गांव के जोजरो में वज्रपात की चपेट में आने से एक युवती की मौत गई। मृतिका की पहचान जींगी गांव निवासी सलामत अंसारी की 24 वर्षीय पुत्री सहाना परवीन के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सहाना जोजरो कब्रिस्तान के समीप पशुओं के लिए खेत में घास काट रही थी। इसी दौरान बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में आ गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों व परिजनों की मदद से सहाना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

## आसमानी बिजली के चपेट में आने से एक बच्चे की मौत, दो घायल

**लोहरदगा।** जिले में शुक्रवार को आफत बनकर गिरी आसमानी बिजली। जिले के बगडू थाना क्षेत्र अंतर्गत केंद टोली में वज्रपात की चपेट में आने से एक बच्चे की हुई मौत दो बच्चे घायल हो गए। मृत बच्चे की पहचान अरुण महली के 10 वर्षीय पुत्र आर्यन महली के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार स्कूल से आने के बाद बच्चे आम चुनने गए हुए थे। इसी दौरान आसमानी बिजली गिरने से तीन बच्चे इसके चपेट में आ गए। जिसमे एक बच्चे की मौत हो गई जबकी दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस के सहायता से तीनों बच्चों को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच कर आर्यन महली को मृत घोषित कर दिया। वही रितेश उरांव और रूपेश महली का सदर अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में युवती गंभीर रूप से घायल

**लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के बरही के समीप हुए सड़क दुर्घटना में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद इलाज के लिए युवती को सदर अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर कर दिया गया है। घायल युवती की पहचान सेरेंगहातु निवासी इशाक अंसारी की 24 वर्षीय पुत्री रुकसाना खातून के रूप में हुई है। बताया जाता है कि भंडरा बीआरसी में डाटा ऑपरेटर के पद पर कार्यरत रुखसाना खातून अपने सहयोगी के साथ मोटरसाइकिल से भंडरा बीआरसी से सेरेंगहातु अपने घर आ रही थी। इसी दौरान बरही के समीप सामने से मवेशी के आ जाने से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े जिसके बाद एक ऑटो ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे रुकसाना गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद रुकसाना को सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाजबके लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। युवती के शरीर पर गम्भीर चोटें आई है।

## बीडीओ ने अबुआ आवास निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**चैनपुर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर यादव बैठा ने शुक्रवार को बरवेनगर गांव में लाभुकों को मिले अबुआ आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया साथ ही लाभुकों को कई दिशा-निर्देश दिए वहीं वैसे लाभुक जिनका प्रथम किस्त आ जाने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं किए हैं उनको कड़ी हिदायत दी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# वित्तीय वर्ष 2023-24 के मार्च तिमाही तक जिले का सीडी रेसियो 31.96 प्रतिशत, डीसी ने जतायी नाराजगी

## जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति व जिला स्तरीय समीक्षात्मक समिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) व जिला स्तरीय समीक्षात्मक समिति (डीएलआरसी) की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने बैंकवार हुए कार्यों की समीक्षा कर लक्ष्य के अनरूप कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक ने बैंकवार विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के मार्च तिमाही तक जिले का सीडी रेसियो 31.96% रहा। जिसमें पिछले दिसम्बर तिमाही की तुलना में 0.08% की गिरावट दर्ज की गई है जो कि संतोषजनक नहीं है। जिले का सीडी रेसियो कम से कम 40% होना चाहिए। उपायुक्त ने सभी बैंकों को आवश्यक प्रयास कर सीडी रेसियो में सुधार लाने का निर्देश दिया। वार्षिक साख योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के समाप्त मार्च तिमाही तक कुल ऋण वितरण की उपलब्धि 94.16% रही। कृषि क्षेत्र में कुल उपलब्धि निर्धारित लक्ष्य का 73.66%, एमएसएमई में 136.01% एवं प्राथमिक क्षेत्र में 92.89% एवं गैर प्राथमिक क्षेत्र में 97.12% रही। इसी प्रकार केसीसी अंतर्गत वितीय वर्ष 2023-24 के समाप्त मार्च तिमाही तक 14691 केसीसी ऋण का वितरण किया गया जो कि निर्धारित लक्ष्य का 46.76% है। जिसमें झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा 8353 एवं बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 3068 केसीसी जारी किया गया। केसीसी पशुपालन एवं मत्स्य पालन के अंतर्गत अंतिम तिमाही तक कुल क्रमशः 24 एवं 54 आवेदनों की स्वीकृति प्रदान की गई है। एलडीएम द्वारा आगे की जानकारी देते हुए बताया गया की वित्तीय वर्ष 2023- 24 के समाप्त मार्च तिमाही तक जिले में कुल 4574 समूहों का क्रेडिट लिंकेज किया गया। जिसके अंतर्गत संवितरण राशि 10014.82 लाख है। जिसपर उपायुक्त से जेएसएलपीएस डीपीएम को लिंकेज के उपरांत समूहों द्वारा अधिक से अधिक ऋण उपयोगिता सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। पीएमजीईपी अंतर्गत वर्ष 2023-24 में कुल आवंटित लक्ष्य 186 है जिसके विरूद्ध मार्च तिमाही तक 82 लाभुकों को ऋण प्रदान किया गया है। जो कि निर्धारित लक्ष्य का 44% है। जिसमें बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 37, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 13 एवं झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा 11 ऋण स्वीकृत किए गए। वित्तीय वर्ष 2023-24 के आदिम तिमाही तक बैंकों का कुल एनपीए 15439 लाख है जो कि कुल ऋण 128192 का 12.04% है। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, एलडीएम गुमला , जीएम डीआईसी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

### लक्ष्य के अनुरूप किसानों को केसीसी का लाभ दें: डीसी

किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा में उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप किसानों को केसीसी का लाभ देने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को एलडीएम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लाभुकों को केसीसी ऋण उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने लंबित पड़े आवेदनों का डिस्बर्शमेंट करने हेतु कृषि विभाग को अपने टीम को नियमित रूप से बैंक से समन्वय स्थापित करते हुए अपडेट रिपोर्ट प्राप्त करने की बात कही एवं योजनावार तरीके से केसीसी के लाभुकों को योजना का लाभ देने का निर्देश दिया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी योगाभ्यास किया। चैनपुर के मनोरमा सरस्वती शिशु मंदिर में योगाचार्य बाबूलाल कुमार ने सभी को योगाभ्यास कराया और कहा की नियमित योग करने से लोगों का शारीरिक के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है। योग करने से शरीर हमेशा निरोग रहता है। साथ मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। हमें जरूरत है कि हम योग को अपने दिनाचार्य में शामिल करें। जिससे हम स्वस्थ रह सके। मौके पर मुख्य रूप से मनोहर बड़ाइक, संतोष केशरी,अमित पाण्डेय, विक्की साहु,दीपक साहु,अशोक सिंह,कौशल केशरी,नंदा केशरी, बुधराम नायक सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

# महिला कॉलेज में योग दिवस का हुआ आयोजन



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर मधुसूदन लाल अग्रवाल महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया।

योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि-पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ,विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के महासचिव शांति निरू भगत, कार्यक्रम का अध्यक्षता समाजसेवी प्रवीण सिंह, योग गुरू डॉ अशोक आचार्य, सुधीर अग्रवाल ,ओम प्रकाश सिंह, राजमोहन राम सहित गण मान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं योग साधीका महिलाओं द्वारा शंखनाद करके प्रारंभ किया गया। डॉ अशोक आचार्य ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास खड़े होकर ताड़ासन वृक्षासन पेट के बाल आसन,पीठ के बाल आसन, प्राणायाम ध्यान और संकल्प कराये। 2024 योग दिवस का थीम था नारी सशक्तिकरण के लिए योग। इस थीम को ध्यान में रखते हुए म्यूजिक पर महिलाओं द्वारा ग्रुप एडवांस्ड आसान किया गया। योग के अभ्यास समाप्त होने पर विशिष्ट अतिथि नीरू शांति भगत ने योग कीजिए निरोग रहिए का संदेश दिया। मुख्य अतिथि समीर उरांव ने अपने संदेश में कहे कि आप दिन भर कैसे ऊजार्वान रह सकते हैं इस पर जोर दे एवं यम नियम का पालन एवं ध्यान करने पर विशेष जोर दे। अंत में योग दिवस कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे हैं समाजसेवी प्रवीण सिंह ने योग कर आंतरिक दिया जलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा की व्यक्ति यदि जीना चाहता है तो योग करें और उन्हें कहा कि योग को धर्म एवं जाति से न जोड़े और सब को योग कराये कार्यक्रम का आयोजन वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट की ओर से किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी अजातशत्रु , संदीप, रितेश, लोकेश, रत्नेश,रमेश साहू , विदेशी साहू, पतंजलि परिवार की महिलाएं, गायत्री परिवार के महिलाएं, बजरंग दल, श्री राम सेवा समिति के लोग बहुत सारे महिला संगठन के साथ काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**गुमला।** गुमला पॉलिटकेनीक कॉलेज में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्सरह पूर्वक मनाया गया। जिसमें योग के अभ्यास के माध्यम से शारीरिक और मानसिक कल्याण के महत्व पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की भागीदारी रही। जिसने एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कमांडर पी रामा राव जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी गुमला के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योग आसन और श्वास अभ्यास किये। योग में अपने व्यापक ज्ञान और अनुभव के लिए जाने जाने वाले कमांडर पी रामा राव ने सत्र का नेतृत्व किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर कोई योग का पालन कर सके और इससे लाभ उठा सके।

एक नजर में

## 10वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पतंजलि योग महोत्सव के रूप में मनाया



व्यवहार न्यायालय में योग शिविर में मौजूद अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान, युवा भारत एवं महिला पतंजलि योग समिति की ओर से योग महोत्सव के रूप में मनाया गया। पतंजलि के योग शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंडों में भी बड़े ही धूमधाम एवं योग आयुर्वेद को अपनाने के लिए व्यापक तरीके से दैनिक दिनचर्या में आत्मसात करने की पहल की गई। जिला प्रभारी प्रवीण भारती एवं मानसी द्वारा व्यवहार न्यायालय लोहरदगा, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला प्रभारी शिवशंकर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, पतंजलि योग समिति के सह जिला प्रभारी वासुदेव महतो लोहरदगा रेलवे स्टेशन, युवा भारत के जिला प्रभारी अंकित अग्रवाल, वरीय योग शिक्षक संजय मधुर, युवा योग शिक्षिका खुशी भारती, अजय प्रसाद द्वारा सलगी चांपी में, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती द्वारा ब्लॉक कालोनी सामुदायिक भवन लोहरदगा में, कूडू मुख्यालय में सुमित उरांव व शिवराज विजय महतो, किस्को में विजय साहू, सेन्हा में विजय सोनी व विजय कुमार, कैरो में सुदामा महतो, गुरुकुल शांति आश्रम में अर्जुन आर्य समेत सभी प्रखंडों में योग साधकों एवं बहनों द्वारा योग अभ्यास कराया गया।

**इन आसन प्राणायाम का कराया गया अभ्यास :** योग सत्र भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत विशेषज्ञ योग साधकों द्वारा कराया गया। जिसमें प्रार्थना मंत्र, ग्रीवा चलन, स्कंध चालन, स्कंध चालन, कटि शक्ति चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतु बंधासन, उत्तानपाद आसन, अर्द्ध हलासन, पवन मुक्तासन, योग निद्रा, कपालभांति, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी एवं ध्यान आदि शामिल हैं। अंत में शांति पाठ के साथ योग महोत्सव को आज ही नहीं बल्कि अपने दैनिक व्यवहार में लाने का संकल्प लिया गया।

## योग दिवस सह सूर्यनमस्कार पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल विंग और बैंक कॉलोनी स्थित प्राइमरी विंग में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्ले स्कूल में योग शिक्षिका चंदा कुमारी ने बच्चों को योग की उपयोगिता के बारे में बताया और उन्हें सूक्ष्म व्यायाम जैसे ताड़ासन, वृक्ष आसन और शशाकाशन कराया। प्राइमरी विंग में पतंजलि जिला समिति के सहयोग से बच्चों को योग सिखाया गया। डिजिटल युग और जलवायु परिवर्तन के कारण शरीर के लिए योग कितना आवश्यक है, इस पर भी बच्चों को जानकारी दी गई। इसके साथ ही, सूर्यनामस्कर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें ग्रेड 1 से 5 तक के छात्रों ने भाग लिया। बचपन विद्यालय में योग की कक्षाएं नियमित रूप से चलती हैं और यह हमारे पाठ्यक्रम का हिस्सा है। हम सभी बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सूर्यनमस्कार आसन प्रतियोगिता में कक्षा 5 से अक्षत विवेन प्रथम स्थान, उन्नति उरांव, द्वितीय स्थान, प्राची कुमारी तृतीय स्थान, कक्षा 3 और 4 स रक्षिता रॉय प्रथम स्थान, कैरा सिंह द्वितीय व देवांश सत्पती तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आस्था सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका पूनम साहू, यशोदा कुमारी, खुशी सिंह, अंकिता केसरी, मुस्कान परवीन, सोनल रानी सुचिता सिंह इत्यादि ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जीवन में योग अपनाएं, निरोग रहें : उपायुक्त



दीप प्रज्वलित करते डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से बैडमिंटन कोर्ट हॉल (बहुद्देश्यीय भवन) में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि योग ऐसी क्रिया है जिससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। योग को हम सभी को अपनाना चाहिए। योग अपनाएं और निरोग रहें। कार्यक्रम में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योग शिविर का हुआ आयोजन

## उपायुक्त, एसपी सहित जिले के तमाम वरीय अधिकारी भी हुए कार्यक्रम में शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



योग शिविर का दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन करते उपायुक्त



शिविर में योग करते डीसी, एसपी, डीडीसी व अन्य अधिकारी

**गुमला।** जिला प्रशासन एवं जिला आयुष समिति गुमला के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर भवन गुमला में जिलास्तरीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष समिति के प्रशिक्षकों के द्वारा सभी को विभिन्न योग अभ्यास करवाया गया। जिसमें लगभग 10 से अधिक योगाभ्यास शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, अपर समाहर्ता शाशिंद्र कुमार बड़ाईक सहित जिले के वरीय अधिकारी, कर्मी सहित विद्यार्थी एवं बच्चे शामिल हुए।

## छात्र-छात्राओं ने किया योग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर योग अभ्यास किया गया। विद्यालय प्रंबधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष मुख्य शिक्षक के रूप में डा. भोला प्रसाद के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार के नेतृत्व में विद्यालय के भैया बहनों के साथ आस पास के ग्रामीण जन विद्यालय परिसर में योग, आसन, प्राणायाम व सूर्यनमस्कार किया। मौके पर समिति के संरक्षक बजरंग उरांव, गंगा प्रसाद, प्रभु भगत कुल 11 इनके अतिरिक्त 30 अभिभावक वृंद,175 भैया बहन एवम समस्त आचार्य वृंद उपस्थित थें।

## योग दिवस पर बच्चों को कराया गया योगाभ्यास

**गुमला।** संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पालकोट रोड गुमला में शुक्रवार को विश्व योग दिवस के अवसर पर छात्रों को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पतंजलि आयुष आरोग्य मंदिर के योग शिक्षक श्रीमती प्रभादेवी एवं श्री श्याम प्रसाद जी ने विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को विभिन्न रोगों की जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक श्री श्याम प्रसाद जी ने करो योग रहो निरोग का नारा देते हुए सभी को अपने जीवन में योग को अपनाने को कहा। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक संजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य रश्मि केरकेटा, शिक्षिका मैत्री अधिकारी रीता कुमारी, राजेश खत्री, अनुप्रिया टोप्पो, कृष्णा नंदन कुमार, जय किशोर कुमार एवं काफी संख्या में विद्यार्थी गण मौजूद थे।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य

# डॉ आशा लकड़ा ने जिले में चल रहे है योजनाओ का किया समीक्षा, दिए कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अधिकारियो के साथ बैठक करती आशा लकड़ा

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों व अन्य विभागों के प्रगति से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें योजनाओं में अनुसूचित जनजाति की भागीदारी से संबंधित चर्चा की गई। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में खेल मैदान को सुदूरवर्ती गांवों में भी चिन्हित कर स्वीकृत किये जाने का निदेश दिया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना में योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई और निदेश दिये गये। अबुआ आवास योजना की समीक्षा में लाभुकों के आवास के साथ एक शौचालय की योजना भी जोड़े जाने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ऐसे लाभुकों को शौचालय की सुविधा दी जाएगी और लाभुकों को आच्छादित कर लिया जाएगा।

## फुड इंस्पेक्टर से मिलने पहुंचा चेंबर का प्रतिनिधि मंडल

**गुमला।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स गुमला का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को चेंबर अध्यक्ष श्री दामोदर कसेरा के नेतृत्व में गुमला सदर अस्पताल परिसर स्थित फुड सेफ्टी कार्यालय में फुड इंस्पेक्टर लव कुमार से मिलने पहुंचे। लेकिन पदाधिकारी के उपस्थित नही होने के कारण कार्यालय में उपस्थित प्रियांशु साहू से औपचारिक मुलाकात कर फुड लाइसेंस हेतु व्यापारियों को हो रही कठिनाईयों व परेशानियों से अवगत कराते हुए उसे दुरुस्त करने की बात कही। साथ ही चेंबर अध्यक्ष ने कहा की कार्यालय व व्यापारियों के आपसी समंजस्य व तालमेल से ही सुचारु रूप से दोनों का कार्य हो पाएगा। जिससे व्यापारियों का समय का बचत होगा साथ ही विश्वास भी बढ़ेगा।

## सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ कार्यक्रम



योगाभ्यास करते स्कूली बच्चे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय,सीएचसी, अन्य सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में शुक्रवार को सुबह 8:00 बजे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस क्रम में घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर, सीएचसी, विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल,चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल रन्हे, सॉलिटेयर एकेडमी स्कूल मकरा, मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी जग बगीचा घाघरा सहित कई अन्य सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में योगासन कराई गई। जिसमें सूर्यप्रणाम, अलोम विलोम, कपालभाति, सिंहासन, ब्रजआसन सहित कई योग कराई गई। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि योग करने से लोग निरोग रहते हैं।

# 10 वें अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन



योग करते पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** शुक्रवार को 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले भर में योग दिवस मनाया गया। स्कूलों, स्टेडियम और गांवों में मिनी स्टेडियम में प्रातः काल से ही योग के लिए लोग पहुंचने लगे। इसी क्रम में लातेहार जिला प्रशासन के तत्वाधान में जिला खेल स्टेडियम में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित इस योग शिविर का मुख्य उद्देश्य न केवल लोगों को योग के विभिन्न आसनों, क्रियाओं व प्राणायामों के बारे में जानकारी देना और योगाभ्यास कराना है बल्कि इसे अधिक से अधिक घरों तक नियमित दिनचर्या के रुप में पहुंचाना भी है। हमें इस योग दिवस पर नियमित योग करने का संकल्प लेना चाहिए। मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित रूप से योग करना आवश्यक है। योग शिविर में योगासनों जैसे - कपाल भाती, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन त्रिकोणासन, प्रानोध्यान सहित कई अन्य योग का अभ्यास कराया गया। योग शिविर में बैठकर, पेट एवं पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले भी कई योगाभ्यास को कराया तथा उसके लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, स्थानीय लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया। इस योग शिविर में जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं, एवं स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चंदवा में कई स्थानों पर हुआ योग शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को प्रखण्ड के हाई स्कूल खेल स्टेडियम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा, चंदवा थाना, प्लस 2 हाई स्कूल, बालिका उच्च विद्यालय समेत समेत विभिन्न सरकारी गैर सरकारी स्कूलों एवं अन्य स्थानों पर योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग प्रशिक्षकों के द्वारा योग, आसान, ध्यान व प्राणायाम से सम्बंधित जानकारी दी गयी व योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने की बात कही गयी। इस मौके पर पतंजलि के प्रमोद दुबे ने कहा कि हमें भारतीय होने का गर्व है, हमने उस देश में जन्म लिया जिस देश ने योग रूपी विज्ञान से सदियों से लालायित सम्पूर्ण विश्व को उस ज्ञान का आत्मसात करने का अवसर प्रदान किया है। आज अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस है। आज ही के दिन 2015 में संयुक्त



योग करते छात्र-छात्रायें।

राष्ट्र संघ ने '21 जून' को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। योग क्षेम वहाम्यहं 'अर्थात अप्राप्त को प्राप्त करना और प्राप्त की रक्षा करना ही योग है। जीवन जीने की कला का नाम स्वयं को स्वयं के माध्यम से स्वयं तक पहुंचने की यात्रा का नाम है योग। आगे कहा की योग भारतीय सभ्यता की विश्व को देन है। योग केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, महर्षि पतंजलि जैसे ऋषियों के अनुसार यह शरीर मन, बुद्धि और आत्मा को जोड़ने की समग्र जीवन पद्धति है। विविध प्रकार से योग की व्याख्या की गयी है, जिसे अपनाकर व्यक्ति शान्त व निरामय जीवन का अनुभव करता है। योग का अनुसरण कर संतुलित तथा प्रकृति से सुसंगत जीवन जीने का प्रयास करने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, जिसमें दुनिया के विभिन्न संस्कृतियों के सामान्य व्यक्ति से लेकर प्रसिद्ध व्यक्तियों का समावेश है। विश्व भर में योग का प्रसार करने के लिए अनेक संतों, योगाचार्यों तथा योग प्रशिक्षकों ने अपना योगदान दिया है। इसके अलावे अनिल कुमार, डॉ अखिलेश प्रसाद समेत कई अन्य लोगों ने मौजूद लोगों को युवा अध्यात्म की जानकारी दी। मौके पर काफी संख्या में विद्यार्थी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बारियातू में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित सरकारी गैर सरकारी विद्यालय संस्थानों व सभी राजनीती दलों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रखंड कार्यालय मे बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, भाजपा कार्यालय से मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार, बीससूत्री अध्यक्ष



योग करते लोग।

राजेंद्र गंझु, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव सहित अन्य राजनीतीक दल सरकारी गैर सरकारी विद्यालय व संस्थान के लोगों ने बारियातू स्थित स्टेडियम मे योगाभ्यास किया। साथ ही प्रखंड के सभी नौ पंचायत के सभी विद्यालय और संस्थान मे भी योग कराया गया। कई स्थानों मे योग जिला प्रभारी जीतेन्द्र कुमार सिंह जीवन ने मुख्य भूमिका निभाते दिखे। साथ ही अन्य स्थानों मे नियुक्त योग प्रभारी अपने संस्थानो मे योग कराया व योग से होने वाले फायदे के बारे मे भी बताया। इधर आयुष हॉस्पिटल सिबला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू मे ताड़ासन, अर्ध कटीचक्रासन, त्रियकआसान, त्रिकोणासन, वृक्षासन, मंडूकासन भुजंगासन शशांकासन, सूर्य नमस्कार, वज्रासन, पवनमुक्तासन अंतर्राष्ट्रीय योग कराया।

## एक नजर में


### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 22 लाभुकों को अनुदानित मूल्य पर मिला बकरा-बकरी



बकरा-बकरी लेते लाभुक।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के माल्हन पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया, जहां मुखिया जतरु मुंडा, पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सरोज केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से योजना में उल्लेखित प्रावधान के तहत पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 22 लाभुकों के बीच अनुदानित मूल्य पर 4-4 बकरी व एक-एक बकरा वितरण किया। डॉ सरोज केरकेट्टा ने कहा कि योजना का उद्देश्य पशुपालन के जरिये लोगो को स्वरोजगार से जोड़ना है। जिसको लेकर बकरा विकास योजना, सुकर विकास योजना, लो इनपुट लेयर कुक्कुट विकास योजना, ब्रायलर कुकुट पालन व बतख चूजा वितरण योजना संचालित की जा रही है। वहीं मुखिया जतरु मुंडा ने कहा कि पशु पालन के जरिये गांव की महिलाएं स्वरोजगारी बनकर स्वालम्बन के राह पर आगे बढ़े तो समाज के महिलाएं सशक्त बनेगीं। मौके पर प्रेमालय बाखला, अवध कुमार, उमेश सिंह, अनमोल टोप्पो, धनेश्वर मुंडा, रीना देवी, गुंजा देवी, मुनिया देवी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### वज्रपात से छात्र घायल, रिम्स रेफर



घायल छात्र।

बालूमाथ। एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के सलैया पंचायत के मैलम ग्राम में शुक्रवार को बज्रपात होने से पांचवी कक्षा का छात्र रवि कुमार 15 वर्ष पिता तिलक भुईया ग्राम गंभीर उसे झुलस गया। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में रवि कुमार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि तेज आंधी तूफान चल रहा था इसी बीच रवि कुमार आम के पेड़ के नीचे जाकर आम चुन रहा था तभी एकाएक बज्रपात हुआ और वह गंभीर रूप से झुलस गया। घायल रवि कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाटू के पांचवा कक्षा का छात्र है।

### टेंपो ने मोटरसाइकिल सवार को मारा धक्का, एक घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के राजगुरु ग्राम में गुरुवार की देर शाम एक टेंपो चालक ने मोटरसाइकिल सवार लालदेव साहू 60 वर्ष पिता डमर साब ग्राम राजगुरु को धक्का मार दिया। जिससे लालदेव साव गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा लालदेव साव को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां चिकित्सक डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। बताया जाता है कि लालदेव साव अपने खेत से काम कर अपना घर राजगुरु वापस आ रहा था इसी बीच बगरा मोड से टोटी हेसला जा रहा एक टेंपो ने उसे धक्का मार दिया।

### मतदाता सूची सुधार करने को लेकर बीएलओ एवं सुपरवाइजर की बैठक संपन



बैठक करते बीएलओ एवं सुपरवाइजर।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर की बैठक संपन्न हुई।बैठक को संबोधित करते हुए बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूचना पर्ची बांटने के दौरान जितने लोग मृत पाए गए या जो मतदाता का डबल नाम पाया गया है या मतदाता लंबे समय से अनुपस्थित है वैसे मतदाता का चयन कर मतदाता सूची से बाहर करें ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में स्वच्छ मतदाता सूची बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अभी से ही सभी लोगों को लग जाना है तथा मतदान से संबंधित जो भी निर्देशन प्राप्त होगा उसे समय से पूरा करना हम सभी लोगों का कर्तव्य है। इस मौके पर बीएलओ आलोक पाठक, जीवन कुमार अनुपम, गणेश राम ,अरविंद प्रसाद, पवन सिंह, सुषमा कुमारी, वकील उरांव, मनीष पांडे, अनीता देवी, सरिता देवी, अखिलेश ओझा, वीरेंद्र सिंह, समेत प्रखंड के सभी बीएलओ, सुफरवाईजर व प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### बज्रपात से दो मवेशी की मौत

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत डगबंदी मे बज्रपात से दो मावशी की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को दो पहर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और कड़क मलक के साथ तेज बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए बगल के महुआ पेंड़ के पास डगबंदी निवासी प्रमोद गंझु का बैल व सुखदेव गंझु की बच्छीया बचने चले गए। जहाँ अचानक बज्रपात हो गया। जिससे दोनों मवेशी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दोनों मवेशी की मौत होने से दोनों पशुपालक को लगभग तीस हजार का आर्थिक क्षति हुआ है। पीड़ितों ने आपदा विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** पतंजलि योगपीठ के बैनर तले शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बालूमाथ जोगियाडीह के बिरसा मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता योग समिति के प्रखंड अध्यक्ष बबलू चौरसिया ने की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि नियमित योग करने से लोग निरोग रहते हैं स्वस्थ शरीर ही मनुष्य का सबसे बड़ा पूंजी। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 10 वर्ष पूरा हो गया है आप लोग आज से नियमित योग करें और इसका लाभ उठाएं। वही



योग करते लोग।

विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने कहा कि आज के परिवेश में हर कोई को नित्य दिन योग करना चाहिए बच्चे अभी से ही योग करने की आदत डाल ले तभी उनका स्वास्थ्य दुरुस्त रहेगा।इससे पूर्व पतंजलि योगपीठ के प्रशिक्षक शतन सिंह एवं अजीत कुमार ओझा ने उपस्थित लोगों को योग अभ्यास कराया एवं योग से होने वाले फायदा को बताया ।वही बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी, बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुवा, सरायकेला के अंचल अधिकारी प्रवीण सिंह ने भी योग पर अपना विचार प्रकट करते हुए योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी। इस मौके पर योग समिति के लालदेव गंझू, अखिलेश भोगता, ओम प्रकाश पांडे, शशि भूषण गुप्ता, दिलीप कुमार, सुरेंद्र गुप्ता, जमुना ठाकुर, राजू कुमार, रंजीत सिंह, किड्स जूनियर के विद्यालय के गजेंद्र वर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, शिवमंगल सिंह, अमित कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, देवनंदन कुमार, शैलेश सिंह, विजय यादव, बिट्टू सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, कैलाश यादव, जिज्ञासा कुमारी, पूनम कुमारी, माही कुमारी समेत गुरुकुल विद्यालय ,ऑक्सफोर्ड विद्यालय किड्स विद्यालय के बच्चे एवं कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पदाधिकारियों ने किया योग



योग करते पदाधिकारी।

**लातेहार।** जुबली चौक स्थित द कार्निवल होटल परिसर में अवस्थित डीवीसी कार्यालय में योग प्रशिक्षक मुकेश कुमार पांडेय ने योग एवं प्रणायाम का अभ्यास कराया। उन्होने योग व प्रणायाम की कई क्रियाओं की जानकारी दी। श्री पांडेय ने कहा कि योग से असाध्य रोग तक ठीक हो जाते हैं। इसे नियमित अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। योग प्राचीन भारत की देन है। आज पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है। मौके पर डीवीसी के जीएम माईनिंग ने भी नियमित योगाभ्यास करने की अपील की और कहा कि शरीर को उर्जावान एवं स्फूर्द्ध बनाने के लिए योग आवश्यक है। मौके पर जीएम (माईनिंग) अरविंद कुमार ठाकुर, प्रबंधक (फाईनेंस) उमेश यादव व एचआर रवि प्रकाश तिवारी आदि उपस्थित थे।

## योग जीवन का आधार है: कौशल्या कुमारी



योग करते छात्र।

**लातेहार।** पानी टंकी स्थित महाबोधि कम्प्यूटर एजुकेशन व सोशल केयर फाउंडेशन में शुक्रवार को योग दिवस के अवसर पर योगा किया गया। जिसमे छात्रों को योगा करवाया गया। वहीं महाबोधि कम्प्यूटर के निर्देशक कौशल्या कुमारी ने कहा योग जीवन का आधार सिला है। स्वयं को बदलो तो यह जग बदलेगा, योग से सुखमय हर दिन निकलेगा। योग प्राकृतिक का वरदान है, जिसने अपना लिया वो महान है। मौके पर महाबोधि कम्प्यूटर के निर्देशक कौशल्या कुमारी, रविंद्र यादव, सेजल कुमारी गुप्ता, प्रभात कुमार, विवेक कुमार, शुभम गुप्ता, मंटू कुमार रॉय, रुपेश सिंह, सुमंत कुमार अन्य सैकड़ों छात्र मैजूद थे।

## छात्र-छात्रों के बीच किया गया साईकिल का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



साईकल वितरण करते अधिकारी।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर मे शिक्षा विभाग के सौजन्य सें उन्नति के पहिया योजना अंतर्गत कक्षा 8 के छात्र-छात्रों को बीच 70 साईकिल का वितरण किया गया। वितरण के पूर्व जिला परिषद सदस्य रमेश राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम एमआईएस प्रखंड समन्वयक नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित किया. साईकिल वितरण के पूर्व जिला परिषद सदस्य व प्रखंड प्रमुख ने उपस्थित छात्र छात्राओं को उज्वल भविष्य की कामना किया। वहीं बीडीओ सह सीओ नंद कुमार ने छात्रों को कहा की आप सबों को विद्यालय जाने की सुविधा के लिए साईकिल दिया जा रहा है। मै भी एक समय छात्र था। आप सभी शिक्षा मे विशेष ध्यान दे और आगे बढ़ें। साईकिल पाकर छात्र छात्रों ने काफी उत्साह देखा गया। साथ ही छात्र छात्राओं ने अतिथियो को धन्यवाद दिया। वहीं शिक्षा विभाग के प्रखंड (एमआईएस) समन्वयक नितीश कुमार ने बताया की कुल 1392 साईकिल वितरण किया जाना है। जिसमे राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालूभांग, हैरानहोपा, डकादिरी, इंदुआ, जवाबर के विद्यार्थियो के बिच साईकल वितरण किया गया। शेष विद्यालय का विधिवत भी साईकिल वितरण किया जायेगा। मौके पर साहयक शिक्षक मिथलेश कुमार, दयानन्द उरांव, चंद्रप्रकास पाण्डेय, सिद्धार्थ कुमार, मृत्युंजय सिंह सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

## बनवारी साहू महाविद्यालय में योग शिविर हुआ आयोजन



योग करते शिक्षक।

**लातेहार।** बनवारी साहू महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार पाण्डेय के द्वारा सभी को योगा करवाया गया। इसकी जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि इंसान की जिंदगी में बहुत समस्याएं है भाग दौड़ की जिंदगी में समय निकालकर सभी लोगों को नियमित रूप से योगा करने की जरूरत है। इस मौके पर सचिव अंजू गुप्ता, प्रो. बैद्यनाथ महतो, हरि प्रसाद, संजित प्रसाद, नवल किशोर प्रसाद, अनुपम कुमार मिश्रा, अमरेश कुमार पांडेय, बृजकिशोर प्रसाद, विकाश कुमार, चन्दन कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, श्रवण प्रसाद, सत्येन्द्र प्रसाद, इन्तेसार अहमद, बरेन्द्र उरांव समेत छात्र- छात्राऐं उपस्थित थे।

## एनडीपीएस एक्ट में 15 वर्षों की सश्रम कारावास और डेढ़ लाख रुपए जुमार्ना का सुनाया गया सजा

**लातेहार।** प्रधानजिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मनोज कुमार सिंह की अदालत ने सुनवाई करते हुए आरोपी विशेश्वर कुमार महतो को 15 वर्षों का सश्रम कारावास एवं डेढ़ लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाया है। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट अशोक कुमार दास के अनुसार गत 13 सितंबर 2022 को बालूमाथ थाना क्षेत्र के अमरवाडीह पिकेट के पास एक पिकअप वाहन पर 7800 बोतल ऑनरेक्स कपसिरप पुलिस के द्वारा जब्त किया गया था। औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा के आवेदन पर बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। अभियोजन के द्वारा कुल छह गवाहों को अदालत में पेश किया गया था। गवाहों ने मामले का समर्थन करते हुए कहा कि ओनेक्स कफ सिरप का इस्तेमाल नशा के रूप में युवाओं के द्वारा किया जा रहा है। श्री सिंह की अदालत ने चालक अभियुक्त विशेश्वर कुमार महतो को एन डी पी एस एक्ट 1985 की धारा 21 सी के तहत उसे दोषी करार देते हुए 15 वर्षों का सश्रम कारावास एवं डेढ़ लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाया है। श्री सिंह की अदालत ने जुमार्ना नहीं दिए जाने की स्थिति में छह माह का अतिरिक्त सजा निर्धारित किया है। इस फैसले से जिले में नशा का व्यापार करने वालों में खलबली मची है।

## पंचायत समिति की बैठक में विभागवार संचालित विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

# फेल साबित हो रहे हर घर नल जल योजना का मुद्दा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखण्ड स्तरीय पंचायत समिति सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मनीषा उरांव व संचालन पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार ने किया। बैठक के दौरान प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतो में संचालित विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गयी। इस दौरान 15 वें वित से वर्ष 2024-25 के लिए योजना चयन, 2023-24 में संचालित योजनाओं की समीक्षा, मनरेगा मद से संचालित योजना, आवास, पशुपालन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जरूरी टीकों एवं दवा की उपलब्धता, आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों में बिजली की व्यवस्था करने, स्कूलों में जर्जर



बैठक करते लोग।

भवनों की मरम्मत करने समेत कई मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। बैठक में स्कूलों में जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार डीएमएफटी फंड से कराने के लिए जिले के वरीय अधिकारियों से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया। पंचायत समिति की बैठक में प्रखंड में विभिन्न पंचायतो के पंससो ने प्रखंड में फेल साबित हो रही महत्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना को लेकर सवाल उठाया। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि प्रखंड में उक्त योजना पूरी तरह से फेल है और हाथी का दांत साबित हो रहा है। सुदूरवर्ती पंचायतो में अधिकांश जलमीनार अनुपयोगी साबित हो रही है। समस्या सुनने के बाद प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख ने विभाग के कनीय अभियंता को कड़ी फटकार लगाई व योजना को सही तरीके से घरातल पर उतारने का निर्देश दिया। विभाग के कनीय अभियंता के कहा कि हर घर नल जल योजना के तहत लगे सोलर जल मीनार के रखरखाव की पूरी जवाबदेही कार्यकारी एजेंसी की है, एजेंसी को पांच वर्षों तक योजना का रख रखाव सुनिश्चित करना है, जहां-जहां बोरिंग डेड हो गयी है वहां पुनः बोरिंग कर योजना को सुचारू कराई जाएगी। बैठक में बीडीओ चंदन प्रसाद, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी, पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सरोज केरकेट्टा, अंचल निरीक्षक ऋषिदेव कमल, पंसस नीलम देवी, अयूब खान समेत विभिन्न पंचायतो के पंसस,विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# योग दिवस पर डीसी-एसपी ने किया योग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अवसर पर शुक्रवार को जिला आयुष समिति गढ़वा एवं जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में टाउन हॉल के मैदान में जिलास्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, पतंजलि योगपीठ प्रतिनिधिगण, आयुष समिति के प्रतिनिधिय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के योग गुरु सत्यनारायण


उद्घाटन करते डीसी व अन्य।

दुबे, अंजलि शास्वत, चंचला सिंह ने सभी को योग के फायदे बताते हुए उन्हें विभिन्न योगासन कराया गया। इनमें मुख्य रूप से अलोम विलोम, भद्रासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति समेत अन्य योगासन कराते हुए इनके फायदे बताए गए।

मौके पर डीसी श्री जमुआर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें बतायी एवं स्वास्थ्य शरीर के लिए


योग करते लोग।

योग की भूमिका अहम बताया। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए अपने दिनचर्या जीवन में योग को जोड़ने को कहा। जिससे स्वास्थ्य शरीर एवं निरोग जीवन की प्राप्ति हो सके। कार्यक्रम के अंत में गढ़वा जिला को नशामुक्त रखने को लेकर सभी से संकल्प एवं शपथ भी दिलाई गई। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतियस विजय टोप्पो, गढ़वा एसडीओ विजय कुमार, गढ़वा सीएस डॉ अशोक कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस सुशील कुमार दास, गढ़वा बीडीओ नरेंद्र नारायण, सीआरपीएफ द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह, डीपीएम स्वास्थ्य विभाग गढ़वा समरेश कुमार सिंह, जिला प्रभारी पतंजलि नागेंद्र तिवारी, योग विस्तारक सुशील केषरी, नागेंद्र तिवारी, राज बिहारी, योग शिक्षक नीरज सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम


योगा करते लोग।

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के विभिन्न गावों में शुक्रवार को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय, थाना परिसर सहित सरकारी दफ्तरों व निजी संस्थानों में संपन्न कराकर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया गया। बाजार समिति स्थित पैराडाइज पब्लिक स्कूल में निदेशक सिकंदर प्रजापति के नेतृत्व में योगाभ्यास का कार्यक्रम चलाया गया। बच्चों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रखंड के आयुष ग्राम स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनेहारा के प्रांगण में राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय की ओर से योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों सहित आयुष ग्राम के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों व कई पदाधिकारियों ने भाग लिया। जहां पर योग गुरु बाबा रामदेव के तेजस्वी शिष्य योग सम्राट विवेकानंद आचार्य के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के दौरान आचार्य विवेकानंद ने ग्रीवा चालन, अस्कंद चालन, कटी चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, पादहस्तासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, उष्ट्रासन, वज्रासन सहित कई योगासन एवं विभिन्न प्रकार के प्राणायाम कराया। मौके पर आचार्य विवेकानंद ने कहा कि योगा का अभ्यास करने से जहां हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं मन मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। यदि मन मस्तिष्क व शरीर स्वस्थ रहेगा तो कोई भी व्यक्ति जीवन में बेहतर करने के लिए अच्छा निर्णय लेगा। कार्यक्रम में योग शिक्षक ऋषि कुमार ठाकुर सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### नीट पेपर लीक कांड में गिरफ्तार आरोपितों की सुनवाई टली, नहीं मिली जमानत

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में चार आरोपितों की शुक्रवार को पटना सिविल कोर्ट में एडीजे-5 ने सुनवाई करते हुए इस मामले में किसी को जमानत नहीं दी। एडीजी राजेन्द्र कुमार सिन्हा की अदालत ने पुलिस को अगली सुनवाई में एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी लाने की बात कहकर सुनवाई को टाल दिया। पटना सिविल कोर्ट के अधिवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीट पेपर लीक मामले में अनुराग यादव, आयुष कुमार, नितीश पटेल और सिकंदर यादवेंदु की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी। एडीजी-5 ने सुनवाई करते हुए इस मामले में किसी को जमानत नहीं दी है। यह चारों आरोपित न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में 25 जून को अगली तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस को एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी लाने को भी कहा गया है। अगली सुनवाई में डायरी पेश की जाएगी नीट पेपर लीक मामले में शास्त्री नगर थाने की पुलिस के द्वारा 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिसमें सॉल्वर गैंग के सदस्य के साथ अभ्यर्थी भी शामिल थे। चार आरोपितों की आज जमानत याचिका पर पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद आरोपितों की जमानत पर कोर्ट ने कोई फैसला नहीं सुनाया है। साथ ही कोर्ट के द्वारा एनएचएआई गेस्ट हाउस की डायरी मांगी गई है। नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड सिकंदर यादवेंदु दानापुर में नगर आवास विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थापित था। वह समस्तीपुर का रहने वाला है। इसकी मुलाकात अमित आनंद से हुई थी। इन्हीं दोनों ने मिलकर इतने बड़े एग्जाम का पेपर लीक करा दिया। मामले में गिरफ्तार सभी आरोपित पटना के बेऊर जेल में बंद हैं। पुलिस के कबूलनामे में इसने स्वीकार किया है कि इसके पास चार मई को ही पेपर लीक होकर आ गया था और उसी रात में अभ्यर्थियों को पेपर रटवा दिया था। गिरफ्तार अभ्यर्थी अनुराग ने भी यह स्वीकार किया है कि चार मई को जो पेपर उसे रटाया गया था, वही प्रश्न एग्जाम में पूछा गया था।

## स्पीड न्यूज

### पंचायत सचिव के स्थानांतरण की मांग


मांग पत्र सौंपते लोग।

**भवनाथपुर।** प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत के लाभुकों ने पंचायत सचिव के आचरण के विरुद्ध आवेदन देकर अन्य पंचायत में स्थानांतरण की मांग किया है। ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन देकर पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद को पंचायत से अविलंब हटाने की मांग की है। दिए आवेदन में लाभुक शिव शंकर राम, सुरेश कुमार, अमृत कुमार, रामशंकर मेहता, नागवंत मेहता, अजित यादव, अमित कुमार, विजय राउत, रघुनाथ राम, रामजन्म राम, जनक राउत सहित अन्य लाभुकों ने उल्लेख किया है कि पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद का लाभुकों के साथ व्यवहार अच्छा नहीं है। लाभुकों को अनावश्यक परेषान करना इनका रोज का कार्य है। पंचायत सेवक लाभुक को मास्टररोल हस्ताक्षर करने के लिए गढ़वा डाल्टेनगंज तक बुलाते हैं। पंचायत सेवक प्रखंड कार्यालय, पंचायत भवन, पंचायत में क्षेत्र भ्रमण आज तक एक दिन भी नहीं गए हैं। कार्य अवधि में भी प्रखंड परिसर के दीदी बाड़ी कैंटीन में तीन से चार घंटे बैठकर समय व्यतीत करते है।

### कार्यपालक पदाधिकारी ने लगाया फलदार पौधा


पौधा लगाते कार्यपालक पदाधिकारी।

**मझिआंव।** विश्व पर्यावरण पखवाड़ा दिवस के अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने विवाह मंडप परिसर में फलदार पौधा का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सरकार के आदेशानुसार 06 जून से 22 जून तक विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा मनाया जाना था। जिसके अनुपालन में शुक्रवार को विवाह मंडप परिसर में फलदार पौधा लगाकर शुरूआत किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि तपती धरती और गिरते जलस्तर को सामान्य तौर पर बरकरार रखने के लिए पेड़ पौधों को लगाना अति आवश्यक है। कहा कि धरती पर पेड़ पौधों के दोहन के कारण धरती का तापमान सातवें आसमान पर और जल स्तर गर्त में चला जा रहा है। जिसके जिम्मेवार हम सभी लोग हैं। समय रहते इस विषम परिस्थिति पर विचार नहीं किया गया तो आने वाला समय और भी भयावह होगा। साथ ही उन्होंने आग्रह करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम दो पौधा लगाने लगाने की अपील की। मौके पर नगर प्रबंधक जितेश कुमार, महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य, कनीय अभियंता प्रमोद उरांव, मुख्य सहायक अनूप कुमार तिवारी, स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, नाजिर अमित पाठक सहित कई कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### जिला परिषद अध्यक्ष ने किया साइकिल का वितरण


साइकिल का वितरण करती जिप अध्यक्ष।

**रमना।** जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने रमना प्रखंड परिसर में आठवीं पास विद्यार्थियों के बीच कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क साइकिल का वितरण किया। अंचलाधिकारी बीडीओ बासुदेव राय की उपस्थिति में मध्य विद्यालय सिलीदाग 02 के 43, मध्य विद्यालय टंडवा के 59 कुल 102 विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण किया गया। मौके पर शांति देवी ने कहा कि जो छात्र-छात्राएं आठवी वर्ग उत्तीर्ण कर नवीं वर्ग में गये है, उन छात्रों को अपने घर से विद्यालय आने जाने में सुविधा हो, पठन-पाठन में कोई समस्या ना हो सरकार इसी को देखते हुए निःशुल्क साइकिल वितरण कर रही है। आवागमन के अभाव में बहुत से बच्चे शिक्षा से वंचित रहा जाते थे। अब कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।

# ससुराल में फांसी से लटका मिला दामाद का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** शुक्रवार को सुबह सिलीदाग पंचायत के गड़ई टोला में आये मेहमान का शव मिलने से ग्रामीणों में संशय और भय का माहौल है। इस घटना में मृतक के परिजनों ने आत्महत्या करने की बात को मानने से साफ इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि यह साजिश हमारे पुत्र को मार कर आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। इतना ही नहीं मृतक के गांव से आये परिजनों ने रिश्तेदारों के अलावे इस क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जन-प्रतिनिधियों पर भी हत्या को आत्महत्या साबित करने का आरोप लगाया है। इस प्रकार से ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाने से मामला गरमा गया। जिससे दोनों तरफ से बाद-विवाद होने लगा मामला बढ़ते देख लोगो को समझाने से शांत हुआ।

ग्रामीणों के अनुसार वीरेंद्र कुमार


जांच करती पुलिस।

अकेला उम्र 40 वर्ष पिता रामनाथ राम ग्राम जड़गड़ अन्नराज नवाडीह थाना गढ़वा का शादी सिलीदाग पंचायत के गड़ई टोला के मानदेव राम की पुत्री से 14-15 वर्ष पूर्व हुई थी, इनकी शादीशुदा जिंदगी खुशहाल चल रही थी। इनके तीन बच्चे भी है। अभी गत दिन पहले ही दोनों पति पत्नी जड़गड अपने घर से गड़ई ससुराल आये थे। गुरुवार को सभी लोग खा पीकर वीरेंद्र की पत्नी-सास छत पर, साला सरहज बगल के कमरे में और वीरेंद्र नीचे घर में ही सोये थे कि शुक्रवार को भोर में फांसी लगा कर वीरेंद्र कुमार ने आत्महत्या कर लिया। इसकी भनक घरवालों को सुबह जगने पर लगा, इस प्रकार की घटना देख घर की महिलाये रोने-बिलखने लगी। परिजनों ने इस घटना कि सूचना पुलिस को दिया। सूचना पाकर रमना थाना अनि ऋषिकेश कुमार सिंह दल बल के साथ पहुंचे। पुलिस को पहुंचने से पहले ही मृतक के शव को तार के बने फन्दे से अगल-बगल के ग्रामीणों द्वारा नीचे उतार कर दूसरे कमरे में लेटा दिया था। पंचनामा तैयार कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए चैकीदार लालता राम के मार्ग अभिरक्षा में निजी टेम्पू द्वारा सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। इस घटना के सम्बन्ध में ऋषिकेष सिंह ने कहा कि मृतक की हत्या हुई है या आत्महत्या यह मेडिकल जांच होने के बाद ही पता चलेगा, यदि मृतक की हत्या की गई होगी तो दोषी बचेंगे नही। थाना प्रभारी असफाक आलम ने कहा कि मृतक के परिवार ने आवेदन दिया है, केस कर अनुसंधान की जा रही है।

## नवनिर्मित एसएफसी गोदाम का डीसओ ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पाण्डेय ने प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित एक हजार एमटी का नवनिर्मित एसएफसी गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में कई कमियों को गिनाते हुए संवेदक को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि जिला में किसानों द्वारा पैक्स के माध्यम से खरीदे जाने वाले धान को क्रय के पश्चात रखने की समस्या से निजात दिलाने के लिए गोदाम


निरीक्षण करते जिला आपूर्ति पदाधिकारी।

का निरीक्षण किया जा रहा है। संवेदक के द्वारा गोदाम निर्माण कार्य में थोड़ी सी लापरवाही बरती गई प्रतीत हो रहा है। विभाग को हैण्ड ओवर करने से पहले ही फर्श फटने लगा है। रोशनदान में सिर्फ शीशा लगाया गया है, जिस पर श्री पाण्डेय ने जाली लगाने का निर्देश दिया ताकि बाहर से कबुतर अपना बसेरा न बना सके। प्रखंड के पूर्व सरकारी चालक के द्वारा गोदाम परिसर में कब्जा कर मवेशी बांधने पर अविलंब खाली करने का निर्देश दिया।

## नाली निर्माण में अनियमितता पर मुखिया ने जताया रोष

खबर मन्त्र संवाददाता


विरोध करते मुखिया।

**केतार।** केतार कांडी कोल रोड के मेंटनेश कार्य में घोर लापरवाही एवं अनियमितता बरती जा रही है। संवेदक के द्वारा मुकुंदपुर, परसोडीह सहित अन्य गांव में नाली खोदकर छोड़ दिया गया है। कहीं जहीं नाली का निर्माण भी किया गया है, तो उसे ढका भी नहीं गया। किसी प्रकार कार्य को पूरा किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि नाली निर्माण कार्य गुणवता पूर्ण नहीं कराया गया। ढलाई तो कर दिया गया पर पटवन भी नहीं किया गया। वही मुकुंदपुर में नाली एक माह से पहले खोदी गई परंतु अभी तक इसमें कार्य अभी तक नहीं लगाया गया। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। शुक्रवार को मुखिया मूंगा साह ग्रामीणों के साथ इस कार्य का विरोध किया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से खोदी गई नाली को शीघ्र निर्माण करवाने या भरवाने की मांग किया है। मौके पर वार्ड सदस्य नंदकिशोर प्रसाद, संतोष प्रसाद, रामचंद्र चंद्रवंशी, रामेश्वर चंद्रवंशी, प्रमोद प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीजेपी विधायक श्रेयसी सिंह का पेरिस ओलंपिक के लिए हुआ चयन

एजेंसी

**पटना।** बिहार की बीजेपी विधायक श्रेयसी सिंह का पेरिस ओलंपिक के लिए चयन हुआ है। इस साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक गेम्स के लिए भारतीय निशानेबाज टीम में श्रेयसी को शामिल किया गया है। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाएंगी। श्रेयसी सिंह बिहार के जमुई से बीजेपी की विधायक हैं। उन्हें निशानेबाजी में अर्जुन पुरस्कार भी मिल चुका है। बीजेपी विधायक श्रेयसी सिंह के ओलंपिक गेम्स के लिए चयन होने पर जमुई के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। वह पहले भी निशानेबाजी में कई खिताब हासिल कर चुकी हैं। खास बात यह है कि श्रेयसी सिंह बिहार की पहली खिलाड़ी हैं, जिनका पेरिस ओलंपिक के लिए चयन हुआ है।

**देश के लिए गोल्ड ला चुकी हैं श्रेयसी**

जमुई की रहने वालीं श्रेयसी सिंह का नाता बिहार के एक शाही परिवार से रहा है। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत दिग्विजय सिंह की बेटी हैं। राजनीति उन्हें विरासत में मिली हैं। उन्होंने दिल्ली के हंसराज कॉलेज से पढ़ाई की। खेल में उनकी शुरूआत से दिलचस्पी रही है। 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने निशानेबाजी में रजत पदक जीता था। इसके बाद 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने गोल्ड मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया था। 2020 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने उन्हें जमुई से टिकट दिया और जीतकर वह विधानसभा पहुंचीं।

## शराब की तस्करी मामले में अभियुक्त को 5 साल की सजा

**भागलपुर।** जिले के सन्हौला में 2023 में शराब की तस्करी के मामले में पकड़े गए अमजद खान को विशेष न्यायाधीश उत्पादक कोर्ट-2 ने शनिवार को 5 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा के बिंदु पर हुई सुनवाई में सरकार की ओर से शामिल हुए विशेष लोग अभियोजक भोला कुमार मंडल ने बताया कि 27 फरवरी 2023 को सन्हौला पुलिस ने सनन्हौला चेक पोस्ट के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति शराब लेकर एक मोटरसाइकिल से सन्हौला बाजार की तरफ जा रहा है। वाहन चेकिंग के क्रम में भुड़िया मोड़ से एक मोटरसाइकिल तेज गति से आती दिखाई तो पुलिस ने उसे रोकने को कहा। लेकिन बाइक सवार भगाने का प्रयास करने लगा। लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़े व्यक्ति अमजद खान के मोटरसाइकिल की तलाशी ली गई तो मोटरसाइकिल के दोनों तरफ डिक्की में 40 लीटर देसी शराब बरामद हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह जगह हुए कार्यक्रम

एजेंसी

**भागलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लेकर शनिवार को जिले भर कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुख्य कार्यक्रम शहर के सैंडीस कंपाउंड मैदान में हुआ। जहां काफी संख्या में लोगों ने एकजुट होकर योगाभ्यास किया। योगाभ्यास कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी और सांसद अजय कुमार मंडल भी शामिल हुए। इनके अलावा जिला प्रशासन एवं शहर के कई गणमान्य लोग भी इस योग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जिलाधिकारी ने योग की महत्व पर प्रकाश डाला और सांसद अजय मंडल ने लोगों को नियमित योग करने की सलाह दी। उधर 2 बिहार गर्ल्स बटालियन एनसीसी



के कमान अधिकारी कर्नल दिनेश कुमार पाठक के दिशा निर्देशन में एस एम कॉलेज भागलपुर के प्रांगण में सूबेदार बॉगल एस के, सीनियर जी सी आई कुमारी, मेजर रीता मिश्रा, सी टी ओ डॉक्टर सुप्रिया शालिनी, पी आई स्टाफ तथा सैकड़ों एनसीसी कैडेटों आदि के साथ एक योग कार्यक्रम प्रातः छः बजे से आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि हर साल 21 जून को पूरा देश ही नहीं दुनिया में भी कई जगहों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 का थीम है स्वयं और समाज लिए योग की जरूरत। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य, योग के लाभ और हजारों तरह के योग के फायदे से लोगों को रूबरू कराना है। दुनिया को योग के प्रति जागरूक करना है। साथ ही साथ वैश्विक पटल पर भारत की ये धरोहर पहुंचाना। योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ने का एक तरीका है। यह जीवन जीने का एक तरीका है जो हमें शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से स्वस्थ रहने में मदद करता है। योग केवल शरीर की कुछ मुद्राओं या आसन तक सिमित नहीं है। बल्कि यह हमें स्वस्थ और संतुलित जीवन जीना सिखाता है। यह हमें अपनी सांसें, विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करना सिखाता है। योग बच्चों के लिए भी फायदेमंद है। यह बच्चों की एकाग्रता, याददाश्त और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।

## पेज एक का शेष

### उच्च शिक्षा में आर्थिक तंगी नहीं बनेगी बाधा: सीएम

फ्लैगशिप योजनाओं का पूरा लाभ : सीएम ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये सरकार ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना और मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना जैसी जो योजनाएं शुरू की हैं उनका लाभ गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि यहां के बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की कोचिंग के साथ मेडिकल इंजीनियरिंग, फैशन डिजाइनिंग, जर्नलिज्म और लॉ जैसे कोर्सेज करने में पैसे की तंगी बाधा नहीं बने।

**राज्य में मिलेगी उत्कृष्ट उच्च शिक्षा :** मुख्यमंत्री ने राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बेहतर और उत्कृष्ट बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यहां से बड़े पैमाने पर विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिये दूसरे प्रदेशों का रुख करते हैं। ऐसे में हमें यह प्रयास करना होगा कि यहां के उच्च शिक्षण संस्थानों में क्वालिटी एजुकेशन के साथ कैंपस प्लेसमेंट की भी मजबूत व्यवस्था हो, ताकि यहां के विद्यार्थी अपने ही राज्य में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अच्छा जॉब भी हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि राज्य में कई नये डिग्री कॉलेज के साथ विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कई भवन निर्माण कार्य हो रहा है । इन भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कस्बों, छोटे शहरों और प्रखंडों में कई नए कॉलेज खोले जा रहे हैं।

### ट्राइबल यूनिवर्सिटी को क्रियाशील बनायें

सीएम ने जमशेदपुर में खोले जाने वाले ट्राइबल यूनिवर्सिटी को जल्द क्रियाशील बनाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि यह यूनिवर्सिटी इस राज्य के लिये काफी काफी मायने रखता है। इससे यहां के जनजातीय भाषाओं को बढ़ावा मिलेगा। इसे शुरू करने को लेकर नियुक्ति समेत अन्य सभी प्रक्रियाओं को यथाशीघ्र पूरा करें। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल के अलावा कई आला पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विस चुनाव की तैयारी 25 से

मतदान केंद्रों की जगहों को तर्कसंगत बनाने का कार्य 24 जुलाई तक कराया जायेगा। आयोग की ओर से एकीकृत मतादाता सूची का मसौदा 25 जुलाई तक प्रकाशित किया जायेगा। इन पर आठ अगस्त तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकेंगी। दावों और आपत्तियों का निपटान 19 अगस्त तक तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जायेगा। आयोग ने कहा है कि उसका गहन और निरंतर ध्यान हमेशा मतदाता सूची की समावेशिता, शुद्धता और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने पर रहा है। कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने के अपने अधिकार से वंचित न रहे। साथ ही बिना किसी डुप्लिकेट और त्रुटि के मतदाता सूची को त्रुटि मुक्त बनाये रखा जा सके और अयोग्य प्रविष्टियों को यथासंभव सीमित किया जाना चाहिए। इसलिए,आयोग सभी पात्र नागरिकों से अपील करता है कि यदि अभी तक नाम दर्ज नहीं हुआ है, तो वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आगे आएं और आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।


### जमीन कारोबारी कमलेश के ठिकानों पर इडी रेड

रांची पुलिस ने कमलेश को पूर्व में भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वहीं, जानकारी ये भी है कि कमलेश के ऊपर कई बड़े अफसरों का हाथ है जिसमें कई पुलिस अधिकारी भी हैं। झारखंड के एक बड़े पुलिस अधिकारी कमलेश के चलते ही विवादों में फंसे थे। मामला कोर्ट तक पहुंचा था। इडी के अधिकारी उनके आवास से बरामद कागजात खंगाल रहे हैं।


राष्ट्रपतिभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया योगाभ्यास।


मथुरा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जवानों के साथ किया योगा।


अहमदाबाद में गृह मंत्री अमित शाह ने किया योगाभ्यास।


नयी दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लगाया ध्यान।

स्पीड न्यूज

## तमिलनाडु में जहरीली शराब से अब तक 47 की मौत, 165 बीमार

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कल्लकुरिची जिले के करुणापुरम गांव में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या शुक्रवार को 47 हो गयी। राज्य सरकार ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए और शोक संतप्त परिवारों को दस-दस लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। लगभग 165 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव की लगभग हर गली में मौत हुयी है। गांव में गुरुवार से मातम छाया हुआ है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने मंगलवार रात को पाउच में बेची गई जहरीली शराब पी थी और इसके बाद जलन की शिकायत की। उनमें से कई बेहोश हो गए।

## रूस में हेलीकॉप्टर क्रैश, चार की मौत

**मास्को।** रूस के सुदूर पूर्व के अमूर क्षेत्र में रॉबिन्सन आर-66 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार एक पायलट और तीन यात्रियों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रूस की तास समाचार एजेंसी ने अमूर सेंटर फॉर सिविल प्रोटेक्शन एंड फायर सेफ्टी की प्रेस सेवा के हवाले से कहा कि हेलीकॉप्टर ने कल जेया से टिंडा जिले के लिए उड़ान भरी थी, इससे संपर्क टूट गया था। शुक्रवार को बचाव दल को हेलीकॉप्टर मिला जिसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई।

## हज यात्रा के लिए 365 डॉक्टर नियुक्त

**नयी दिल्ली।** देश में एक लाख 75 हजार 25 हज यात्रियों की चिकित्सा देखभाल के लिए 356 डॉक्टर और चिकित्साकर्मी नियुक्त किए गए हैं और लगभग दो लाख ओपीडी आयोजित की गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को कहा कि 1,75,025 लोगों ने इस वर्ष भारत से हज यात्रा की, जिनमें से लगभग 40,000 बुजुर्ग हैं जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक थी। । इस वर्ष सउदी अरब की खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के कारण हज यात्रियों के लिए 24 घंटे सेवाओं की आवश्यकता हो गई है।

## होने वाले दामाद जहीर से मिले शत्रुघ्न सिन्हा



**मुंबई ।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल दो दिन बाद यानी 23 जून को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। ऐसे में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इन सब के बीच खबरें थी कि एक्ट्रेस के पापा, अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा इस शादी से खुश नहीं हैं और वो शादी में शामिल नहीं होंगे। इन सभी अफवाहों पर शत्रुघ्न सिन्हा ने विराम लगा दिया है। गुरुवार शाम को शत्रुघ्न सिन्हा और उनके होने वाले दामाद जहीर इकबाल को पहली बार एक साथ देखा गया। इस दौरान उन्होंने फोटोग्राफरों को कई पोज भी दिए।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उप्र के मथुरा में सैनिकों के साथ किया योगा, कहा

# सभी भारतीय सैनिक योगी

**एजेंसी**

▶▶ भारत की इस महान सांस्कृतिक विरासत को उत्साह के साथ स्वीकार कर अपना रही दुनिया

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में 1 कोर में सैनिकों के साथ विभिन्न आसन और श्वास अभ्यास करके 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने में सशस्त्र बलों का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और 1 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा के साथ वरिष्ठ अधिकारियों, अग्निवीरों, परिवारों और बच्चों सहित 600 लोग शामिल हुए। रक्षा मंत्री ने इस दिन को राष्ट्र के लिए गर्व बताते हुए कहा कि दुनिया भारत की इस महान सांस्कृतिक विरासत को उत्साह के साथ स्वीकार करके अपना रही है। इस वर्ष के योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग पर राजनाथ सिंह ने कहा कि योग और ध्यान हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं, जो हमेशा सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की भावना रखती है। यानी हम सभी की खुशी और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करते हैं। हम विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। यह हमारी सभ्यता की विशेषता है। हम सभ्यताओं के टकराव के बजाय सहयोग में विश्वास करते हैं। इस सदियों पुरानी प्रथा के लाभों पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि योग शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक शांति और आध्यात्मिक कल्याण को मजबूत करता है। यह आक्रामक क्षमताओं को संभालने में मदद करता है, जो देश की सुरक्षा के लिए सैनिकों के लिए महत्वपूर्ण है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हर भारतीय सैनिक एक तरह से योगी है। दुनिया ने कई बार हमारे सैनिकों की शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती देखी है। न केवल सीमाओं पर, बल्कि राष्ट्रीय आपदाओं के दौरान राष्ट्र के लिए उनकी सेवा उनके मजबूत शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का प्रमाण है। जिस तरह से वे विपरीत परिस्थितियों में अनावश्यक आक्रामकता से बचते हैं और जब भी जरूरत होती है देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए आक्रामक रूप से खड़े होते हैं, वह एक योगी की उनकी पहचान को पुख्ता करता है। उन्होंने सैनिकों से प्रतिदिन योग करने का आह्वान किया, क्योंकि यह शरीर और मन को जोड़ता है और आध्यात्मिक चेतना प्राप्त करने में मदद करता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सुख-सुविधाओं से भरपूर विभिन्न संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद लोग दुखी हैं, तनाव के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक दबाव से भी जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज लोग अपने परिवार से अलग होने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे हैं। अदालतों में पारिवारिक विवादों के कई मामले लंबित हैं। सोशल मीडिया युवाओं में मानसिक दबाव और आत्म-संदेह पैदा कर रहा है, जिससे चिंता और अवसाद बढ़ रहा है। नवीनतम सुविधाएं आवश्यक हैं क्योंकि वे आर्थिक विकास का हिस्सा हैं, लेकिन वे शारीरिक गतिविधियों को सीमित कर रही हैं और डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और मोटापे जैसी समस्याओं को बढ़ा रही हैं। इन समस्याओं से योग से निपटा जा सकता है।

## सियाचिन की बर्फीली चोटियों पर जवानों ने किया योग



**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना ने शुक्रवार को सियाचिन ग्लेशियर की बर्फीली चोटियों से लेकर कन्याकुमारी के तटीय क्षेत्रों और अंडमान निकोबार के अपतटीय द्वीपों पर योग दिवस मनाया। पश्चिम में लोंगेवाला (राजस्थान) और कच्छ (गुजरात) से लेकर पूर्व में किबिथू (अरुणाचल प्रदेश) और इंफाल (मणिपुर) के पहाड़ी इलाकों में तैनात सैनिकों ने भी योग किया।

इन कार्यक्रमों में विभिन्न स्थानों पर सेवारत कर्मियों, उनके परिवारों, बच्चों, एनसीसी कैडेटों और आम नागरिकों की भी भागीदारी देखी गई। भारत के अलावा दुनिया भर में संयुक्त राष्ट्र मिशनों में तैनात सभी भारतीय सेना की टुकड़ियों ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। स्थानीय लोगों ने इस उत्सव में भारी संख्या में भाग लिया। आर्मी पैरालंपिक नोड में सेना के पैरा एथलीट, आर्मी बॉयज, गर्ल्स स्पोर्ट्स कंपनी के कैडेट्स ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में बहुत जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।


रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम द्वीप के सबसे दक्षिणी छोर धनुषकोडी में किया योगाभ्यास।



प्रेस सूचना ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया योगाभ्यास।

## असम में बाढ़ से अब तक 36 लोगों की मौत

**गुहावाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति शुक्रवार को भी गंभीर बनी है और प्रमुख नदियों में पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान से राज्य में जान गंवाने वालों की संख्या 36 तक पहुंच गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि बाढ़ से विभिन्न जिलों के चार लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। गुरुवार की शाम तक की खबरों के अनुसार, राज्य की कोपिली, बराक और कुशियारा जैसी कुछ प्रमुख नदियां खतरे के निशान से उपर बह रहीं हैं। अधिकारियों ने बताया कि 19 जिलों बालाजी, बक्सा, बारपेटा, बिस्वनाथ, कछार, दरांग, गोलपाड़ा, हैलाकांडी, होजाई, कामरूप, करीमगंज, कोकराझार, लखीमपुर, नागांव, नलबाड़ी, सोनितपुर, दक्षिण सलमारा, तामुलपुर और उदलगुरी में चार लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आई है।

## अधीर रंजन चौधरी ने बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष से दिया इस्तीफा



**कोलकाता ।** लोकसभा चुनाव में मुर्शिदाबाद जिले की बहरामपुर सीट पर पराजय झेलने के बाद दिग्गज कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष पद से शुक्रवार को इस्तीफा दिया। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बंगाल में केवल एक सीट पर विजय हासिल हुई है। अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर लोकसभा सीट से पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल उम्मीदवार युसूफ पठान ने हरा दिया था। कांग्रेस की शर्मनाक हार के बाद से अधीर रंजन चौधरी की भूमिका पर सवाल उठने लगे थे। लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक बुलाई गयी है। उसके पहले ही चौधरी ने इस्तीफा दे दिया है। उल्लेखनीय कि अधीर रंजन पांच बार बहरामपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद चुने गये थे। इस लोकसभा चुनाव में हार के बाद उन्होंने कहा था कि वह नहीं जानते कि उनका राजनीतिक भविष्य कैसा होगा। उन्होंने कहा था कि मुझे अभी तक अपने नेताओं की ओर से कोई फोन नहीं आया है। अधीर ने ये भी कहा था कि जब राहुल गांधी की पूरब-पश्चिम भारत जोड़ो यात्रा मुर्शिदाबाद पहुंची तो हमने उसमें हिस्सा लिया। हमारे पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बार मालदा में प्रचार किया लेकिन बहरामपुर कभी नहीं आए। इस्तीफे के बाद कांग्रेस नेता ने कहा है कि तृणमूल ने जिस तरह से कांग्रेस पर अटैक किया, उसको देखते हुए मेरे लिए जरूरी था कि जवाब दूं।

## केजरीवाल की रिहाई पर हाईकोर्ट की रोक



**नयी दिल्ली।** हाईकोर्ट ने शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने की विशेष अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की एकल पीठ ने ईडी की ओर से निचली अदालत के केजरीवाल को जमानत देने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू, जबकि मुख्यमंत्री का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी ने रखा।

## बंगाल : कोयला तस्करी मामले में ईसीएल के दो अधिकारी गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोयला तस्करी की जांच के सिलसिले में सीबीआई ने गुरुवार को ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (ईसीएल) के दो अधिकारियों को केंद्रीय एजेंसी ने गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को केंद्रीय एजेंसी की टीम गिरफ्तार दोनों लोगों को लेकर निजाम पैलेस से आसनसोल स्थित विशेष सीबीआई अदालत के लिए रवाना हुई है। ईसीएल काजोरा क्षेत्र के जीएम (आईईडी) नरेश चंद्र साहा और पेशे से सिविल कॉन्ट्रैक्टर अश्विनी कुमार यादव को कोलकाता के निजाम पैलेस स्थित सीबीआई कार्यालय में पूछताछ के लिये बुलाया गया था। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक इनसे देर रात तक पूछताछ हुई और बयानों में विसंगतियों के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार को गिरफ्तार लोगों को लेकर खुद सीबीआई के एसपी उमेश कुमार कोर्ट पहुंचे हैं। इन्हें हिरासत में लेने की अर्जी लगाई गई है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक इन दोनों को कोयला तस्करी मामले में संलिप्तता के चलते गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक ईसीएल अधिकारी पर कोयला मामले के आरोपितों में से एक अनूप मांझी उर्फ लाला से पैसे लेने का आरोप है। इसके अलावा आरोप है कि सिविल ठेकेदार अवैध कोयला सिंडिकेट की आपूर्ति कर रहा था। इसीलिए केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार किया है। कोयला तस्करी मामले में तीन जुलाई को आसनसोल सीबीआई कोर्ट में अंतिम आरोप गठित किया जाएगा। जांच में अब तक चार्जशीट में नामित 34 लोगों में से इन दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## उद्योगपति झुनझुनवाला के कई ठिकानों पर इडी की रेड

वाराणसी। इडी ने उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला के जौनपुर और वाराणसी के नाटी ईमली स्थित आवास एवं अन्य व्यावसायिक ठिकानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। इस दौरान किसी को भी आवास एवं प्रतिष्ठानों में आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई। ईडी के अधिकारियों ने कई घंटों तक विभिन्न दस्तावेज, कम्प्यूटर और लैपटाप को खंगाला। छापेमारी में स्थानीय पुलिस का सहयोग नहीं लिया गया। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने यह कार्रवाई बैंक लोन धोखाधड़ी के मामले में की है। छापेमारी में झुनझुनवाला परिवार और उनके व्यवसाय प्रबंधन से जुड़े लोगों के मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी टीम ने अपने कब्जे में ले लिया। झुनझुनवाला के वाराणसी स्थित आवास पर 15 से अधिक अधिकारियों की टीम ने बैंक लोन से जुड़ी फाइलों और कंपनी की संपत्तियों के ब्यौरा को भी देखा।

### राजकोट गेमजोन अग्निकांडः एसआइटी ने सरकार को सौंपी 100 पन्नों की जांच रिपोर्ट

# मनपा, पुलिस और मार्ग-मकान विभाग जिम्मेदार

**एजेंसी**

**25 मई को टीआरपी गेम जोन में आग से 27 लोगों की हुयी थी मौत**

**अहमदाबाद।** राजकोट शहर में 25 मई को हुए टीआरपी गेम जोन अग्निकांड की जांच रिपोर्ट स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने शुक्रवार को राज्य सरकार को सौंप दी है। रिपोर्ट में चार सरकारी विभागों की लापरवाही का उल्लेख किया गया है। साथ ही गेम जोन में कई बड़ी लापरवाही बरतने का भी जिक्र है। राज्य सरकार ने गेम जोन अग्निकांड की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। 3 जून को गठित एसआईटी ने अग्निकांड की प्राथमिक रिपोर्ट 72 घंटे और फाइनल रिपोर्ट 672 घंटे में सौंपी है। राजकोट टीआरपी गेम जोन अग्निकांड में 27 लोगों की मौत हो गई थी। शवों की हालत इतनी खराब थी कि सभी 27 शवों का पता लगाने के लिए डीएनए टेस्ट किया गया। इसके बाद शवों को परिजनों को सौंपा जा सका। राज्य सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर अब जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज गिरने की आशंका है। उच्चाधिकारियों की भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही है। एसआईटी की रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं।

एसआईटी के अध्यक्ष सुभाष त्रिवेदी की रिपोर्ट में यह निष्कर्ष दिया गया है कि टीआरपी गेम जोन अग्निकांड के लिए राजकोट महानगर पालिका (मनपा), पुलिस विभाग और मार्ग और मकान विभाग के अधिकारी जिम्मेदार हैं। तीनों विभाग की संयुक्त लापरवाही और मिलीभगत से यह दुर्घटना हुई। टीआरपी गेम जोन के मालिक-संचालक इसके सबसे बड़े गुनाहगार हैं।



रिपोर्ट में बताया गया है कि राजकोट महानगर पालिका के टाउन प्लानिंग विभाग और फायर विभाग ने 3 साल से चल रहे अवैध गेम जोनिंग के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। गेमिंग जोन के लिए पक्के निर्माण होने के 3 साल बीतने के बाद भी विभागों ने आंखें मूंदे रखी। आवासीय उद्देश्य के लिए आवंटित जमीन पर व्यवसायिक गतिविधियां धड़ल्ले से चलाई जाती रहीं, जिसे रोकने का प्रयत्न नहीं किए गए। मनपा के टाउन प्लानिंग ऑफिसर और इंजीनियर ने अवैध बिल्डिंग को अस्थाई निर्माण के वर्ग में डालकर गंभीर लापरवाही बरती। इसके अलावा फायर विभाग के अधिकारियों ने एक बार भी स्थल की विजिट नहीं की। फायर विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण 27 लोगों की मौत हुई। एसआईटी की रिपोर्ट में मुख्यरूप से 3 विभागों की गैर जिम्मेदाराना रवैये को अलग-अलग उल्लेखित किया गया है। इसमें मार्ग और मकान विभाग के अधिकारियों के गेमिंग जोन स्थल पर जांच नहीं करने का उल्लेख है।

## शेयर बाजार की तेजी थमी सेंसेक्स 269 अंक लुढ़का

**मुंबई ।** ब्याज की ऊंची दर को झेलने के लिए दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका मजबूत है या नहीं, का पता लगाने के लिए कराये जा रह कारोबार सर्वे की रिपोर्ट जारी होने से पहले विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स और तेल एवं गैस समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार चार दिन बाद गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 269.0 अंक लुढ़ककर 77,209.90 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 65.90 अंक टूटकर 23,501.10 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.26 प्रतिशत फिसलकर 45,967.07 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत बढ़कर 51,936.53 अंक हो गया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!